हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • बुधवार • 24.06.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 327 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 4 रुपये
RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

## दिशोम गुरु शिबू सोरेन को मरणोपरांत पद्म भूषण
# पत्नी रूपी सोरेन ने ग्रहण किया सम्मान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड आंदोलन के पुरोधा, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक और आदिवासी समाज की आवाज रहे शिबू सोरेन को मरणोपरांत देश के तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति ने यह सम्मान प्रदान किया।
दिवंगत शिबू सोरेन की ओर से उनकी पत्नी रूपी सोरेन ने राष्ट्रपति से पद्म भूषण सम्मान ग्रहण किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति भवन में कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।
शिबू सोरेन, जिन्हें आदरपूर्वक दिशोम गुरु कहा जाता था, ने झारखंड राज्य आंदोलन को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने आदिवासी, दलित और वंचित समाज के अधिकारों के लिए लंबे समय तक संघर्ष किया और अलग झारखंड राज्य के गठन की लड़ाई का नेतृत्व किया।
झारखंड की राजनीति में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। वे कई बार केंद्रीय मंत्री और झारखंड के मुख्यमंत्री भी रहे। उनके नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा राज्य की प्रमुख राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित हुआ।
दिशोम गुरु को मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित किया जाना झारखंड के लिए गौरव का विषय माना जा रहा है। उनके समर्थकों और झामुमो कार्यकर्ताओं ने इसे उनके लंबे संघर्ष, सामाजिक योगदान और जनसेवा का राष्ट्रीय सम्मान बताया है।

### मिताली घोष को एमटीएफ लीजेंडरी सिंगर सम्मान

झारखंड की प्रसिद्ध गायिका मिताली घोष को एमटीएफ झारखंड–बिहार 2026 लीजेंडरी सिंगर सम्मान से सम्मानित किया गया है। संगीत के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान और झारखंड–बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें यह प्रतिष्ठित अवॉर्ड प्रदान किया गया। मिताली घोष ने अपने गायन और संगीत साधना के माध्यम से क्षेत्रीय संगीत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी कला ने न केवल लोक और सांस्कृतिक संगीत को नई पहचान दिलाई है, बल्कि नई पीढ़ी के कलाकारों को भी प्रेरित किया है।

### ममूटी, अलका याज्ञनिक और आर. माधवन को पद्म सम्मान

राष्ट्रपति भवन में मंगलवार को आयोजित पद्म पुरस्कार समारोह में सिनेमा और संगीत जगत की कई प्रतिष्ठित हस्तियों को सम्मानित किया गया।
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल पद्म पुरस्कार प्रदान किए। मलयालम सिनेमा के दिग्गज अभिनेता ममूटी को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। सम्मान ग्रहण करने से पहले उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिवादन किया। इस अवसर पर उनके पुत्र और अभिनेता दुलकर सलमान भी मौजूद रहे। ममूटी पांच दशक से अधिक समय से फिल्म जगत में सक्रिय हैं और 400 से अधिक फिल्मों में अभिनय कर चुके हैं। प्रसिद्ध पार्श्व गायिका अलका याज्ञनिक को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। गुलाबी रंग के परिधान में नजर आईं अलका याज्ञनिक लंबे समय से संगीत जगत में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए हुए हैं। हाल के वर्षों में वह न्यूरोलॉजिकल बीमारी से जूझ रही हैं, जिससे उनकी सुनने की क्षमता प्रभावित हुई है। अभिनेता आर. माधवन को सिनेमा जगत में उनके योगदान के लिए पद्म श्री से सम्मानित किया गया। उन्होंने सम्मान ग्रहण करने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हाथ मिलाया। आर. माधवन हिंदी, तमिल और अन्य भाषाओं की 75 से अधिक फिल्मों में अभिनय कर चुके हैं और अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए जाने जाते हैं। रंगमंच और सिनेमा के वरिष्ठ कलाकार अनिल कुमार रस्तोगी को पद्म श्री से सम्मानित किया गया। उन्होंने 100 से अधिक नाटकों की लगभग 1000 प्रस्तुतियां दी हैं और 75 से अधिक फीचर फिल्मों में अभिनय किया है।

## भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता को चीन का समर्थन
## डोभाल-वांग यी मुलाकात में सहयोग पर जोर

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** ब्रिक्स देशों की राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) बैठक के दौरान चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने भारत की आगामी ब्रिक्स अध्यक्षता को खुला समर्थन देने की घोषणा की है। नई दिल्ली में आयोजित बैठक के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात कर भारत-चीन संबंधों और वैश्विक सहयोग पर विस्तार से चर्चा की।
वांग यी ने कहा कि चीन और भारत दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं हैं। ऐसे में दोनों देशों को केवल द्विपक्षीय दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भी सहयोग को आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच बेहतर संवाद और साझेदारी वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) की आवाज को और मजबूत कर सकती है।




चीन के विदेश मंत्री ने सीमा से जुड़े मुद्दों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों को अपने मतभेदों को सावधानी और जिम्मेदारी के साथ संभालना चाहिए। संवेदनशील विषयों को उचित तरीके से हल करते हुए यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सीमा विवाद द्विपक्षीय संबंधों की समग्र प्रगति को प्रभावित न करे।

### टीएमसी में बगावत तेज : आठ वरिष्ठ नेता पार्टी से निष्कासित

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में जारी अंदरूनी कलह अब खुलकर सामने आ गई है। पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी ने बागी तेवर अपनाने वाले आठ वरिष्ठ नेताओं को पार्टी से निष्कासित कर दिया है।
निष्कासित नेताओं में फिरहाद हकीम, अरूप रॉय, अरूप बिस्वास, जावेद अहमद खान, रथिन घोष, बिप्लब मित्रा, सबीना यास्मीन और स्नेहाशीष चक्रवर्ती शामिल हैं। टीएमसी में यह कार्रवाई ऐसे समय हुई है जब विपक्ष के नेता ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट ने खुद को असली तृणमूल कांग्रेस बताते हुए अलग संगठनात्मक ढांचे की घोषणा की थी। बागी गुट ने एक विशेष बैठक में अरूप रॉय को पार्टी अध्यक्ष, फिरहाद हकीम और अरूप बिस्वास को उपाध्यक्ष बनाने का एलान किया था। इसके साथ ही 30 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी के गठन की भी घोषणा की गई थी।

### राम मंदिर चढ़ावा विवाद : प्रारंभिक रिपोर्ट में कई अधिकारी-कर्मचारी घेरे में

**अयोध्या :** अयोध्या स्थित राम मंदिर में चढ़ावा और दान राशि के कथित गड़बड़ी मामले की जांच कर रही विशेष जांच दल (एसआईटी) ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट उत्तर प्रदेश सरकार को सौंप दी है। रिपोर्ट में मंदिर ट्रस्ट से जुड़े कई अधिकारी और कर्मचारी प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए हैं। सूत्रों के अनुसार एसआईटी ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की सिफारिश भी की है। लखनऊ मंडलायुक्त और एसआईटी अध्यक्ष विजय विश्वास पंत ने मंगलवार को अपनी टीम के अन्य सदस्यों के साथ अपर मुख्य सचिव (गृह) संजय प्रसाद को रिपोर्ट सौंपी। बताया जा रहा है कि रिपोर्ट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी प्रस्तुत की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक जांच में केवल निचले स्तर के कर्मचारियों ही नहीं, बल्कि कुछ वरिष्ठ पदाधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठाए गए हैं। हालांकि रिपोर्ट के सभी बिंदुओं को अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने 13 जून को राम मंदिर ट्रस्ट के वित्तीय प्रबंधन और दान राशि से जुड़े आरोपों की जांच के लिए तीन सदस्यीय एसआईटी का गठन किया था।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND
झारखण्ड 25 अनंत संभावनाओं की ओर
स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी एवं
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड के अंतर्गत संविदा आधारित चयनित
विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी, सीनियर हॉस्पिटल
मैनेजर एवं फाइनेंस मैनेजर का
नियुक्ति पत्र वितरण समारोह
मुख्य अतिथि
श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड
गरिमामयी उपस्थिति
डॉ० इरफान अंसारी
माननीय मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, सह खाद्य, सार्वजनिक
वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, सह आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड
24 जून, 2026
पूर्वाह्न 11:30 बजे से
प्रोजेक्ट भवन, सभागार, धुर्वा, राँची

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड
PR- 383026 (Health Med Edu and Family Welfare) 26-27

## एक नजर

### जेएलकेएम के जिला सचिव बने सरजू महतो कमेटी ने दी बधाई

**बड़कागांव :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) द्वारा सरजू महतो को हजारीबाग के जिला सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपे जाने पर बड़कागांव प्रखंड कमेटी ने खुशी जाहिर की है। प्रखंड कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने सरजू महतो को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। प्रखंड कमेटी के सदस्यों ने कहा कि सरजू महतो लंबे समय से संगठन के प्रति समर्पित होकर कार्य करते रहे हैं। उनकी संगठनात्मक क्षमता, संघर्षशील व्यक्तित्व एवं जनहित के मुद्दों पर सक्रिय भूमिका को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें जिला सचिव की जिम्मेदारी सौंपी है। इससे संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा जिले में पार्टी का जनाधार बढ़ेगा। बड़कागांव प्रखंड कमेटी ने विश्वास व्यक्त किया कि सरजू महतो अपने नए दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए संगठन की नीतियों एवं सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। साथ ही क्षेत्र के विकास, युवाओं, किसानों, मजदूरों एवं आम जनता की समस्याओं को मजबूती से उठाने का काम करेंगे। इस अवसर पर पूरे बड़कागांव प्रखंड कमेटी की ओर से सरजू महतो को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की गई।

### ब्लड डोनेशन कैंप में 13 लोगों ने किया रक्तदान

**बड़कागांव :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़कागांव में हजारीबाग उपायुक्त हेमंत सती एवं सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार के निदेर्शानुसार बड़कागांव में रक्तदान महा अभियान का शिविर लगाया गया। जिसकी अध्यक्षता डॉक्टर अविनाश कुमार प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के अध्यक्षता में की गई इस शिविर में कुल तेरह यूनिट रक्तदान किया गया जिसमें डॉक्टर अविनाश कुमार, पत्रकार दीपक सिन्हा, प्रमोद कुमार, गांधौरी कुमार, अमर राय, सरवन कुमार कपिल देव सिंह, सुमित कुमार मिश्रा, शुभम पांडे, अभिनव कुमार, दयानंद कुमार, बैजनाथ साव,मृत्युंजय सिंह के द्वारा रक्तदान किया गया शिविर में जो भी रक्तदान किया गया। उन सभी को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग के द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया। यह ब्लड गरीब, असहाय, जरूरत मंद लोगों को जरूरत पड़ने पर मेडिकल कॉलेज हजारीबाग से दिया जा सकेगा इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पत्रकार दीपक सिन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से आशीष कुमार, नंदलाल कुमार, तरुण कुमार शर्मा, मृत्युंजय सिंह, विश्वजीत कुमार, मनोज कुमार एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी एवं शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के स्वास्थ्य कर्मी का संपूर्ण योगदान रहा।

### सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग की मौत, पुलिस ने क्षत-विक्षत शव किया बरामद

**बरही :** बरही पुलिस ने हजारीबाग रोड बाराटांड़ के पास एक बुजुर्ग का क्षत विक्षत शव बरामद किया। ग्रामीणों की मदद से शव को बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। शव की पहचान बरही प्रखंड अंतर्गत बरही पूर्वी पंचायत के बाराटांड़ निवासी उत्तम रविदास उम्र 65 वर्ष के रूप में हुई है। बरही थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया है। घटना की सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद पता चला कि सड़क किनारे बैठे बुजुर्ग उत्तम रविदास को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना रात के 12 बजकर 10 मिनट की है। जब सुबह लोगों ने उनका क्षत विक्षत शव सड़क पर देखा, तब लोगों ने बरही प्रशासन को इस बात की जानकारी दी। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से शव को पोस्टमार्टम के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां से पोस्टमार्टम के बाद शव को उनके परिजनों को सौंप दिया गया।

# मुहर्रम को लेकर कटकमसांडी में शांति समिति की हुई बैठक, सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील



### मुहर्रम को लेकर बड़कागांव पुलिस अलर्ट, थाना प्रभारी के नेतृत्व में हुआ मॉक ड्रिल

**बड़कागांव :** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, संपन्न कराने के उद्देश्य से बड़कागांव पुलिस प्रशासन द्वारा बड़कागांव में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों ने सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों का प्रदर्शन किया तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने की अपनी क्षमता का परिचय दिया।मॉक ड्रिल के माध्यम से पुलिस बल ने दंगा नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन, संवेदनशील परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के विभिन्न पहलुओं का अभ्यास किया। जवानों ने आधुनिक सुरक्षा उपकरणों के साथ संभावित उपद्रवियों पर नियंत्रण पाने और आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के तरीकों का प्रदर्शन किया। थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि मुहर्रम जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक अवसर पर शांति एवं भाईचारे का माहौल बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं पारंपरिक गरिमा के अनुरूप संपन्न कराने के उद्देश्य से कटकमसांडी थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निदेर्शानुसार आयोजित की गई, जिसमें प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र के अखाड़ा लाइसेंसधारियों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ विस्तार से विचार-विमर्श किया। बैठक में पुलिस निरीक्षक पेलावल अंचल, अंचलाधिकारी कटकमसांडी, प्रखंड विकास पदाधिकारी कटकमसांडी तथा थाना प्रभारी कटकमसांडी उपस्थित रहे। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न अखाड़ों के लाइसेंसधारियों, मुखिया, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। बैठक में अधिकारियों ने मुहर्रम जुलूस के निर्धारित मार्ग, समय-सारणी, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। उपस्थित लोगों से अपील की गई कि वे पर्व को आपसी भाईचारे, सामाजिक समरसता और धार्मिक आस्था के साथ मनाते हुए प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों का पूर्णतः पालन करें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना अथवा असामाजिक गतिविधियों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया पर जिम्मेदारीपूर्वक व्यवहार करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। बैठक के अंत में सभी अखाड़ा लाइसेंसधारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए मुहर्रम पर्व को शांति, सौहार्द और भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने का संकल्प व्यक्त किया। प्रशासन ने विश्वास जताया कि क्षेत्र की जनता के सहयोग से कटकमसांडी में मुहर्रम का पर्व परंपरागत उत्साह और शांतिपूर्ण वातावरण के साथ मनाया जाएगा।

## हजारीबाग कोर्ट ने मई में 17 कांडों में 49 दोषियों को सुनाई सजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग पुलिस के सार्थक प्रयास और पैरवी के बाद माननीय न्यायालय हजारीबाग ने मई 2026 में 17 अलग-अलग कांडों में कुल 49 अभियुक्तों को सजा सुनाई है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में इसकी जानकारी दी गई।

**किन कांडों में कितनी सजा:**
1. हत्या का मामला: विष्णुगढ़ थाना कांड संख्या 27/10 में 3 अभियुक्तों को हत्या के आरोप में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। 2. मुफस्सिल थाना केस: मुफस्सिल थाना कांड संख्या 132/19 में 1 अभियुक्त को 10 साल की सजा के साथ 1 लाख रुपये जुमार्ना लगाया गया। 3. पोक्सो एक्ट: नाबालिग से दुष्कर्म के पोक्सो कांड में 3 अभियुक्तों को 10-10 साल की सजा सुनाई गई। 4. रेप कांड: दुष्कर्म के एक मामले में 1 अभियुक्त को 7 साल की सजा हुई। 5. दहेज उत्पीड़न: दहेज के 4 मामलों में कुल 8 लोगों को सजा सुनाई गई। इसमें 3 लोगों को 3 साल और 5 लोगों को 2 साल की सजा हुई। 6. अन्य मामले: शेष 33 अभियुक्तों को चोरी, मारपीट सहित अन्य मामलों में सजा सुनाई गई।

पुलिस की सख्त पैरवी रंग लाई पुलिस अधीक्षक हजारीबाग ने कहा कि कोर्ट में साक्ष्य और गवाहों की मजबूत पैरवी की वजह से सजा संभव हो पाई। पुलिस की मंशा है कि अपराधियों को जल्द से जल्द सजा मिले ताकि समाज में कानून का भय और पीड़ितों को न्याय मिले। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत 112 या नजदीकी थाना को दें।

## मुहर्रम के खलीफाओं का भव्य सम्मान, सरफराज अहमद ने पगड़ी और लाठी भेंट कर बढ़ाया मान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** आगामी मुहर्रम पर्व को लेकर मंगलवार को खिरगांव स्थित रॉयल बैंक्वेट में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन हजारीबाग के उपविजेता महापौर सरफराज अहमद एवं उनकी टीम की ओर से किया गया, जिसमें शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के खलीफाओं, अखाड़ा धारियों तथा मोहर्रम कमेटियों के प्रतिनिधियों का पारंपरिक पगड़ी, माला और लाठी भेंट कर सम्मान किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में अखाड़ा धारियों और सामाजिक कार्यकताओं की उपस्थिति रही। इस अवसर पर सरफराज अहमद ने कहा कि मोहर्रम केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि त्याग, कुबार्नी, इंसानियत और आपसी भाईचारे का संदेश देने वाला पर्व है। उन्होंने कहा कि समाज में शांति, सौहार्द और एकता बनाए रखने में खलीफाओं और अखाड़ा धारियों की भूमिका हमेशा महत्वपूर्ण रही है। कार्यक्रम के दौरान छड़वा मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष नौशाद खान उर्फ डिस्को, सचिव बाबर अंसारी सहित अन्य पदाधिकारियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। वहीं शहर और ग्रामीण इलाकों के करीब 40 अखाड़ा धारियों को एक-एक दर्जन लाठियां भेंट कर उनके योगदान का सम्मान किया गया। सम्मानित होने वालों में बालियंद, गदोखर, पेलावल, रोमी, पगमिल, हाशमिया कॉलोनी, लोहसिंघना, मंडई, कोलघाट्टी, नूरा, अमृत नगर, लाखे, मटवारी, बाबूगांव, सरदार रोड, चिश्तिया मोहल्ला, कुरैशी मोहल्ला, बूचर टोली, लेपो रोड, काजी मोहल्ला, खिरगांव अंसारी रोड, खान रोड, हबीबी नगर, खिरगांव इमामबाड़ा, कूद, दामोडीह, डेंगुरा, मसरातू, पसई, सुल्ताना, रसूलीगंज, बंहा, हरहद, बड़ा बाजार, गौस नगर और लालपुर चौक समेत अनेक क्षेत्रों के खलीफा एवं अखाड़ा प्रतिनिधि शामिल रहे।

## 'एक पेड़ मां के नाम' एनटीपीसी के वरीय प्रबंधक ने लगाया पौधा, हरियाली का दिया संदेश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड द्वारा 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनटीपीसी के सीनियर मैनेजर कमला राम रजक ने एक नन्ही बच्ची और बड़ी संख्या में उपस्थित महिला-पुरुषों के साथ मिलकर पौधा लगाया। इस दौरान ग्रामीणों को फलदार पौधों का वितरण भी किया गया। रजक ने कहा कि माँ के नाम एक पेड़ लगाना धरती माँ के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। यह अभियान सिर्फ पौधे लगाने का नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ हवा और हरा-भरा पर्यावरण देने का संकल्प है। कार्यक्रम में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने उत्साह से भाग लिया। एक नन्ही बच्ची के हाथों पौधा लगाकर यह संदेश दिया गया कि पर्यावरण बचाने की शुरूआत घर से ही होती है। पर्यावरण और सीएसआर विभाग के सहयोग से चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य विस्थापितों और ग्रामीणों को पर्यावरण से जोड़ना है। स्थानीय लोगों ने एनटीपीसी की इस पहल की सराहना की।

## नशा मुक्ति अभियान के तहत ग्रामीणों को किया गया जागरूक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे राज्यव्यापी नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के अंतर्गत 20 जून 2026 को डाड़ी प्रखंड के बांसकुदरा पंचायत में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहायिकाओं एवं ग्रामीण महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान उपस्थित लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया तथा नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प दिलाया गया। जागरूकता रैली एवं शपथ कार्यक्रम के माध्यम से लोगों से नशे से दूर रहने और अपने परिवार व समाज को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की गई। कार्यक्रम में कुल 10 पंचायतों, 63 आंगनबाड़ी केंद्रों तथा 756 प्रतिभागियों की सहभागिता रही। उपस्थित सभी लोगों ने नशा छोड़कर स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवन अपनाने का संदेश दिया।

# विद्यार्थी नशाखोरी से दूर रहे, समाज और राष्ट्र को भी इससे बचाएं : प्रो चंद्र भूषण शर्मा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग में मंगलवार को दवा के दुरुपयोग तथा नशा निषेध जागरूकता अभियान के अगले चक्र का उद्घाटन किया गया। ज्ञात हो कि दूसरे चक्र के इस अभियान को पूरे एक वर्ष तक संचालित करना है। विश्वविद्यालय मुख्यालय के विनोदिनी पार्क में अभियान का उद्घाटन करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा ने बड़ी संख्या में उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, ₹नशा से दूर रहने का निर्णय आपको ही लेना है। आप तय करें कि अपने जीवन को नष्ट नहीं होने देंगे। यदि आप ने सही निर्णय लिया, आप अवश्य सफल होंगे। यह कहते हुए कि आप विद्यार्थियों की सफलता में हम सब की सफलता निहित है, उन्होंने सबसे पूछा क्या आप नहीं चाहते कि हम भी सफल कहलाए? इस पर विद्यार्थियों ने एक स्वर में कहा जी सर। कुलपति ने विद्यार्थियों से आगे कहा कि आप स्वस्थ रहे, सक्रिय बने रहे और अभी के जैसा भविष्य में भी मादक पदार्थ से अपने को दूर रखें। इस संबंध में उन्होंने विद्यार्थियों को अपने परिवार, समाज और राष्ट्र को नशा मुक्त रखने के प्रति दायित्व से भी परिचित कराया। विद्यार्थियों की ओर हाथ करके उन्होंने कहा, यह विश्वविद्यालय आप सबका है। आप लक्ष्य निर्धारित कीजिए। तय करें कि आपकी जरूरतें क्या है। हम सब मिलकर उसे अवश्य पूरा करेंगे। उन्होंने शिक्षकों की ओर इशारा करके बताया कि यह सारे शिक्षक बड़ी जिम्मेदारी से विद्यार्थियों को गढ़ने में अपना पूरा जीवन समर्पित कर रहे हैं। इससे पूर्व विनोदिनी पार्क पहुंचने पर नशा-निषेध अभियान के नोडल विभाग के अध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने कुलपति का स्वागत पुष्प गुच्छ अर्पित कर किया। कुलपति ने मंच से पूरे विनोदिनी पार्क में फैले हुए विभिन्न विभाग के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित मानव श्रृंखला का अवलोकन किया। झारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए साहित्य पर आधारित तीन अलग-अलग फ्लेक्स बोर्ड का मौके पर कुलपति ने लोकार्पण किया। इसमें युवाओं के लिए महत्वपूर्ण संदेशों को अर्थपूर्ण चित्रों के माध्यम से दशार्या गया है। अंत में राजनीति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ अशोक राम ने सभी को नशा-निषेध से संबंधित शपथ पाठ कराया। दिन के 12:00 बजे के लगभग खुले आसमान के नीचे चिलचिलाती धूप में लगभग हजारों की संख्या में विद्यार्थी, शोधार्थी और शिक्षक पूरे उत्साह के साथ अभियान को सफल बनाने के लिए एकजुट दिखे।

## संक्षिप्त खबरें

### या हुसैन की सदाओं से गूंजा चौपारण, सातवीं तारीख पर इमामबाड़ों में हुई फातिहा खानी



**चौपारण :** हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मनाए जाने वाले मुहर्रम को लेकर प्रखंड क्षेत्र में अकीदत और एहतराम का माहौल है। मंगलवार को मुहर्रम की सातवीं तारीख के मौके पर प्रखंड के विभिन्न इमामबाड़ों में फातिहा खानी और नियाज का एहतेमाम किया गया। कड़ी धूप के बावजूद बड़ी तादाद में अकीदतमंद इमामबाड़ों में पहुंचे और पूरी अकीदत के साथ इबादत की तथा निशान खड़े किए। प्रखंड की 26 पंचायतों के इमामबाड़ों में आयोजित फातिहा खानी में नौजवानों के साथ-साथ ख्वातीन, बच्चे और बुजुर्गों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। फातिहा के बाद पूरा इलाका या अली, या अली, या हुसैन, या हुसैन के नारों से गूंज उठा। लोगों ने हजरत इमाम हुसैन के सदके में मुल्क में अमन-ओ-सुकून, खुशहाली, तरक्की, इत्तेहाद और भाईचारे के लिए सामूहिक दुआएं मांगी। इस मौके पर मोहम्मद जब्बार ने बताया कि मुहर्रम की सातवीं तारीख को फातिहा खानी की खास अहमियत होती है। इस दिन लोग अकीदत के साथ मन्नतें मांगते हैं और अल्लाह तआला से अपनी दुआओं की कुबूलियत की फरियाद करते हैं।उन्होंने बताया कि बकरीद का त्योहार खत्म होते ही मुस्लिम मोहल्लों में मुहर्रम की तैयारियां शुरू हो जाती हैं। अखाड़ों के खिलाड़ी जुलूस के दौरान नुमाइशी खेलों के प्रदर्शन के लिए देर रात तक मश्क (अभ्यास) करते रहते हैं। फातिहा खानी के दौरान समाजसेवी गुलबहार अंसारी, मुस्तकीम अंसारी, शकूर मियां, सरफराज अंसारी, शौकत अंसारी, सद्दाम अंसारी, फैजुल अंसारी सहित बड़ी तादाद में ख्वातीन, हजरात और बच्चे मौजूद रहे।

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर 'सुशासन दिवस' का हुआ आयोजन



**बड़कागांव :** लोकप्रिय विधायक रोशन लाल चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति में एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पूर्व मंडल महामन्त्री दिनेश करमाली के आवास पर आयोजित हुआ, जिसकी अध्यक्षता व नेतृत्व मंडल अध्यक्ष विजय यादव जी ने किया तथा मंच का कुशल संचालन मंडल महामन्त्री भागीरथ ठाकुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सबसे पहले 23 जून 'सुशासन दिवस' के अवसर पर महान राष्ट्रवादी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर श्रद्धापूर्वक पुष्प अर्पित कर किया गया। उपस्थित सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने देश के प्रति उनके अतुलनीय योगदान को याद किया। सभा के मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी द्वारा सुशासन दिवस तथा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के '12 साल बेमिसाल' कार्यकाल के उपलक्ष्य में क्षेत्र के प्रबुद्ध वरिष्ठ नागरिकों एवं सेवानिवृत्त लोगों को शॉल ओढ़ाकर तथा माला पहनाकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले प्रबुद्ध जन इस गरिमामयी समारोह में मुख्य रूप से कार्तिक मांझी, सुखू मांझी, विगल साव, रेना मांझी, अर्जुन प्रजापति, सुखदेव मांझी, जगदीश साव, निर्मल साव, धनंजय कुमार, और बाबूलाल मांझी सहित कई अन्य गणमान्य लोगों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में,भागीरथ ठाकुर (मंडल महामन्त्री) ,मेधन यादव, विष्णु गुप्ता, लखन प्रजापति, सुखदेव मांझी, तपेश्वर सिंह, ?चंदन गंझू, अर्जुन प्रजापति,अर्जुन महतो, विनोद प्रजापति, रामलाल बेदिया, कार्तिक उरांव, जगदीश साव, निर्मल साव,त्रिलोकी साव तथा क्षेत्र के कई कार्यकर्ताओंइ और गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया।

### दारू थाना का नशा मुक्ति अभियान, विद्यार्थियों को नशे और मोबाइल की लत से दूर रहने का संदेश



**हजारीबाग :** नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत दारू थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार सिंह ने सोमवार को सरस्वती हाई स्कूल, दारू में छात्र-छात्राओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए इससे दूर रहने की अपील की। थाना प्रभारी ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं बल्कि उसके परिवार, समाज और भविष्य को भी प्रभावित करता है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में मोबाइल फोन का अत्यधिक उपयोग भी एक प्रकार की लत बनता जा रहा है, जिससे बच्चों की पढ़ाई और मानसिक विकास प्रभावित हो रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम और मोबाइल गेम्स जैसी गतिविधियों से अनावश्यक दूरी बनाकर अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह उम्र शिक्षा प्राप्त करने और अपने सपनों को साकार करने की है। यदि छात्र अभी से अपने लक्ष्य पर ध्यान देंगे तो भविष्य में सफलता अवश्य प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने तथा अपने आसपास के लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करने का संदेश दिया गया। विद्यालय परिवार ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया।

### रवि वर्णवाल राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के बरही अनुमंडल सचिव मनोनीत



**बरही :** सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय रवि वर्णवाल को राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन का बरही अनुमंडल सचिव नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। नियुक्ति की घोषणा के बाद एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार, राष्ट्रीय महासचिव संजय सुमन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कपिल केसरी, राष्ट्रीय विधि सचिव आत्मानंद कुमार पाण्डेय, राष्ट्रीय संगठन सचिव राजकुमार यादव, राष्ट्रीय कल्याण सचिव बिपिन बिहारी पाण्डेय प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, प्रदेश संयोजक भरत यादव ने रवि वर्णवाल को बधाई दी और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। प्रदेश स्तर से भी शुभकामनाओं का सिलसिला जारी रहा। प्रदेश सचिव हीरामन साहू, प्रदेश विधि अध्यक्ष डॉ. सुनील दत्त, प्रदेश विधि सचिव रामचंद्र साव, प्रदेश उपाध्यक्ष घनश्याम यादव, प्रदेश सचिव स्वास्थ्य विभाग अवध कुमार पाण्डेय, प्रदेश कोषाध्यक्ष रवि शंकर कुमार, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ब्रह्मदेव यादव, प्रदेश एडवाइजर अशोक यादव, प्रदेश कल्याण सचिव प्रदीप रजक व दिलीप गुप्ता ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## एक नजर

### एसआईआर में किसी पात्र भारतीय नागरिक का नाम नहीं कटेगा : के. रवि कुमार

**रांची :** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान किसी भी पात्र भारतीय नागरिक का नाम मतदाता सूची से नहीं हटाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत, लंबित तथा गैर-भारतीय श्रेणी के मतदाताओं के नाम ही प्रारूप मतदाता सूची में शामिल नहीं किए जाएंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मंगलवार को संथाल परगना प्रमंडल के दो दिवसीय दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने देवघर जिले के मधुपुर तथा दुमका जिले के जरमुंडी प्रखंड में आयोजित बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) और बीएलओ सुपरवाइजरों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षण व्यवस्था का जायजा लेने के साथ बीएलओ का उत्साहवर्धन किया तथा उनकी शंकाओं और जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।

### महिला ने छेड़खानी का लगाया आरोप मामला दर्ज

**रांची :** अनगड़ा थाना क्षेत्र के राजाडेरा की एक महिला ने प्रखंड सचिव अमानुल्ला अंसारी पर छेड़खानी का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार महिला ने आरोप लगाया है कि सोमवार की रात करीब साढ़े सात बजे वह बर्तन धोने अपने घर से बाहर निकली थी इसी दौरान पहले से घात लगाकर बैठे अमानुल्ला ने उसके साथ जोर जबरदस्ती की और छेड़खानी करने लगा। शोर मचाने पर आसपास के लोगों के पहुंचने से पहले अमानुल्ला वहां से भाग खड़ा हुआ। थाना प्रभारी गौतम रजवार ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। इधर आरोपी अमानुल्लाह अंसारी ने आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि एक षड्यंत्र के तहत उनकी छवि को धुमिल करने का प्रयास किया जा रहा है।

### रांची सिटीजन फोरम ने 13 वार्ड पार्षदों को सौंपा ज्ञापन

**रांची :** रांची सिटीजन फोरम के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को अध्यक्ष दीपेश निराला के नेतृत्व में ह्यवार्ड पार्षद मुलाकात कार्यक्रमह्न के तहत 13 वार्ड पार्षदों से मुलाकात कर उन्हें निर्वाचन के लिए बधाई दी। इस दौरान फोरम की ओर से विभिन्न जनसमस्याओं और विकास कार्यों से संबंधित मांगों को लेकर ज्ञापन भी सौंपा गया। मुलाकात के दौरान दीपेश निराला ने बताया कि फोरम अब तक शहर के 38 वार्ड पार्षदों से संवाद स्थापित कर चुका है। जनप्रतिनिधियों के साथ लगातार संपर्क कर क्षेत्रीय समस्याओं को चिन्हित किया जा रहा है, ताकि उनके समाधान के लिए संबंधित स्तर पर पहल की जा सके। फोरम के अनुसार, वार्ड पार्षदों ने बातचीत के दौरान बताया कि फंड की कमी का हवाला देकर कई विकास कार्यों को रोक दिया गया है। इसके कारण वार्डों में विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावित हो रहा है और आम जनता को अपेक्षित सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। पार्षदों ने यह भी बताया कि नगर निकाय चुनाव संपन्न हुए तीन माह से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन अब तक केवल एक बोर्ड बैठक ही आयोजित की गई है। पहली बोर्ड बैठक में प्रत्येक वार्ड में पांच चापाकलों की बोरिंग और 50 स्ट्रीट लाइट लगाने की अनुशंसा की गई थी, किंतु अभी तक इन प्रस्तावों पर अमल नहीं हो सका है।

**AFFIDAVIT**

**I Santosh Kr. Sahay** s/o Late Anil Kishor Sahay, R/o At Sri Ram Sharanam, Road No.4, Near D.P.S. Junior International School, Lajpat Nagar, Pundag, P.S. Jagarnathpur District Ranchi Jharkhand - 834004 Aadhar No. 5592 6835 2259 as I.D. Proof do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows: 1. That I am an Indian citizen by birth. 2. That I am residing at above mentioned address. 3. That previously my son known as Ayush Kumar Son of **Shri Santosh Kumar Sahay** studied in IX 'D' in Lala Lajpat Rai Bal Mandir Senior Secondary School. 4. That now He has changed his name and shall hereafter be known as "**KRISHIV SAHAY**" in place of "**AYUSH KUMAR**". 5. That now it is require for change his name as "**KRISHIV SAHAY**" in place of "**AYUSH KUMAR**" in the School Record, by the competent authority of Lal Lajpat Rai Bal Mandir Senior Secondary School, Pundag, Ranchi. Hence I am swearing this Affidavit. All statements are true to the best of my knowledge, information and belief.

*Ref. No. 679 | Date : 23 Jun 2026*

# विश्व ओलंपिक दिवस पर मैराथन दौड़ का आयोजन, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** विश्व ओलंपिक दिवस के अवसर पर मंगलवार को झारखंड सरकार के खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय और रांची जिला खेल कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विशेष मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, खेलो इंडिया केंद्र, आवासीय एवं डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्रों तथा जेएसएसपीएस के सैकड़ों खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि 1984 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके पूर्व ओलंपियन मनोहर टोपनो थे। उनके साथ खेल उपनिदेशक निर्भय कुमार, जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार सिंह, डीआरडीए परियोजना निदेशक ऋतुराज और जेएसएसपीएस की पुष्पा हांसदा भी मौजूद रहीं।

आयोजित मैराथन दौड़ में महिला वर्ग में ममता कुमारी ने पहला स्थान हासिल किया। रितु कुमारी दूसरे और जेएसएसपीएस की संजना




कुमारी तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुष वर्ग में भारतीय सेना के गुरु लाल सिंह विजेता बने, जबकि शारद अहीक दूसरे और जानकी कुमार तीसरे स्थान पर रहे।

कार्यक्रम के दौरान ओमान में आयोजित अंडर-18 एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता में भारत को कांस्य पदक दिलाने वाली झारखंड की खिलाड़ियों नीलम टोपनो, खोली कुमारी, सुगम सांगा और श्रुति कुमारी को सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों के साथ उनकी कोच करुणा पूर्ति को भी विशेष सम्मान दिया गया।

मुख्य अतिथि मनोहर टोपनो ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड हॉकी प्रतिभाओं की धरती है और राज्य की बेटियां लगातार राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से अनुशासन, समर्पण और कड़ी मेहनत के साथ आगे बढ़ने की अपील की।

कार्यक्रम में खेल विभाग के अधिकारियों, प्रशिक्षकों, जिला ओलंपिक संघ के प्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों ने भाग लिया। आयोजन के माध्यम से युवाओं में खेल भावना और ओलंपिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया।

## ओलंपिक दिवस पर खेल को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वानः सुनील सहाय




ओलंपिक दिवस के अवसर पर झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट सुनील सहाय ने खिलाड़ियों और राज्यवासियों को शुभकामनाएं देते हुए खेल को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि ओलंपिक दिवस केवल खेल का उत्सव नहीं, बल्कि मानवता, एकता और भाईचारे का प्रतीक है। सुनील सहाय ने कहा कि 23 जून 1894 को पेरिस में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की स्थापना दुनिया को खेलों के माध्यम से जोड़ने के उद्देश्य से की गई थी। ओलंपिक के पांच रिंग पांच महाद्वीपों का प्रतिनिधित्व करते हैं और यह संदेश देते हैं कि रंग, जाति, धर्म और देश की सीमाओं से ऊपर उठकर खेल लोगों को एकजुट करता है। उन्होंने कहा कि ओलंपिक के तीन मूल मंत्र उत्कृष्टता, सम्मान और मित्रता हैं। उत्कृष्टता का अर्थ स्वयं को लगातार बेहतर बनाना, सम्मान का अर्थ प्रतिद्वंद्वी, नियम और स्वयं का आदर करना तथा मित्रता का अर्थ खेलों के माध्यम से भाईचारा बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि ओलंपिक दिवस की थीम हर व्यक्ति को सक्रिय जीवनशैली अपनाने का संदेश देती है। रोजाना कम से कम 30 मिनट दौड़ना, योग करना या साइकिल चलाना स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन के लिए आवश्यक है।

## सेल के मैनेजमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का 64वां स्थापना दिवस कल, तीन दिवसीय ज्ञान उत्सव का शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के मैनेजमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (एमटीआई) का 64वां स्थापना दिवस 25 जून को मनाया जाएगा। इस अवसर पर एमटीआई परिसर में 23 से 25 जून 2026 तक तीन दिवसीय लर्निंग एंड डेवलपमेंट (एल एंड डी) कॉन्क्लेवज्ञान उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में बीसीजी, एसएचआरएम और सीबीसी से जुड़े लगभग 150 वक्ता, प्रतिनिधि और अतिथि भाग ले रहे हैं। इसके अलावा सेल के विभिन्न इकाइयों के कार्यपालक निदेशक, मुख्य महाप्रबंधक, प्रशिक्षण प्रमुख और मानव संसाधन-एल एंड डी अधिकारी भी इसमें शामिल हो रहे हैं।



एमटीआई की स्थापना 25 जून 1962 को हुई थी। यह महारत्न कंपनी सेल का कॉर्पोरेट लर्निंग एंड डेवलपमेंट संस्थान है। यहां अधिकारियों को नेतृत्व और प्रबंधन कौशल के साथ-साथ वित्त, रणनीति, विपणन, अनुबंध और वाणिज्यिक क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाता है। संस्थान द्वारा लर्निंग फ्रॉम ईच अदर (एलईओ) जैसी तकनीकी एवं प्रबंधकीय कार्यशालाओं का भी आयोजन किया जाता है, जिनका उद्देश्य संयंत्रों और इकाइयों की समस्याओं के व्यावहारिक समाधान तलाशना होता है।

एमटीआई में अत्याधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं, सम्मेलन कक्ष, कंप्यूटर लैब, छात्रावास, भोजनालय और एक्सटेंडेड रियलिटी लैब जैसी आधुनिक व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं, जो डिजिटल तकनीकों और नवाचार आधारित प्रशिक्षण को बढ़ावा देती हैं।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा ने दी श्रद्धांजलि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भारतीय जनता पार्टी की झारखंड इकाई ने मंगलवार को प्रदेश कार्यालय और मुखर्जी पार्क में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू और प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा एवं चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय के अलावा राज्य भर के विभिन्न मंडलों में भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्र निर्माण, राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए किए गए योगदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का



संकल्प लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन भारत की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा के लिए समर्पित रहा। उन्होंने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखते हुए देश को नई वैचारिक दिशा प्रदान की।

आदित्य साहू ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पूर्ण एकीकरण के लिए डॉ. मुखर्जी का संघर्ष और राष्ट्रहित में दिया गया उनका सर्वोच्च बलिदान भारतीय इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है।

## एसबीयू में याद किए गए डॉ. मुखर्जी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सरला बिरला विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में अखंड भारत की संकल्पना और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को अपने जीवन का ध्येय बनाने वाले श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में विवि के माननीय महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने डॉ. मुखर्जी की जीवनी पर चर्चा करते हुए ब्रिटिश सरकार के शोषण एवं औपनिवेशिक चुनौतियों के बीच उनके दृढ़ता से खड़े रहने की चर्चा की। आजादी के बाद भी तत्कालीन नेहरू सरकार द्वारा हिंदुओं की उपेक्षा और विभाजनकारी नीतियों के विरुद्ध उनके तीव्र विरोध और कश्मीर को स्पेशल स्टेटस प्रदान करने के खिलाफ उनके प्रतिरोध और तत्पश्चात बलिदान देने पर उन्होंने कहा कि इस कालखंड में न



तो उन्होंने पद की लालसा की और न ही अपने सिद्धांतों से पीछे हटे।

कार्यक्रम में बोलते हुए माननीय कुलपति प्रो सी जगनाथन ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी से प्रेरणा लेकर आज की पीढ़ी को देश के विषय में सोचने और दृढ़ संकल्पित होने का आह्वान किया। इस संदर्भ में शिक्षाविदों और विद्यार्थियों के दरम्यान सार्थक चर्चा की जरूरत पर भी उन्होंने जोर दिया।

कार्यक्रम के अवसर पर सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो श्रीधर डांडिन समेत विवि के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी भी उपस्थित रहे। विवि के माननीय प्रतिकुलाधिपति श्री बिजय कुमार दलान एवं माननीय राज्यसभा सांसद सह निदेशक प्लानिंग एंड डेवलपमेंट डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## री-इवैल्यूएशन से बदली किस्मत, सीबीएसई के तीनों संकायों में झारखंड के छात्र बने नेशनल टॉपर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची/बोकारो :** सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा के री-इवैल्यूएशन परिणाम ने झारखंड के दो होनहार विद्यार्थियों की उपलब्धि को नया मुकाम दे दिया है। रांची की अवनी केजरीवाल और बोकारो के आदित्य मिश्रा ने पुनर्मूल्यांकन के बाद क्रमशः कॉमर्स और साइंस संकाय में नेशनल टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। इसके साथ ही झारखंड ने सीबीएसई 12वीं के तीनों प्रमुख संकायों–साइंस, आर्ट्स और कॉमर्स–में देशभर में पहला स्थान हासिल कर इतिहास रच दिया है।

डीपीएस रांची की छात्रा अवनी केजरीवाल को प्रारंभिक परिणाम में 95.2 प्रतिशत अंक मिले थे। हालांकि अंग्रेजी में मिले 81 अंकों से वह संतुष्ट नहीं थीं। उत्तर पुस्तिका की स्कैन कॉपी देखने के बाद उन्होंने अंग्रेजी, बिजनेस स्टडीज और ग्राफिक्स विषयों में री-इवैल्यूएशन के लिए आवेदन किया।

पुनर्मूल्यांकन के बाद अंग्रेजी के अंक 81 से बढ़कर 100 हो गए, जबकि बिजनेस स्टडीज और ग्राफिक्स में भी उन्हें शत-प्रतिशत अंक मिले। अन्य विषयों में पहले से पूरे अंक होने के कारण उनका कुल स्कोर 500 में 500 यानी 100 प्रतिशत हो गया। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने पूर्व घोषित नेशनल टॉपर प्रिया बाबूपाल को पीछे छोड़ते हुए देश में पहला स्थान हासिल किया।

अवनी ने कहा कि उन्हें अपने प्रदर्शन पर पूरा भरोसा था और यदि किसी छात्र को लगता है कि उसके अंकों के साथ न्याय नहीं हुआ है तो उसे उपलब्ध प्रक्रियाओं का उपयोग जरूर करना चाहिए।

डीपीएस बोकारो के छात्र आदित्य मिश्रा ने भी री-इवैल्यूएशन के बाद बड़ी सफलता हासिल की। प्रारंभिक परिणाम में उनके 99.20 प्रतिशत अंक थे, लेकिन बायोलॉजी में मिले 96 अंकों से असंतुष्ट होकर उन्होंने पुनर्मूल्यांकन कराया।

री-इवैल्यूएशन के बाद बायोलॉजी में उनके अंक बढ़कर 99 हो गए और कुल प्रतिशत 99.60 पहुंच गया। इसके साथ ही वह कानपुर की सोनाक्षी गोयल के साथ साइंस संकाय में संयुक्त रूप से नेशनल टॉपर बन गए।

आदित्य को इंग्लिश कोर, केमिस्ट्री और पेंटिंग में 100 में 100 अंक मिले हैं, जबकि फिजिक्स में 99 अंक प्राप्त हुए हैं। विद्यालय प्रशासन ने उनकी इस उपलब्धि को झारखंड के लिए गौरव का विषय बताया है।

## सरला बिरला में पांच दिवसीय आवासीय शतरंज शिविर चेकमेट चैम्पियंस का भव्य शुभारम्भ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में राज्य स्तरीय पाँच दिवसीय आवासीय शतरंज शिविर चेकमेट चैम्पियंस का भव्य शुभारम्भ किया गया। इस विशेष प्रशिक्षण शिविर में राज्यभर के उदीयमान शतरंज खिलाड़ियों, प्रतिष्ठित शिक्षाविदों तथा शतरंज जगत की विशिष्ट हस्तियों ने सहभागिता की। शतरंज के इस खेल में रणनीतिक चिंतन, अनुशासन और उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 23 जून से 27 जून तक आयोजित यह शिविर युवा प्रतिभाओं को अनुभवी मार्गदर्शकों से सीखने तथा अपनी विश्लेषणात्मक क्षमता और निर्णय लेने के कौशल को सुदृढ़ करने का एक अनूठा अवसर प्रदान कर रहा है।

उद्घाटन समारोह का शुभारम्भ विशिष्ट अतिथियों के स्वागत एवं सम्मान समारोह के साथ हुआ। इसके पश्चात दीप प्रज्वलन कर ज्ञान, विवेक, उत्कृष्टता और सतत प्रगति के मार्ग पर अग्रसर रहने का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मधुर स्वागत-गान एवं भावपूर्ण सरस्वती वंदना ने समारोह में सांस्कृतिक गरिमा का समावेश करते हुए सम्पूर्ण वातावरण को प्रेरणादायी बना दिया। इस अवसर पर ग्रैंडमास्टर हिमांशु शर्मा उपस्थित रहे, जो हरियाणा के प्रथम ग्रैंडमास्टर होने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शतरंज खिलाड़ी, प्रशिक्षक एवं फिडे ट्रेनर हैं। समारोह की गरिमा बढ़ाने वाले अन्य विशिष्ट अतिथियों में श्री अभिषेक दास, फिडे ट्रेनर एवं सहायक प्रशिक्षक, प्रोफेसर (डॉ.) गोपाल पाठक, महानिदेशक, सरला बिरला विश्वविद्यालय प्रोफेसर (डॉ.) जगनाथन चोक्कलिंगम, कुलपति, सरला बिरला विश्वविद्यालय, प्रोफेसर एस. बी. डांडिन, कुलसचिव, सरला बिरला विश्वविद्यालय, श्री मुखर्जी पी., नॉलेज रिसोर्स क्यूरेटर तथा श्री मनीष कुमार, मानद सचिव, ऑल झारखंड चेस एसोसिएशन एवं संयुक्त सचिव, ऑल इंडिया चेस फेडरेशन शामिल थे।

सभा को संबोधित करते हुए, प्राचार्या श्रीमती मनीषा शर्मा ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का हार्दिक स्वागत किया। उन्होंने शतरंज के शैक्षिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह खेल विद्यार्थियों में एकाग्रता, धैर्य, आलोचनात्मक चिंतन तथा विवेकपूर्ण निर्णय लेने की क्षमता विकसित करता है। उन्होंने कहा कि शतरंज केवल एक खेल नहीं, बल्कि बौद्धिक विकास, व्यक्तित्व निर्माण और आजीवन सीखने का एक सशक्त माध्यम है।

अपने संबोधन में प्रोफेसर (डॉ.) गोपाल पाठक ने विद्यार्थियों में रणनीतिक सोच और बौद्धिक अनुशासन विकसित करने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शतरंज एक उत्कृष्ट शैक्षणिक खेल है, जो तार्किक चिंतन, समस्या-समाधान क्षमता और चुनौतियों का सामना करने की दृढ़ता को विकसित करता है। उन्होंने प्रतिभागियों को आत्मविश्वास के साथ चुनौतियों को स्वीकार करने तथा शतरंज की बिसात पर प्रत्येक चाल को सीखने, विश्लेषण करने और आगे बढ़ने के अवसर के रूप में देखने के लिए प्रेरित किया।

ग्रैंडमास्टर हिमांशु शर्मा ने अपने अनुभवों और विचारों को साझा करते हुए युवा प्रतिभागियों को समर्पण, दृढ़ता और निरंतर अभ्यास के माध्यम से उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। शतरंज जगत में अपनी उल्लेखनीय यात्रा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सफलता अनुशासित प्रयास, धैर्य और जीत के साथ-साथ हार से भी सीखने की क्षमता से प्राप्त होती है। उन्होंने नवोदित खिलाड़ियों को इस शिविर का भरपूर लाभ उठाने तथा ऐसी सोच विकसित करने के लिए प्रेरित किया, जिसमें सीखने को जीत के समान ही महत्व दिया जाए।

विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में शिविर का औपचारिक उद्घाटन किया गया, जिसके साथ पाँच दिनों के गहन प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और सीखने की यात्रा का शुभारम्भ हुआ। चेकमेट चैंपियंस उभरते हुए शतरंज खिलाड़ियों को एक प्रसिद्ध ग्रैंडमास्टर से सीखने का अमूल्य अवसर प्रदान करता है।

## संक्षिप्त खबरें

### 209वां श्री सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ संपन्न, निर्जला एकादशी महोत्सव की तैयारियां तेज



**रांची :** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में मंगलवार को 209वां श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा पाठ श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। मंदिर परिसर राम सिया राम, सिया राम जय जय राम के संकीर्तन और बजरंगबली के जयकारों से भक्तिमय वातावरण में गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरुआत मंडल के निवर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया और सदस्य अरुण खुटेटा द्वारा बलराम मोदी से बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्वलित करवाकर की गई। बलराम मोदी एवं उनके परिवार ने केसरिया पेड़ा, गुड़, चना और फल प्रसाद का भोग अर्पित किया। इसके बाद श्रीरामचरितमानस ग्रंथ का पूजन कर पाठ वाचकों का चंदन-वंदन किया गया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत और ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक और ढपली की मधुर धुनों पर श्रीगणेश वंदना के साथ श्री हनुमान चालीसा का पाठ प्रारंभ किया। श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित श्रद्धालुओं की सहभागिता से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान भजनों का गायन भी किया गया, जिससे भक्तजन पूरी तरह भक्ति में लीन रहे। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष गोपाल मुरारका, महामंत्री गौरव अग्रवाल, निवर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, अशोक लड़िया, कोषाध्यक्ष मनोज खेतान, बलराम मोदी, कृष्णा अंकित कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### महिला कैदी गर्भवती प्रकरण : हाई कोर्ट में मेडिकल और न्यायिक जांच रिपोर्ट पेश

**रांची :** रांची स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा (होटवार जेल) में एक महिला कैदी के गर्भवती होने और उससे जुड़े कथित यौन शोषण के मामले में झारखंड उच्च न्यायालय में मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने पीड़ित महिला की मेडिकल रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में अदालत के समक्ष प्रस्तुत की। वहीं, उच्च न्यायालय के निर्देश पर कराई जा रही न्यायिक जांच की वर्तमान स्थिति से संबंधित स्टेटस रिपोर्ट भी अदालत में दाखिल की गई। मामले की सुनवाई झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक और राजेश शंकर की खंडपीठ ने की। सुनवाई के दौरान रांची के जुडिशियल कमिश्नर की ओर से न्यायिक जांच से संबंधित सीलबंद रिपोर्ट भी अदालत में प्रस्तुत की गई। रिपोर्ट का अवलोकन करने के बाद अदालत ने मामले की अगली सुनवाई जुलाई निर्धारित की है।

### गुमला के भरनो में सर्वाधिक 82 मिमी बारिश 29 तक बारिश-तेज हवा का येलो अलर्ट

**रांची :** झारखंड में पिछले 24 घंटों के दौरान गुमला जिले के भरनो में सर्वाधिक 82 मिमी वर्षा दर्ज की गई। हालांकि कई इलाकों में बारिश होने के बावजूद राजधानी रांची समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में मंगलवार को गर्मी और उमस का असर देखने को मिला। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में मानसूनी गतिविधियां सक्रिय बनी हुई हैं। इसके प्रभाव से 29 जून तक राज्य के विभिन्न जिलों में गर्जन के साथ वर्षा होने की संभावना है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं। संभावित मौसमीय गतिविधियों को देखते हुए विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 37.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान लातेहार में 21.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राजधानी रांची और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से ही मौसम साफ रहा। तेज धूप निकलने के कारण लोगों को प्रखर गर्मी और भारी उमस का सामना करना पड़ा। दिनभर वातावरण में नमी अधिक रहने से लोगों को असहज परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। राजधानी रांची में मंगलवार को अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री और न्यूनतम 25.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसी प्रकार डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान 37.1 डिग्री और न्यूनतम 28.2 डिग्री सेल्सियस, बोकारो में अधिकतम 36.1 डिग्री और न्यूनतम 26.1 डिग्री सेल्सियस तथा चाईबासा में अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दिनों में मानसून की गतिविधियों में और तेजी आने की संभावना है। ऐसे में राज्य के कई हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश हो सकती है। विभाग ने किसानों, यात्रियों और खुले स्थानों पर काम करने वाले लोगों को मौसम की ताजा जानकारी पर नजर बनाए रखने तथा खराब मौसम के दौरान आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी है।

### नक्सलियों को सहायता पहुंचाने वाले दो ओवर ग्राउंड वर्करों को हाई कोर्ट से जमानत

**रांची :** झारखंड उच्च न्यायालय ने वर्ष 2020 में लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र स्थित लुकिया मोड़ पर पुलिस की पीसीआर वैन पर हुए नक्सली हमले के मामले में गिरफ्तार दो आरोपियों को जमानत दे दी है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। खंडपीठ ने मामले के आरोपित फगुना गंझू और सुनील गंझू की जमानत याचिका स्वीकार करते हुए उन्हें सशर्त जमानत दी। दोनों आरोपितों की जांच एजेंसियों ने नक्सलियों के लिए ओवर ग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) के रूप में कार्य करने तथा हमले में सहयोग पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया था। वे वर्ष 2020 से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद थे। सुनवाई के दौरान आज अदालत के समक्ष यह तथ्य रखा गया कि दोनों आरोपित लगभग छह वर्षों से जेल में बंद हैं और मुकदमे का निष्पादन अभी तक पूरा नहीं हो सका है। लंबी अवधि से कारावास में रहने तथा अन्य तथ्यों को ध्यान में रखते हुए अदालत ने उन्हें जमानत का लाभ देने का निर्णय लिया। मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की ओर से वरीय अधिवक्ता अमित कुमार दास तथा अधिवक्ता सौरव कुमार ने पक्ष रखा। एनआईए ने आरोपितों की जमानत याचिका का विरोध करते हुए उन्हें नक्सली संगठन को सहयोग पहुंचाने वाला बताया, हालांकि अदालत ने मामले के तथ्यों और हिरासत की अवधि पर विचार करते हुए जमानत मंजूर कर ली।

### जगन्नाथपुर मंदिर के बेहतर प्रबंधन के लिए हाई कोर्ट ने धार्मिक न्यास बोर्ड से मांगी संचालन योजना

**रांची :** रांची स्थित ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मंदिर के प्रबंधन और संचालन को लेकर चल रहे विवाद पर मंगलवार को झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति आनंदा सेन की अदालत ने झारखंड हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड को मंदिर के संचालन, प्रबंधन और प्रशासनिक व्यवस्था के संबंध में विस्तृत योजना (स्कीम) प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। अदालत ने स्पष्ट किया कि झारखंड हिंदू धार्मिक ट्रस्ट बोर्ड अधिनियम की धारा 32 के तहत मंदिर के सुचारु संचालन और प्रबंधन के लिए विधिसम्मत योजना तैयार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जाए। मामले की अगली सुनवाई 7 जुलाई को निर्धारित की गई है।

**एक नजर**

## कोडरमा रेलवे स्टेशन पर विकास प्रदर्शनी का हुआ अवलोकन



**कोडरमा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में "मोदी के 12 साल बेमिसाल" कार्यक्रम के तहत कोडरमा रेलवे स्टेशन परिसर में विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं, सुशासन, गरीब कल्याण और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में किए गए कार्यों को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकताओं ने कहा कि यह उपलब्धियों की यात्रा देश के विकास और जनसेवा के प्रति समर्पण को दशार्ती है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अनूप जोशी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचन्द्र सिंह, रवि मोदी, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रकाश राम सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आईआईटी में सफल छात्रों का श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में स्वागत

**रामगढ़ :** रामगढ़ के श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के लिए मंगलवार का दिन अत्यंत हर्ष और गौरव का अवसर लेकर आया। विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थी हर्षित उरांव और सचिन कुमार साहू ने प्रतिष्ठित आईआईटी में सफलता प्राप्त कर विद्यालय, अपने अभिभावकों एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार ने हर्षित उरांव और सचिन कुमार साहू को शॉल, स्मृति-चिह्न एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के समाचार-पत्र एसजीएनपीएस पिनाकल के प्रथम संस्करण का भी विमोचन किया गया। यह न्यूजलेटर विद्यार्थियों की रचनात्मक अभिव्यक्ति, साहित्यिक प्रतिभा एवं विद्यालय की विविध गतिविधियों को एक मंच प्रदान करेगा। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उनके अथक परिश्रम एवं लगन का परिणाम है। संकल्प का कोई विकल्प नहीं होता। यदि विद्यार्थी चाह ले तो ऐसा कोई लक्ष्य नहीं, जिसे वह प्राप्त नहीं कर सकता। उन्होंने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को इन छात्रों से प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम में उपस्थित गुरुद्वारा प्रबंधन समिति और विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों, अभिभावकों एवं शिक्षकों ने हर्षित उरांव तथा सचिन कुमार साहू की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# उपायुक्त ने नई शिक्षा नीति के तहत संचालित प्रोजेक्ट इंपैक्ट का लिया जायजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** जिले में शिक्षा का स्तर बेहतर हो इसके लिए डीसी ऋतुराज खुद मॉनिटरिंग कर रहे हैं। जिले में आते ही उन्होंने सरकारी विद्यालयों का हाल जाना था। 100 विद्यालयों का चयन उन्होंने कर रखा है। दुलमी प्रखंड के हाई स्कूल चटाक के बाद मंगलवार को डीसी ऋतुराज रामगढ़ के गांधी स्मारक प्लस टू मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने नई शिक्षा नीति के तहत संचालित प्रोजेक्ट इंपैक्ट विशेष पखवाड़े के कार्यों का जायजा लिया। साथ ही शिक्षा, स्वच्छता एवं खेल गतिविधियों को और सुदृढ़ करने की बात कही।

डीसी ने विद्यालय परिसर में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इसके बाद उन्होंने प्रोजेक्ट इंपैक्ट के तहत चलाए जा रहे स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। विद्यालय परिसर का भ्रमण करते हुए साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय के शौचालयों, कक्षाओं, खेल मैदान और अन्य परिसरों की स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा करते हुए नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

विद्यालय परिसर में पेयजल की बेहतर व्यवस्था के लिए डीप बोरिंग करने का निर्देश अधिकारियों को डीसी ने दिया। प्रोजेक्ट इंपैक्ट के तहत आयोजित की जाने वाली रचनात्मक और नवाचार आधारित गतिविधियों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने विद्यालय में पेंटिंग, निबंध, वाद-विवाद, क्विज एवं अन्य शैक्षणिक तथा सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के आयोजन पर विशेष बल दिया। डीसी ने विद्यार्थियों से बात कर उनकी पढ़ाई, विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं, शिक्षण व्यवस्था सहित अन्य आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों से बातचीत के दौरान उन्होंने नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं लक्ष्य आधारित तैयारी पर जोर दिया। डीसी ने शिक्षकों को निर्देश दिया कि निर्धारित समयावधि के भीतर सभी विषयों का पाठ्यक्रम पूर्ण कराया जाए।

डीसी ने विद्यालय के सभी शिक्षकों के साथ बैठक कर विद्यालय के शैक्षणिक स्तर को और बेहतर बनाने, विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने और नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों को प्रभावी रूप से लागू करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## शिक्षित और संस्कारी युवा ही देश को बनाते हैं विकसित : बसंत कुमार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ शहर के मारवाड़ी धर्मशाला में 16 वां मारवाड़ी प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ। मंगलवार को इस कार्यक्रम में उन युवाओं को सम्मानित और प्रोत्साहित किया गया जिन्होंने समाज और देश के विकास के गति को तेज करने के लिए अपना योगदान दिया है। इस मौके पर अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन और अग्रसेन फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

मानद सचिव प्रभात कुमार अग्रवाल और संयुक्त सचिव उमेश राजगढ़िया ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथि का अभिनंदन किया। इसके बाद मुख्य अतिथि और मंच के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया।

मौके पर मुख्य अतिथि बसंत कुमार मित्तल ने कहा कि रामगढ़ मेरी जन्मभूमि है। यहां आकर मुझे नई ऊर्जा मिलती है। मारवाड़ी प्रतिभा सम्मान मंच समाज के प्रतिभाशाली युवाओं को सम्मानित कर एक अनुकरणीय कार्य कर रहा है, जिससे अन्य युवा भी प्रेरणा लेंगे। उपाध्यक्ष गोविंद लाल अग्रवाल ने कहा कि किसी भी देश की प्रगति में शिक्षित एवं संस्कारवान युवाओं की भूमिका सर्वोपरि होती है। अध्यक्ष डॉ एके बरेलिया ने कहा कि प्रतिभाशाली युवाओं को सम्मानित करना समाज का परम दायित्व है। यह उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

संस्थापक अध्यक्ष सुरेश पी अग्रवाल ने बताया कि मेहनत, अनुशासन, समर्पण एवं शैक्षणिक उपलब्धियों को सम्मान देते हुए युवाओं को उत्कृष्टता की नई ऊँचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित करना ही इस समारोह का मुख्य उद्देश्य है।

## रोटरी क्लब ने निःशुल्क पांच सिलाई मशीनों का किया वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** रोटरी रामगढ़ सिटी के तत्वावधान में मंगलवार को शहर के चट्टी बाजार स्थित महिला सशक्तिकरण और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पांच निःशुल्क सिलाई मशीनों का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम क्लब के वर्तमान सत्र का अंतिम सेवा प्रोजेक्ट था।

कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन वरुण बगड़िया और सह-प्रोजेक्ट चेयरमैन श्वेता बगड़िया के नेतृत्व में आयोजित इस सेवा कार्य के अंतर्गत जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीनें देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान सुमन कुमारी, सोनी देवी, ममता कुमारी, सुमन कुमारी और पूनम पांडे को निःशुल्क सिलाई मशीनें वितरित की गईं। मौके पर क्लब के अध्यक्ष आदर्श चौधरी ने कहा कि रोटरी का उद्देश्य केवल सेवा कार्य करना ही नहीं, बल्कि जरूरतमंद लोगों को आत्मनिर्भर बनाकर उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना भी है। सिलाई मशीन वितरण जैसी योजनाएं महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने सेवा परियोजना को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सचिव रोहित कुमार पंसारी, हरीश चौधरी, उमेश राजगढ़िया, रूपेश गुप्ता, मनोज मोदी, सूरज अग्रवाल, वरुण बगड़िया, अनिल गोयल, राजू अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## महेश नवमी महोत्सव को लेकर 200 लोगों को कराया गया भोजन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरीतिलैया :** महेश्वरी समाज और महिला संगठन के संयुक्त तत्वावधान में महेश नवमी महोत्सव भक्ति भाव के साथ मनाया गया। मौके पर समाज के अध्यक्ष वृजमोहन खटोड़ ने कहा कि महेश नवमी समाज को एक सूत्र में जोड़ने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ी को परंपरा और संस्कारों से जोड़ने का कार्य करती है। महिला संगठन की अध्यक्ष मीना सुखानी ने कहा कि महेश नवमी केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक एकजुटता, सांस्कृतिक मूल्यों और संगठनात्मक शक्ति का प्रतीक है। कार्यक्रम के अंत में दोपहर में स्टेशन काली मंदिर के समीप "प्यार बांटते चलो" अभियान के तहत लगभग 200 लोगों के बीच मिठाई एवं भोजन का वितरण किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित सचिव राकेश सोमानी, अनुराग सोमानी, गिरधारी सोमानी, सुण्डाराम पचीसिया, प्रवीण सुखानी, श्यामसुंदर महेश्वरी, विमल पचीसिया, बिष्णु खटोड़, राज पच्चीसिया, शिवेश पचीसिया, मीना सुखानी, बबीता खटोड़, मीना खटोड़, पारो पचीसिया, भगवती देवी पेडिवाल, गौरा सोमानी, रश्मि पचीसिया, रीता सोमानी, प्रमीला सोमानी, विद्या पचीसिया, अनीता सोमानी, शोभा खटोड़, प्रीति पचीसिया, निरुपमा सोमानी आदि उपस्थित थे।

## अविभावक संघ ने जेजे कॉलेज बचाओ संघर्ष समिति के आंदोलन को दिया समर्थन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** जे जे कॉलेज बचाओ संघर्ष समिति, कोडरमा द्वारा कोडरमा जिले के सभी डिग्री कॉलेजों को विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग से हटाकर सर जेसी बोस विश्वविद्यालय, गिरिडीह से संबद्ध करने के निर्णय के विरोध में चलाए जा रहे जनआंदोलन को लगातार जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है। इसी क्रम में कोडरमा जिला अभिभावक संघ के जिला अध्यक्ष संजय कुमार साजन एवं सचिव भानु प्रताप सिंह ने संघर्ष समिति के अध्यक्ष महेश भारती तथा सदस्य नीरज कुमार सिंह को समर्थन पत्र सौंपकर आंदोलन के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि कोडरमा जिले के छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों के हितों की अनदेखी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी। अभिभावक संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि हजारीबाग की अपेक्षा लगभग दोगुनी दूरी पर स्थित गिरिडीह विश्वविद्यालय से संबद्धता किए जाने से छात्रों पर अतिरिक्त आर्थिक एवं समयगत बोझ पड़ेगा।

इससे उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले हजारों छात्र-छात्राओं को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। इसलिए सरकार एवं संबंधित विभागों को इस निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए।

वही संघर्ष समिति के अध्यक्ष महेश भारती ने समर्थन के लिए अभिभावक संघ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आंदोलन केवल किसी एक कॉलेज का नहीं, बल्कि पूरे कोडरमा जिले के छात्रों, अभिभावकों और नौजवानों के भविष्य की रक्षा का आंदोलन है।

**संक्षिप्त खबरें**

## नवलशाही पुलिस द्वारा चलाया गया विशेष नशा मुक्ति जागरुकता अभियान



**मरकच्चो :** युवाओं एवं छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा समाज को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से कोडरमा पुलिस के निर्देश पर बुधवार को नवलशाही थाना पुलिस द्वारा विशेष नशा मुक्ति जागरुकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का आयोजन उत्क्रमित उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय डगरनवां परिसर में किया गय। इस दौरान नवलशाही थाना प्रभारी सुमन कुमार व एसआई रवि प्रकाश पंडित ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति को शारीरिक एवं मानसिक रूप से कमजोर बनाता है और इसके दुष्प्रभाव पूरे परिवार तथा समाज पर पड़ते हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं से स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की। उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशासन नशा तस्करों और अवैध कारोबारियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है, जिसमें आम जनता का सहयोग महत्वपूर्ण है।

## भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ 51वां मासिक अरदास महोत्सव



**झुमरीतिलैया :** "श्याम शरण में आजा रे" द्वारा आयोजित 51वाँ मासिक अरदास महोत्सव एवं भव्य भजन संध्या का आयोजन शिव वाटिका में श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरा वातावरण भक्ति रस में डूबा रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। इसके बाद गणेश वंदना एवं सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से भजन संध्या की शुरूआत की गई। भजन संध्या में कोलकाता से आए दया शर्मा, धनबाद के नीरज सांवरिया एवं स्थानीय कलाकार रवि दहिमा सहित अन्य भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। भारी बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यूट्यूब चैनल "श्याम शरणङ्ग भक्ति" पर भी किया गया। कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिनमें पप्पू सिंह, अरविन्द चौधरी, दीपेश जेठवा, संजू पिलानिया, अजय शर्मा सहित बड़ी संख्या में भक्त शामिल थे।

## मुहर्रम को लेकर एसपी ने जयनगर-चंदवारा के संवेदनशील क्षेत्रों का किया निरीक्षण



**कोडरमा :** आगामी मुहर्रम पर्व 2026 को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए कोडरमा के पुलिस अधीक्षक ने जयनगर एवं चंदवारा थाना क्षेत्रों के संवेदनशील इलाकों का निरीक्षण किया। इस दौरान खेसखरी, कटहाडीह, ढाब-थाम, चिलोडीह सहित जुलूस मार्गों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। एसपी ने अधिकारियों को भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और विधि-व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान शांति बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। साथ ही सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाएगी और अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। एसपी ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की।

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



**रामगढ़ :** भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी और महान शिक्षाविद डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर मंगलवार को भाजपा रामगढ़ कैंट मंडल की ओर से श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष सुशांत कुमार पांडेय ने किया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने डॉ मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। मंडल अध्यक्ष सुशांत कुमार पांडेय ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। डॉ मुखर्जी ने एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे का नारा देकर जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने के लिए संघर्ष किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में धारा 370 हटाकर डॉ मुखर्जी के सपनों को साकार करने का कार्य किया गया है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बताए राष्ट्र प्रथम के मार्ग पर चलने और देश की एकता, अखंडता एवं विकास के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर राजीव रंजन प्रसाद, दीपक सोनकर, संजय साह, विनीता सिंह, अमित अग्रवाल, ऋषिकेश सिंह, सौरभ जायसवाल, अमित ठाकुर, आकाश गुप्ता, मुकेश तिवारी, अमर कुमार, अमर भारती, देव कुमार सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# झारखंड विधि महाविद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन, विद्यार्थियों को मिला मार्गदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरीतिलैया :** ग्रिजली विद्यालय में चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले पूर्व छात्रों के सम्मान में एक प्रेरणादायक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सफल पूर्व छात्रों को सम्मानित करने के साथ-साथ वर्तमान विद्यार्थियों को करियर के प्रति प्रेरित करना था। कार्यक्रम में वर्ष 2021 बैच के दो सीए क्वालिफायर-आदित्य कुमार सिंह एवं श्रेष्ठ केडिया-को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वाणिज्य संकाय के कक्षा 11 एवं 12 के विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

दोनों पूर्व छात्रों ने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि सीए जैसे कठिन कोर्स में सफलता के लिए अनुशासन, निरंतर अभ्यास और धैर्य अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को डिजिटल विकर्षणों से दूर रहकर लक्ष्य आधारित अध्ययन करने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे आधुनिक तकनीकी साधनों का उपयोग अध्ययन को अधिक प्रभावी बना सकता है।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने परीक्षा रणनीति, समय प्रबंधन और अध्ययन तकनीकों से जुड़े कई प्रश्न पूछे, जिनका पूर्व छात्रों ने विस्तारपूर्वक समाधान किया। विद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित किया। सीईओ प्रकाश गुप्ता ने कहा कि पूर्व छात्रों की उपलब्धियाँ पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय हैं। वहीं प्राचार्या अंजना कुमारी ने कहा कि ऐसी उपलब्धियाँ वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

समारोह के अंत में स्टूडेंट्स सर्विस सेल के संयोजक सुधांशु कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन सभी अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया।

यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक साबित हुआ, जिसने उन्हें अपने करियर लक्ष्यों के प्रति नई ऊर्जा और दिशा प्रदान की।

## राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए डॉ. मुखर्जी का योगदान अविस्मरणीय : रमेश सिंह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरीतिलैया :** भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर भाजपा झुमरीतिलैया उत्तरी नगर द्वारा सांसद कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तरी नगर अध्यक्ष इंद्रदेव वर्णवाल ने की, जबकि संचालन नगर महामंत्री साकेत सिंह एवं पप्पू भदानी ने संयुक्त रूप से किया।

कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके राष्ट्रहित, एकात्मता और अखंड भारत के संकल्प को स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं जनसेवा के प्रति पूर्णतः समर्पित रहा, जो आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। उन्होंने ह्यएक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगेह्न का उद्घोष कर राष्ट्रीय एकता की अलख जगाई। उनके विचार और आदर्श आज भी करोड़ों देशभक्तों को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकताओं का दायित्व है कि वे डॉ. मुखर्जी के सपनों के भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान दें और उनके सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाएं। कार्यक्रम में चन्द्रशेखर जोशी, हरि पंडित, वार्ड पार्षद संजय यादव, नगर उपाध्यक्ष सचिन कपसिमे, अर्जुन सिंह, लक्ष्मी देवी, रीता लोहानी, धीरेन्द्र जायसवाल, बिनोद सिन्हा, सुशील सिंह, राणा प्रताप, सौरभ मोदी, शंकर मोदी, अरविंद वर्णवाल, अशोक वर्मा, चंदन मोदी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मुहर्रम को लेकर चांडिल में शांति समिति की हुई बैठक, सौहार्द बनाए रखने की अपील

# शांति और भाईचारे के साथ मनाएं मुहर्रम : एसडीओ



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चांडिल :** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को चांडिल अनुमंडल मुख्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) नितिन शिवम गुप्ता की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न समुदायों के लोगों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीओ नितिन शिवम गुप्ता ने कहा कि देश में विभिन्न समुदायों द्वारा वर्षों से आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ पर्व-त्योहार मनाने की परंपरा रही है। मोहर्रम भी इसी परंपरा के अनुरूप शांति एवं सद्भाव के वातावरण में मनाया जाए।

उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी असामाजिक तत्व या अफवाह फैलाने वाले व्यक्ति को संरक्षण न दें तथा ऐसी गतिविधियों की सूचना तत्काल प्रशासन को दें। उन्होंने कहा कि समाज में शांति व्यवस्था बनाए रखना केवल प्रशासन की ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भी जिम्मेदारी है। सभी के सहयोग से ही क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण वातावरण कायम रखा जा सकता है। बैठक में एसडीपीओ शिव प्रकाश कुमार, नीमडीह अंचलाधिकारी, ईचागढ़ बीडीओ, चांडिल थाना प्रभारी, नीमडीह थाना प्रभारी, कपाली ओपी प्रभारी, समाजसेवी हिकीम चंद्र महतो, पंचायत समिति सदस्य रजिया सुल्ताना, शेख फरीद, मनमन सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## नीमडीह में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



**नीमडीह :** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के नीमडीह थाना परिसर में आगामी मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा मोहर्रम जुलूस कमेटी के सदस्यों ने भाग लिया एवं त्यौहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने पर चर्चा की। बैठक में नीमडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार एस अभिनव,अंचलाधिकारी अभय कुमार दिवेदी,पुलिस निरीक्षक रवि कुमार सिंह,थाना प्रभारी दिल्सन बिरुआ एवं जनप्रतिनिधि सहित मोहर्रम जुलूस कमेटियों के सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि मोहर्रम त्याग, बलिदान और भाईचारे का पर्व है। सभी समुदायों के लोगों को आपसी प्रेम, सद्भाव और सामाजिक सौहार्द बनाए रखते हुए पर्व मनाना चाहिए। प्रशासन ने जुलूस मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए।

## दगड़ीगोड़ा में रथयात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक, आयोजन को सफल बनाने पर हुई चर्चा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** कमलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत श्री श्री दगड़ीगोड़ा स्थित हरि साधना आश्रम में मंगलवार को गिरिजा प्रसाद मिश्रा की अध्यक्षता में श्री श्री जगन्नाथ महाप्रभु मंदिर कमेटी की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान आगामी 16 जुलाई को दगड़ीगोड़ा जगन्नाथ मंदिर से गोपालपुर मौसीबाड़ी तक निकलने वाली रथ यात्रा के लिए तैयारियों पर चर्चा की गई।कमलपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार द्वारा उत्सव को सफल बनाने हेतु सड़क पर मरम्मती के लिए स्लैग उपलब्ध करवाने की बात कही।मौके पर कमलपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार, अवर निरीक्षक पुरुषोत्तम कुमार राय, मृत्युंजय महतो, प्रेमचांद महतो, शंभू दास, गोपाल गोराई, बासुदेव मिश्रा, संदीप कुमार मिश्रा, प्रदीप कुमार महतो, कृपसिंधु महतो, त्रिलोचन मिश्रा, हाराधन घोषाल, अजीत दत्त, कार्तिक मिश्रा व अनंत लाल मिश्रा ,मिथिलेश कुमार तिवारी, कल्याण गोराई हिमांशु कुंभकार आदि मौजूद थे।

## गिरफ्तारी के बाद फिर चर्चा में दिनकर कच्छप, पुराने मामलों पर उठे सवाल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** बिष्टुपुर थाना पुलिस द्वारा एक मामले में कथित आदिवासी नेता दिनकर कच्छप की गिरफ्तारी के बाद उनके खिलाफ दर्ज पुराने आपराधिक मामलों की चर्चा एक बार फिर तेज हो गई है। खासकर वर्ष 2024 में दर्ज उस मामले को लेकर शहर में बहस छिड़ गई है, जिसमें एक महादलित परित्यक्त महिला ने उन पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाया था।जानकारी के अनुसार बिरसानगर थाना में 5 मार्च 2024 को दर्ज प्राथमिकी में पीड़िता ने आरोप लगाया था कि वर्ष 2013 में उसकी सामाजिक रीति-रिवाज से शादी हुई थी, लेकिन बाद में पति ने उसे छोड़ दिया। उसका एक पुत्र भी है। इसी दौरान उसकी पहचान दिनकर कच्छप से हुई। आरोप है कि दिनकर कच्छप ने शादी का वादा कर उसके साथ लंबे समय तक शारीरिक संबंध बनाए और बाद में विवाह से इनकार कर दिया।मामले में पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 323, 376, 504 एवं 506 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के उपरांत पुलिस ने आरोपों को सही पाते हुए न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। वर्तमान में इस मामले में दिनकर कच्छप जमानत पर हैं तथा मामला न्यायालय में विचाराधीन है।इधर हाल में बिष्टुपुर पुलिस द्वारा उनकी गिरफ्तारी के बाद विभिन्न सामाजिक एवं आदिवासी संगठनों के बीच यह मुद्दा चर्चा का विषय बन गया है। कई लोगों का कहना है कि जिनके खिलाफ गंभीर आपराधिक आरोपों के मामले अदालत में लंबित हों, उनके सार्वजनिक जीवन और सामाजिक नेतृत्व की भूमिका पर भी सवाल उठना स्वाभाविक है।हालांकि दिनकर कच्छप की ओर से इस मामले में कोई नया आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। चूंकि मामला न्यायालय में लंबित है, इसलिए आरोपों की अंतिम सत्यता का निर्धारण अदालत के निर्णय के बाद ही होगा।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का 73वां बलिदान दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय, बरही में बरही पश्चिमी मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक की अध्यक्षता में भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं महान शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का 73वां बलिदान दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता, अखंडता एवं राष्ट्रीय स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और समर्पण का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने एक देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान नहीं चलेंगे का उद्घोष कर देश की एकता को सुदृढ़ करने का ऐतिहासिक कार्य किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, बरही पूर्वी मंडल अध्यक्ष विजय यादव, मंडल उपाध्यक्ष नवल किशोर सिंह, वीपीन सिन्हा, मंडल महामंत्री मनोज उपाध्याय, दिनेश साव, सागर चंद्रवंशी, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज साव, धर्मेंद्र यादव, ब्रजेश ठाकुर, दिलीप शर्मा, महेश दास, राजकुमार दास, सोनू कुमार, सुशील यादव, राजेश यादव, मुंशी यादव, नानहो यादव, चंदरदेव यादव, संतोष यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों पर चलने तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए समाज सेवा के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

## मुनिश्री 108 सुयश सागर जी महाराज से चंद्रप्रकाश-लता जैन पांड्या ने लिया आशीर्वाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** धार्मिक श्रद्धा और आस्था के वातावरण में समाजसेवी दंपति चंद्रप्रकाश जैन पांड्या एवं लता जैन पांड्या ने रांची पहुंचकर पूज्य मुनिश्री 108 सुयश सागर जी महाराज के दर्शन किए तथा उनका मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने मुनिश्री के श्रीचरणों में नमन कर धर्म, सेवा, संयम और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा ग्रहण की। वर्तमान में पूज्य मुनिश्री 108 सुयश सागर जी महाराज रांची में विराजमान हैं, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु उनके दर्शन एवं प्रवचनों का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। मुनिश्री के सानिध्य में श्रद्धालुओं के बीच आध्यात्मिक चेतना, नैतिक मूल्यों एवं धर्म के प्रति समर्पण की भावना का विस्तार हो रहा है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुनिश्री का आगामी समय में हजारीबाग आगमन संभावित है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। उनके संभावित आगमन की खबर से जैन समाज सहित धर्मप्रेमियों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। इस अवसर पर चंद्रप्रकाश जैन पांड्या एवं लता जैन पांड्या ने कहा कि संत-महात्माओं का सानिध्य जीवन को नई दिशा और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। पूज्य मुनिश्री का मार्गदर्शन समाज में नैतिकता, सद्भाव और आध्यात्मिक मूल्यों को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# निर्जला एकादशी को लेकर राजदह धाम तैयार लाखों श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना

### आज नहाए-खाए से होगी व्रत की शुरूआत, श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं के लिए व्यापक इंतजाम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरिया :** सनातन धर्मावलंबियों के लिए सबसे कठिन और पुण्य व्रत में से एक है निर्जला एकादशी जिसे भीमसैनी या पांडव एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन बिना अन्न और जल के 24 घंटे उपवास रखकर भगवान श्री विष्णु जी की पूजा की जाती है।इस व्रत की शुरूआत 24 जून बुधवार को नहाए खाए के साथ शुरू होगा। जबकि 25 जून गुरुवार को निर्जल उपवास में रहकर श्रद्धालु इस व्रत को करेंगे। हृषिकेश पंचांग के अनुसार एकादशी तिथि बुधवार की रात 8:09 से प्रारंभ होकर गुरुवार की रात 9:14 तक है। इस संबंध में भगला काली मंदिर के पुजारी बाबूलाल पांडेय ने बताया कि एकादशी तिथि का मान गुरुवार की सुबह सूर्योदय से लेकर शुक्रवार द्वादशी तिथि की सुबह सूर्योदय तक रहेगा। श्रद्धालु अपनी शारीरिक क्षमता के अनुसार ही व्रत करेंगे। गुरुवार की सुबह ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करके भगवान नारायण को पीले फूल,धूप,दीप और सुखी तुलसी दल अर्पण करेंगे। इस दिन विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ या 'ऊं नमो भगवते वासुदेवाय'मंत्र का जप किया जाता है। शुक्रवार को सूर्योदय के पश्चात पारण होगा।इसके पूर्व जल से भरा घड़ा,हाथ का पंखा और अन्न का दान अत्यंत फलदायी माना गया है। बताते चलें कि सरिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पवित्र तीर्थ स्थल राजदह धाम है। जो उत्तरवाहिनी बराकर नदी के तट पर बसा हुआ है।साल, यूकेलिप्टस, अकेसिया के घने जंगलों के बीच बसा यह क्षेत्र हिंदू धर्मावलंबियों के लिए काफी प्रसिद्ध हो चुका है। जहां राजेश्वर महादेव मंदिर, पार्वती मंदिर, हनुमान मंदिर, सूर्य मंदिर, जगन्नाथ स्वामी जी का मंदिर, साधु संतों का स्मारक सहित कई छोटे बड़े मंदिर स्थापित हैं।वन विभाग द्वारा नेचर पार्क इस धार्मिक स्थल की सुंदरता तथा भव्यता में अत्यधिक चार चांद लगा देता है। प्रतिदिन यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु बराकर नदी में आस्था की डुबकी लगाकर अपने इष्ट देव की पूजा अर्चना करते हैं। उत्तर वाहिनी बराकर नदी होने के कारण किसी खास अवसरों में श्रद्धालु लाखों की संख्या में बराकर नदी में आस्था की डुबकी लगाकर भगवान श्री विष्णु और महादेव जी को जलार्पण करते हैं। निर्जला एकादशी में भी प्रत्येक वर्ष गिरिडीह, धनबाद, कोडरमा, हजारीबाग, रामगढ़ आदि जिलों से श्रद्धालु राजदह धाम पहुंचते हैं।


## जिला पशुपालन कार्यालय, राँची

### जोड़ा बैल वितरण योजना 2026-27

**-: आम सूचना :-**

सरकार के सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखण्ड सरकार के राज्यादेश सं० 07 रा० वि०, दिनांक 05.06.2026 के आलोक में राज्य के छोटे एवं सीमान्त किसानों को खेती करने के लिए उद्देश्य से जोड़ा बैल वितरण योजनान्तर्गत Castrated नर बाछाओं का जोड़ा बैल के रूप में वितरण की योजना है। ग्राम सभा की अनुशंसा के साथ पूर्ण विवरण सहित आवेदन संबंधित प्रखण्डों के प्रखण्ड स्तरीय चयन समिति के माध्यम से जिला पशुपालन पदाधिकारी, राँची के नाम से आमंत्रित किया जाता है :-

| क्र० सं० | योजना का नाम | योजना की लागत राशि | अनुदान | अनुदान की राशि | लाभुक अंशदान | लक्ष्य | लाभुक वर्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | जोड़ा बैल वितरण योजना (02 बैल प्रति इकाई) | 40,000=00 | 90 % | 36,000=00 | 4,000=00 | 97 | अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति/आदिम जनजाति/दिव्यांग |

**पशुपालन प्रक्षेत्र से संबंधित योजनाओं में लाभुकों का चयन हेतु अहर्त्ता निम्नवत् होगी।**

1. योजना का संचालन जिला/प्रखण्ड/पंचायत में कलस्टर चिन्हित करते हुए किया जायेगा।
2. इस योजना के अन्तर्गत लाभुकों का चयन ग्राम सभा से कराते हुए चयनित सूची पर प्रखण्ड स्तरीय चयन समिति द्वारा लाभुकों का अनुशंसा किया जायेगा।
3. लाभुक के पास खेती योग्य भूमि हो एवं बी०पी०एल० कोटि के श्रेणी में आते हो।
4. योजना का लाभ अनु०जा०/अनु०ज०जा०/आदिम जनजाति एवं दिव्यांग जनों को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
5. चयनित लाभुक स्थानीय निवासी हो।
6. योजना अन्तर्गत चयनित प्रत्येक लाभुकों का Escrow Account/Dedicated Bank Account संबंधित DAHO के द्वारा अनिवार्य रूप से खोला जाएगा एवं अनुदान की राशि Escrow Account/Dedicated Bank Account में ही हस्तानांतरित की जाएगीं।
7. पशुपालन योजना के अन्तर्गत योजना का क्रियान्वयन 90% अनुदान की राशि एवं लाभुक अंशदान 10% की राशि पर होगा।
8. पशु की आपूर्ति नियमानुसार पशुपालन निदेशालय से निबंधित/सूचीबद्ध आपूर्तिकर्त्ता के द्वारा किया जायेगा।
9. आवेदन प्रपत्र संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।
10. इच्छुक पशुपालक अपने आवेदन के साथ ग्राम सभा के रजिस्टर में अंकित ग्राम सभा के बैठक की अनुशंसित सूची की छायाप्रति के साथ अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के पास दिनांक 15.07.2026 तक कार्यालय अवधि में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। विलम्ब से प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
11. योजना से संबंधित जानकारी संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय अथवा जिला पशुपालन कार्यालय, राँची से प्राप्त की जा सकती हैं।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी, राँची

PR 383027 Animal Husbandry(26-27)#D

## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पूर्व, राँची

### अति अल्पकालिन निविदा सूचना -15/2026-27

1)विभाग का नाम :पेयजल एवं स्वचछता विभाग, झारखण्ड, रॉंची ।
2)विज्ञापन दाता का नाम :कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, रॉंची पूर्व रॉंची ।
3)परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :1.7.2026 अपराह्न 5 बजे तक।
4)निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :2.7.2026 अपराहन 3:30 बजे तक।
5)निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 2.7.2026 अपराह्न 4 बजे।
6) परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व, रॉंची।
2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची।
7) निविदा प्राप्ति का स्थान :1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची।
8)कार्य विवरणी :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्रा० राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु0 में) | परिमाण वि० का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Special repair and improvement of water supply with replacement of pipe & sanitary fittings and connection of water supply, Replacement of water tanks at quarter no. A 1-12 , 24 Set, Near seth sitaram school, Doranda, Ranchi and others High court quarters under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 1967399.00 | 39400.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 2 | Replacement of the plastic pipes with GI pipes in the drainage system, cleaning of drain, cleaning and covering of water tanks of Quarter No. B-25, B-26, B-24, B-23, 30 Set, Near seth sitaram school, Doranda Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. | 1116777.00 | 22400.00 | 2500.00 | 15 Days |
| 3 | Renovation of Toilet and bath room, and kitchen, Improvement of W/S, sanitary fittings & Sewerage Work at Quarter no. B-827 Sector-2 and other Jharkhand vidhan sabha pool quartes, Ranchi Under D W&S.Division Ranchi East Ranchi. | 791856.00 | 15900.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 4 | Seepage repair and Renovation , improvement of water supply and sewarage work with changing of all fittings at Quarter no. A-7, 48 set, Seth sitaram, B-12, Behind indira palace, B-33, 30 set pool, near nepal house, M.O.-11, 56 set, Doranda & other High Court pool quarters Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. | 1312836.00 | 26300.00 | 2500.00 | 15 Days |

आवश्यक शर्तों के लिए देखें www.jharkhand.gov.in
Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० रॉंची पूर्व रॉंची

PR 383035 (Drinking Water and Sanitation)26-27*D

## झारखण्ड सरकार
## वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग
### न्यायालय:- प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, खूँटी वन प्रमण्डल, खूँटी

**सूचना**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि खूँटी वन प्रमण्डल के प्रशासनिक क्षेत्राधीन भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के सुसंगत प्रावधानों के उल्लंघन के विरुद्ध भिन्न-भिन्न वन अपराध के क्रम में जप्त वन पदार्थों पर प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, खूँटी वन प्रमण्डल के न्यायालय में भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के अन्तर्गत निहित प्रावधानों के तहत राज्यसात की कार्रवाई चल रही है, जिसमें संबंधित पक्षों को अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु सूचित किया जाता है कि निर्धारित सुनवाई की तिथि:-27.06.2026 को 11:00 बजे पूर्वाहन में ससमय प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, खूँटी वन प्रमण्डल के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा न्यायालय द्वारा उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर एकतरफा निर्णय ले लिया जाएगा। भिन्न-भिन्न वन अपराध के क्रम में जप्त वन पदार्थ तथा वन वाद से संबंधित अधिहरण वाद की विवरणी निम्नवत है:-

| क्र0 सं0 | अधिहरण वाद सं0 | जप्त वन पदार्थ की विवरणी | अभियुक्त का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 03/2020 | टाटा-407 EX पिकअप भान नम्बर-JH-08B-1102, तथा साल बोटा-26 अद्द | बालेश्वर साहू, पिता-त्रिवेणी साहू, ग्राम-चौरी बस्ती, थाना-कांके, जिला-राँची। |
| 2 | 06/2020 | महिन्द्रा बोलेरो पिकअप भान नम्बर JH01DG-6914 तथा साल चौखट-51 पीस एवं गम्हार चिरान-167 पीस | कृष्णा महतो, पिता-सोमनाथ महतो, ग्राम-डोड़मा, थाना-तोरपा, जिला-खूँटी। |
| 3 | 19/2021 | मोटर साईकिल होण्डा साईन नम्बर-JH-01CQ-3583 तथा साल बोटा-81 अद्द | 1. अनुप साहू, पिता-अनिरुद्ध साहू, ग्राम-पुरनानगर, थाना-अड़की, जिला-खूँटी। वर्त्तमान पता-NH-33 तमाड, घाघरसोतिया, आकाशदीप लाईन होटल, थाना-तमाड़, जिला-राँची। 2. लक्ष्मण साहू, पिता-स्व0 माडू गांझू, पता-कर्रा रोड, खूँटी, थाना-खूँटी, जिला-खूँटी। 3. दशय मुण्डा, पिता-उदय मुण्डा (बाईक स्वामी), पता-बगड़ी, थाना-अड़की, जिला-खूँटी। |
| 4 | 29/2021 | 1. डम्पर नम्बर- JH-02N-0757 2. सुपर स्पलेंडर मोटर साईकिल नम्बर-JH-01CJ-1338 तथा मिश्रित बोटा-29 अद्द | 1. रमेश कुमार साहू, पिता-गिरधारी साहू, ग्राम-सिलादोन, थाना-खूँटी, जिला-खूँटी। वर्त्तमान पता-बेलाहाथी रोड, थाना-खूँटी, जिला-खूँटी। 2. ओम प्रकाश साहू, पिता-स्व0 सोमरण साव, ग्राम-सिलादोन, थाना-खूँटी, जिला-खूँटी। |
| 5 | 14/2022 | छः चक्का ट्रक नम्बर- UP-65R-0287 तथा साल बोटा-125 पीस | अलाउद्दीन अंसारी, पिता-अहमद मियां, ग्राम-जाला, थाना-बालुमाथ, जिला-लातेहार। |
| 6 | 24/2022 | 407 मालवाहन ट्रक नम्बर-JH-01L-8241 तथा साल बोटा-28 अद्द एवं मिश्रित बोटा-07 अद्द | 1. शेख तालिम, पिता-शेख जानुम, ग्राम-जामवाद, थाना-हुडा, जिला-पुरुलिया (पश्चिम बंगाल)। 2. शेख सैफुल, पिता-शेख मुर्शीद, ग्राम-जामवाद, थाना-हुडा, जिला- पुरुलिया (पश्चिम बंगाल) 3. मुकेश नायक, पिता-स्व0 योगेन्द्र नायक, ग्राम-नामकोम, थाना-नामकोम, जिला-राँची। 4. पलटु महतो, पिता-सरजन महतो, ग्राम-बोगांईबेड़ा, थाना-अनगड़ा, जिला-राँची। |
| 7 | 23/2023 | टाटा टर्बो ट्रक बिना नम्बर का तथा जामुन बोटा-29 अद्द | अज्ञात |
| 8 | 40/2023 | साल बोटा-41 अद्द | 1. चेरगा उरांव, पिता-लोझो उरांव, ग्राम-गड़के, थाना-कर्रा, जिला-खूँटी। 2. किशोर पहान, पिता-हरिशचंन्द्र पहान, ग्रम-डुफ्फु, थाना-कर्रा, जिला-खूँटी। |
| 9 | 73/2024 | टाटा-407 ट्रक नम्बर-JH01T-5150 तथा साल बोटा-34 अद्द | 1. मुकुन्द सिंह, पिता-स्व0 अकलु सिंह, ग्राम-तमाड़ नीचे टोला, थाना-तमाड़, जिला-राँची। 2. बशिष्ट सिंह, पिता-शिव पूजन सिंह, ग्राम-बसंत विहार कॉलोनी, थाना-पण्डरा, जिला-राँची। |
| 10 | 85/2024 | साल बोटा-10 अद्द | 1. सुरेश काऊक, पिता-अज्ञात, ग्राम-कच्चाबारी, थाना-कर्रा, जिला-खूँटी। |
| 11 | 86/2024 | अशोक लीलैण्ड ट्रक (3118IL) 12 चक्का नम्बर-JH-02AD-5329 तथा साल बोटा-53 पीस | 1. शाहिद खान, पिता-नेसार खान, ग्राम-आजाद बस्ती, थाना-मुरहू, जिला-खूँटी 2. उपेन्द्र ओहदार, पिता-अज्ञात, ग्राम-टाटी (सेंसेरा), थाना-तोरपा, जिला-खूँटी। 3. जितेन्द्र कुमार, पिता-स्व0 देववल्लम मिश्रा, ग्राम-सिंजोमनिका, थाना-मनिका, जिला-लतेहार। 4. गोपाल कुमार, पिता-चेतलाल कुमार (वाहन स्वामी), ग्राम-सेयाल (सलगा), थाना-केरेडारी, जिला-हजारीबाग। |

ह0/-
प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, खूँटी वन प्रमण्डल, खूँटी

PR 383058 Forest, Environment and Climate Changes (26-27)_D

# आयात निर्भरता होगी कम 100 उत्पाद किये जाएंगे चिन्हित

आयात निर्भरता कम करने की दिशा में भारत सरकार ने ठोस कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। देश में आयात में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है तो इलेक्ट्रोनिक उत्पादों का आयात 100 अरब डॉलर के आंकड़े को भी पहली बार पार कर गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्र प्रथम, मेड इन इण्डिया और वोकल फॉर लोकल को धरातल पर उतारने को कटिबद्ध हैं। पिछले दिनों देश में 100 सर्वाधिक आयात होने वाले उत्पादों को चिन्हित कर उनका देश में ही उत्पादन बढ़ाने की दिशा में ठोस प्रयास शुरू किये गये हैं। उद्योग एवं व्यापार संवर्धन विभाग के सचिव की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन कर 3 सप्ताह में सरकार को रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है। इसके लिए 6 क्षेत्र विशेष कार्य समूह का गठन किया गया है। कमेटी द्वारा एक मोटे अनुमान के अनुसर 500 आयात होने वाले प्रमुख उत्पादों का अध्ययन किया जाएगा और इनमें से पहले चरण में 100 उत्पादों का चयन किया जाएगा। इन 100 उत्पादों का उत्पादन देश में ही बढ़ाया जाएगा ताकि विदेशों से आयात पर निर्भरता कम हो सके। देश में 2025-26 में 7.5 प्रतिशत ग्रोथ के साथ 775 अरब अमेरिकी डॉलर के उत्पाद आयात हुए हैं। इनमें भी 18 प्रतिशत की विकास दर के साथ सर्वाधिक 116 अरब डॉलर के इलेक्ट्रोनिक उत्पाद आयात किये गये हैं। देश में प्रमुखतः 6 क्षेत्रों में आयात हो रहा है। इनमें फार्मास्यूटिकल, बायोटेक, मेडिकल क्षेत्र, रसायन और पेट्रो केमिकल, कपड़े, जूते आदि सेक्टर, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रिक वाहन ईवी और पूजीगत सामानों का आयात सेक्टर, उर्जा क्षेत्र, निर्माण और संरचना क्षेत्र और रक्षा, एयरोस्पेस, इलेक्ट्रोनिक्स आदि सेक्टर है। यह कमेटी इन सेक्टरों के 500 प्रमुख उत्पादों में से 100 उत्पाद चिन्हित करेंगी जिनका उत्पादन देश में बढ़ाया जा सके और आयात में निर्भरता को कम किया जा सके। कमेटी ने काम आरंभ कर दिया है। सरकार की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि कमेटी को 3 सप्ताह में अपनी रिपोर्ट सरकार को देने के लिए कहा गया है। इसका मतलब यह है कि सरकार सर्वाधिक आयात होने वाले 100 उत्पादों का उत्पादन देश में ही बढ़ाने के लिए संकल्पित है। दरअसल, प्रधानमंत्री वोकल फॉर लोकल की बात हवा में नहीं करते रहे हैं। मेड इन इंडिया और इसकी ब्रॉण्डिंग की बात के पीछे आयात को कम करने और भारतीय उत्पादों की विदेशों में पहचान बनाने और बाजार विकसित करने में हैं। इसी दिशा में बढ़ता एक कदम सरकार को एक जिला एक उत्पाद कार्यक्रम है। भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता और पहचान रही है। आगे भी इसके ठोस प्रयास करने होंगे। दूसरी यह कि आयात का सीधा अर्थ है कि इन उत्पादों की हमारे देश में काफी मांग है और इस मांग की पूर्ति नहीं हो पर रही है और विदेशों से आयात पर निर्भरता बनी हुई है। ऐसे में योजनाबद्ध तरीके से आयात घटाने, स्थानीय आवश्यकता की देश में ही आपूर्ति सुनिश्चित करने और निर्यात बढ़ाने की दिशा में कदम बढ़ाने की आवश्यकता है और सरकार के इन प्रयासों में यही परिलक्षित हो रहा है। किसी भी देश के आर्थिक स्वास्थ्य के लिए आयात पर निर्भरता कम होनी चाहिए। देश में ही उत्पादन होने लगता है तो एक और विदेशी मुद्रा की बचत होती है तो दूसरी और देश में ही रोजगार, निवेश और सरकारी राजस्व के साथ ही इकोनोमी का बूस्ट मिलता है। केन्द्र सरकार ने देश में ही उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन योजना सहित अनेक कदम उठाने जा रही है। इसे इस दृष्टि से शुभ संकेत व सरकार की गंभीरता के रुप में समझा जा सकता है। केन्द्र सरकार ने देश में ही उत्पादन बढ़ाने के लिए पीएलआई यानी प्रोडक्शन लिंक्ड इंस्टेटिव योजना लागू की है। इसमें इलेक्ट्रोनिक्स, फार्मा, ऑटोमोबाइल, रसायन सहित 14 प्रमुख क्षेत्रों को प्रोडक्शन लिंक्ड इंस्टेटिव के दायरें में लाया गया है। इसके साथ ही देश में आरएण्डी सेल बनाकर शोध एवं अनुसंधान पर जोर दिया जा रहा है।

# समान नागरिक संहिता का बाल-अधिकार दृष्टिकोण

डॉ. निवेदिता शर्मा

भले ही भारत का संविधान प्रत्येक बच्चे को गरिमा, समानता, सुरक्षा और विकास का अधिकार प्रदान करता है, किंतु जब भी हम परिवार, विवाह, तलाक, उत्तराधिकार या सामाजिक परंपराओं की चर्चा करते हैं, तब प्रायः वयस्कों के अधिकारों और दायित्वों पर अधिक विचार होता है। जिसकी वाणी अक्सर सबसे कम सुनाई देती है, वे हैं हमारे बच्चे।

वास्तव में किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की सफलता इस बात से मापी जाती है कि वह अपने बच्चों के अधिकारों और हितों की कितनी प्रभावी रक्षा करती है। आज जब मध्यप्रदेश समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की दिशा में विचार कर रहा है, तब यह आवश्यक है कि इसका प्रारूप वैवाहिक, पारिवारिक और उत्तराधिकार संबंधी कानूनों का एकीकरण करने तक सीमित न रहे, वह बाल-अधिकारों की सुरक्षा का भी सशक्त दस्तावेज बने।

इसी दृष्टि से मध्य प्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर विचार करते समय सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह होना चाहिए कि इससे हमारे बच्चों का जीवन कितना बेहतर, सुरक्षित और न्यायपूर्ण बनेगा। यूसीसी का मूल दर्शन "बालक का सर्वोत्तम हित" होना चाहिए, क्योंकि बच्चे किसी भी विवाद, निर्णय या व्यवस्था के पक्षकार नहीं होते, किंतु उसके परिणामों से सबसे अधिक प्रभावित रहते हैं।

### जब परंपरा और बचपन आमने-सामने हों-

हमारे समाज में अनेक परंपराएं और रीति-रिवाज लंबे समय से प्रचलित रहे हैं। अधिकांश परंपराएं समाज को जोड़ने का कार्य करती हैं, किंतु यदि कोई परंपरा किसी बच्चे के स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा या सम्मान में बाधक बनती है, तो वहां बच्चे के अधिकारों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। यूसीसी में यह स्पष्ट होना चाहिए कि विवाह, तलाक, अभिरक्षा, संरक्षकता, भरण-पोषण, दत्तक ग्रहण और उत्तराधिकार से जुड़े प्रत्येक निर्णय में बच्चे का सर्वोत्तम हित सर्वोपरि होगा। कोई भी धार्मिक प्रथा, सामाजिक मान्यता या व्यक्तिगत कानून बच्चे के अधिकारों से ऊपर नहीं हो सकता।

### बाल विवाह : एक बच्ची के सपनों पर सबसे बड़ा प्रहार-

एक कम उम्र की बच्ची, जिसके हाथों में किताबें होनी चाहिए, वह विवाह और मातृत्व की जिम्मेदारियों के बोझ तले दब जाती है। एक किशोर, जिसे शिक्षा और कौशल के अवसर मिलने चाहिए, वह समय से पहले वयस्क जीवन की चुनौतियों में उलझ जाता है, इसलिए यूसीसी में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 की सर्वोच्चता को पूर्ण स्पष्टता के साथ स्थापित किया जाना जरूरी है। कोई भी धर्म, मत, पंथ, समुदाय या परंपरा बाल विवाह को वैधता न दे सके। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि बाल विवाह से जन्मे बच्चों को किसी प्रकार की सामाजिक या कानूनी हानि न हो। बच्चों को उनके माता-पिता के निर्णयों की सजा नहीं मिलनी चाहिए।

### तलाक का सबसे मौन पीड़ित होता है बच्चा-

पति-पत्नी का संबंध टूटता है, पर उस टूटन की सबसे गहरी आवाज अक्सर बच्चे के मन में सुनाई देती है। अनेक बच्चे माता-पिता के विवादों के बीच असुरक्षा, भय, अकेलेपन और मानसिक तनाव का सामना करते हैं। कई बार वे स्वयं को ही इस टूटन का कारण मानने लगते हैं, इसीलिए यूसीसी में यह व्यवस्था होनी चाहिए कि जहां भी तलाक या वैवाहिक विवाद का मामला हो और बच्चे उससे जुड़े हों, वहां उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य, निवास और भावनात्मक सुरक्षा की स्पष्ट योजना प्रस्तुत की जाए। न्यायालय आवश्यकता पड़ने पर "चाइल्ड वेलफेयर इम्पैक्ट असेसमेंट" कर सके, ताकि यह समझा जा सके कि प्रस्तावित निर्णय का बच्चे पर क्या प्रभाव पड़ेगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि किसी भी परिस्थिति में बच्चे को माता-पिता के संघर्ष का हथियार न बनने दिया जाए।

### संयुक्त अभिभावकत्व मिले

एक बच्चा माता या पिता में से किसी एक का नहीं होता। वह दोनों के स्नेह, मार्गदर्शन और संरक्षण का अधिकारी है, इसलिए तलाक के बाद भी बच्चे का दोनों अभिभावकों से संपर्क और भावनात्मक जुड़ाव बना रहना चाहिए। अभिरक्षा का निर्णय कानूनी अधिकारों के आधार तक सीमित न होकर बच्चे की वास्तविक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर किया जाए। पर्याप्त आयु और समझ रखने वाले बच्चों की राय को भी महत्व दिया जाना चाहिए। आखिरकार, उनके जीवन से जुड़े निर्णयों में उनकी आवाज क्यों न सुनी जाए?

### हर बच्चा समान है, उसकी जन्म-परिस्थिति नहीं-

एक सभ्य समाज बच्चों को उनके जन्म की परिस्थितियों से न पहचानते हुए उनके व्यक्तित्व और अधिकारों से पहचानता है। चाहे बच्चा विवाह से जन्मा हो, लिव-इन रिलेशनशिप से, दत्तक ग्रहण के माध्यम से परिवार में आया हो या किसी पूर्व वैध बहुविवाह से उत्पन्न हुआ हो, उसके अधिकार समान होने चाहिए। उत्तराधिकार, शिक्षा, पहचान, भरण-पोषण और संपत्ति के मामलों में किसी भी प्रकार का भेदभाव बच्चों के साथ अन्याय होगा।

विशेष रूप से यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि पुत्र और पुत्री को समान उत्तराधिकार अधिकार प्राप्त हों। संयुक्त परिवार की सहदायिकी संपत्ति में पुत्री को जन्म से वही अधिकार और दायित्व प्राप्त हों जो पुत्र को होते हैं। यह सामाजिक न्याय की दिशा में ऐतिहासिक कदम होगा।

### लिव-इन संबंधों में भी बच्चे के अधिकार सर्वोपरि रहें-

समाज बदल रहा है और पारिवारिक संरचनाएं भी परिवर्तित हो रही हैं, किंतु परिस्थितियां चाहे जो हों, बच्चे के अधिकार कभी कम नहीं हो सकते। यदि किसी लिव-इन रिलेशनशिप से बच्चा जन्म लेता है, तो उसे पूर्ण वैधता, सम्मान और समान अधिकार प्राप्त होने चाहिए। जन्म पंजीयन, शिक्षा, स्वास्थ्य, भरण-पोषण और उत्तराधिकार में किसी प्रकार का भेदभाव न हो। यदि ऐसा संबंध समाप्त होता है, तो बच्चे की अभिरक्षा और भरण-पोषण की स्पष्ट व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए।

### घरेलू हिंसा बच्चों को भी घायल करती है-

जब किसी घर में हिंसा होती है, तो उसके निशान वहां रह रहे बच्चों के मन पर भी पड़ते हैं। ऐसे बच्चे अक्सर भय, अवसाद, असुरक्षा और व्यवहारिक समस्याओं से जूझते हैं, इसीलिए विवाह-विच्छेद, अलगाव या घरेलू हिंसा से जुड़े मामलों में बच्चों की सुरक्षा का जोखिम मूल्यांकन अनिवार्य होना चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर बाल कल्याण समिति या बाल संरक्षण इकाइयों को तत्काल जोड़ा जाना जाए, ताकि किसी भी बच्चे को संकट की स्थिति में अकेला न छोड़ा जाए।

### दत्तक ग्रहण : एक जीवन के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया

हम सभी जानते हैं कि दत्तक ग्रहण किसी बच्चे को परिवार, पहचान और भविष्य देने की प्रक्रिया है, इसलिए यह जरूरी है कि पूरी तरह पारदर्शी, वैधानिक और बाल-केंद्रित हो। सभी दत्तक ग्रहण प्रक्रियाएं किशोर न्याय अधिनियम और सीएआरए के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप संचालित हों तथा अवैध या अनौपचारिक दत्तक ग्रहण पर पूर्ण रोक हो। दत्तक ग्रहण के बाद भी समय-समय पर निगरानी की व्यवस्था हो, ताकि बच्चे का समुचित विकास सुनिश्चित किया जा सके।

### यूसीसी का वास्तविक उद्देश्य : हर बच्चे को समान अवसर-

अतः समान नागरिक संहिता की सफलता इस बात से नहीं मापी जाएगी कि उसने कितने कानूनों को एकरूप किया, बल्कि इससे मापी जाएगी कि उसने कितने बच्चों को असमानता, उपेक्षा और असुरक्षा से मुक्त किया। मध्यप्रदेश के लिए यह एक ऐतिहासिक अवसर है कि वह ऐसी यूसीसी का निर्माण करे, जिसमें हर निर्णय का केंद्र बच्चा हो; जहां किसी बच्चे के अधिकार उसकी पारिवारिक, सामाजिक या धार्मिक पृष्ठभूमि से निर्धारित न हों और जहां हर बच्चे को यह भरोसा हो कि कानून उसके साथ खड़ा है।

## सूडोकु नवताल- 7835

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7834 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

# बांग्लादेश के हिंदुओं की हुंकार

प्रशांत पोल

19 जून को, बांग्लादेश में एक अभूतपूर्व दृश्य देखने मिला। ढाका के नेशनल प्रेस क्लब के सामने, एक विशाल मानव श्रृंखला बनाई गई। फिर दोपहर तक ढाका के विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्र शाहाबाद क्षेत्र में एकत्र हुए। उनकी संख्या इतनी ज्यादा थी कि समूचा शाहाबाद परिसर ठप हो गया। तब तक शाम हो गई थी। इन विद्यार्थियों ने भव्य और प्रभावी मशाल जुलूस निकाला। इस जुलूस को देखकर, मानो महानगर ढाका ठिठक गया..!

ढाका के लिए यह ऐसे दृश्य आम बात हैं। फिर कल 19 जून के इन प्रदर्शनों में ऐसी क्या विशेषता थी कि मात्र ढाका ही नहीं, सारा बांग्लादेश सहम गया। कारण, यह सारे छात्र हिंदू थे। मानव श्रृंखला बनाने वाले सारे कार्यकर्ता हिंदू थे। वह 'हिंदू महजोट' के अंतर्गत भगवान श्रीराम के अपमान के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। फर्क था। बहुत ज्यादा अंतर था। कल तक मार खाने वाला हिंदू, आज आत्मविश्वास से लबालब होकर अपने आराध्य की विडंबना का विरोध प्रकट कर रहा था। बांग्लादेश की सरकार को अल्टीमेटम दे रहा था।

बांग्लादेश के मानचित्र की यदि हम एक कुर्ता पहने हुए व्यक्ति के रूप में कल्पना करते हैं तो उस व्यक्ति के गले के स्थान पर हैं, 'गायबांधा' जिला। इस गायबांधा जिले का पलाशबाड़ी गांव, इस समय समूचे बांग्लादेश में छाया हुआ है। इस पलाशबाड़ी में, हिंदू समुदाय द्वारा भगवान श्रीराम की 81 फीट की मूर्ति का निर्माण किया जा रहा हैं। श्रीश्री राधा गोविंद और काली मंदिर परिसर में निमार्णाधीन इस मूर्ति का 80 फीसद काम पूरा हो चुका हैं। राधा गोविंद मंदिर समिति के अध्यक्ष हरिदास चंद्रदास के नेतृत्व में यह कार्य चल रहा हैं।

विगत कुछ दिनों से इमाम-उलेमा परिषद तथा अन्य कट्टरपंथी इस्लामी संगठनों के विरोध के कारण इस मूर्ति के निर्माण कार्य पूरी तरह से रुका है। कट्टरपंथियों ने इस मूर्ति को ध्वस्त करने की धमकी दी है। इसी कड़ी में, इस हफ्ते कुछ उपद्रवी लोगों ने निमार्णाधीन मूर्ति पर जूते-चप्पलों का ढेर लगा दिया। इस धार्मिक विडंबना के विरोध में बांग्लादेश के हिंदू आक्रामक हुए। ढाका के दक्षिणी हिस्से में स्थित 'जगन्नाथ विश्वविद्यालय' के हिंदू विद्यार्थी सर्वप्रथम इस धार्मिक अवमानना के विरोध में सड़कों पर उतर आए। इस आंदोलन से जो चिंगारी सुलगी, उससे बांग्लादेश के हिंदू जागृत हुए। उसी कड़ी में कल ढाका में हिंदू विद्यार्थियों का अभूतपूर्व प्रदर्शन हुआ।

बांग्लादेश में इस समय मात्र 9 फीसद से 10 प्रतिशत हिंदू बचा हुआ हैं। गायबांधा में तो मात्र 7 प्रतिशत हिंदू हैं। इससे पहले भी इसी प्रकार का हिंदुओं का दमन होते आया है। बांग्लादेश में अनेकों बार हिंदुओं के मंदिर तोड़े गए। आराध्या देवताओं के विग्रह ध्वस्त किए गए। कभी हिंदुओं ने छुटपुट विरोध किया तो अधिकतम समय, मन मसोस कर रह गए।

जी, हां। पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणाम से निकली हिंदुत्व की लहर से बांग्लादेश के हिंदुओं को हिम्मत मिली। साहस मिला। उनका आत्मविश्वास जागृत हुआ, और कल का अभूतपूर्व आंदोलन संपन्न हुआ। हम हमेशा यह समाचार सुनते आए है कि पाकिस्तान में हिंदुओं पर दुर्दांत अत्याचार हुए। उनका बलात धर्म परिवर्तन कराया गया। अनेक हिंदू लड़कियों को भगाया गया... आदि। ऐसे ही समाचार बांग्लादेश से भी आते हैं। 1947 से 1975 तक पूर्व पाकिस्तान और 1975 से आज तक बांग्लादेश में, अनेक हिंदू मंदिर समय-समय पर तोड़े गए। 1975 में पश्चिमी पाकिस्तानी सेना ने बांग्लादेश के हिंदुओं का नरसंहार किया। 2024 के अराजक वातावरण में पुनः यही हुआ। सैकड़ों हिंदू मारे गए। भीड़ द्वारा पीट - पीट कर तो अनेकों बार हिंदुओं की हत्या की गई।

इन सभी अवसरों पर ह्यूमन राइट्स की बातें करने वाले, मानवता का उपदेश देने वाले, सेकुलरिज्म का पाठ पढ़ने वाले हमेशा खामोश रहे। चुप्पी साध कर बैठे रहे।

भारत में भी लगभग 10% से 12% मुसलमान हैं। किंतु यहां अपवाद स्वरुप एक छोटी भी घटना हो जाती है तो यह तमाम मानवाधिकार के पैरोकार, दुनिया में शोर मचाते हैं। अनेकों बार कुछ हुआ नहीं तो भी 'भारत में मुसलमान असुरक्षित' का नारा घूमता है; जैसे कोरोना के समय गूंजा था।

फिर वही प्रश्न। बांग्लादेश और पाकिस्तान में हिंदुओं पर होने वाले अत्याचारों की कोई बराबरी ही नहीं हैं। फिर भी, भारत में छोटी-मोटी घटना होने या ना होने पर भी, विश्व के माध्यम जगत में वह बड़ा समाचार बनता है, किंतु बांग्लादेश और पाकिस्तान के हिंदू नरसंहार का सादा समाचार भी प्रमुखता से नहीं छपता।

इसका कारण है - संगठन। भारत का मुस्लिम समुदाय संगठित है, भले ही अलग-अलग टुकड़ों या संगठनों में हो, किंतु संगठित हैं।

दुर्भाग्य से पाकिस्तान और बांग्लादेश के हिंदुओं के बारे में ऐसा नहीं कह सकते। 1947 के पहले मुसलमानों का राजनीतिक दल था, 'मुस्लिम लीग'। विभाजन के पश्चात भारत में मुस्लिम लीग की कोई प्रासंगिकता नहीं रह गई। फिर भी मुस्लिम लीग जिंदा रही। उसने 'इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग' यह नया नामकरण कर लिया। केरलम में अपनी शक्ति बढ़ाते गए। उनके संसद सदस्य चुनकर आते गए। यूपीए का वह एक हिस्सा रहे। यूपीए के 10 वर्षों के शासनकाल में, उनका मंत्री, कांग्रेस के साथ मंत्रिमंडल का सदस्य था। आज भी केरलम में कांग्रेस का मुख्यमंत्री, इस मुस्लिम लीग की सहमति से और उसकी दम पर ही टिका है। एमआईएम जैसे अन्य मुस्लिम संगठन भी मुस्लिम राजनीति दमखम के साथ करते हैं।

विभाजन के पहले हिंदुओं का एकमात्र राजनीतिक दल था, 'हिंदू महासभा'। दुर्भाग्य से, हिंदुस्तान के हिंदू उसे अपना दल नहीं मानते थे। अंग्रेज और मुसलमान, कांग्रेस को हिंदुओं की पार्टी समझते थे। जबकि कांग्रेस अपने आप को हिंदुओं की पार्टी नहीं मानती थी। कांग्रेस की सारी नीतियां मुस्लिम परस्त थी। विभाजन के बाद क्या हुआ? पश्चिम पाकिस्तान में हिंदू महासभा का थोड़ा बहुत कार्य था। उसके अनेक कार्यकर्ता भारत आ गए। जो वहीं पर डटे रहे, उनका भी मनोबल टूटा हुआ था। इसलिए 1950 के आते-आते, पश्चिम पाकिस्तान से हिंदू महासभा का अस्तित्व समाप्त हो गया।

तुलना में पूर्व पाकिस्तान में हिंदू महासभा की कुछ ताकत थी। अविभाजित बंगाल में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी और निर्मल चंद्र चटर्जी जैसे ताकतवर नेता, हिंदू महासभा के पास थे। श्यामा प्रसाद मुखर्जी के कारण ही बंगाल का विभाजन होकर पश्चिम बंगाल भारत में आ सका। अन्यथा पूरा बंगाल पाकिस्तान में मिलाने की बात हो रही थी।

किंतु पूर्वी पाकिस्तान बनने के बाद वहां पर हिंदू महासभा का कोई खास अस्तित्व नहीं रहा। 1950 में ढाका, बारिसाल, खुलना और अन्य क्षेत्रों में हिंदू विरोधी दंगे हुए। इन दंगों के कारण, या तो हिंदू समाज ने पलायन किया, या वह दबकर रह गया। अर्थात, पूर्व और पश्चिम पाकिस्तान, दोनों में अच्छी खासी संख्या होने के बावजूद भी हिंदू समाज राजनीतिक ताकत के रूप में सामने नहीं आया। दुनिया में शक्ति को ही सब प्रणाम करते हैं। हिंदू यह राजनीतिक या सामाजिक शक्ति के रूप में नहीं रहा, तो स्वाभाविक था, उन पर अत्याचार बढ़ते गए।

आज बांग्लादेश में हिंदुओं के कुछ सामाजिक संगठन हैं। सन 2006 में कुछ हिंदू संगठनों ने मिलकर 'हिंदू महजोट' बनाया। किंतु इसकी गतिविधियां सीमित थी। राजनीतिक शक्ति नहीं थी। अधिकतम हिंदू, शेख हसीना सरकार की अवामी लीग को समर्थन देते थे। 2024 में अवामी लीग का तख्तापलट होने के बाद, हिंदुओं पर जबरदस्त अत्याचार हुए। किंतु 'हिंदू महजोट' ने प्रारंभ में उन्हें राजनीतिक प्रतिशोध माना। इसलिए हिंदू समाज से अपेक्षित प्रतिकार नहीं खड़ा हुआ। किंतु कल का आंदोलन अपवाद था। बांग्लादेश का हिंदू अब जाग गया है, इसका प्रत्यक्ष प्रमाण था। पश्चिम बंगाल के चुनाव ने बहुत कुछ बदला है। अब बांग्लादेश के हिंदू आत्मविश्वास के साथ, संगठित शक्ति का हुंकार भर रहे हैं। यह हिंदुओं के लिए अत्यंत सकारात्मक दृश्य है।

# अमेरिका से साझेदारी, पर भारत किसी के दबाव में नहीं!

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

भारत और अमेरिका आज विश्व की सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारियों में से एक हैं। रक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, सेमीकंडक्टर और हिंद-प्रशांत सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों के संबंध लगातार मजबूत हुए हैं। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन चुका है और दोनों देशों के बीच आर्थिक तथा सामरिक सहयोग नई ऊंचाइयों तक पहुंचा है।

इसके बावजूद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में एच-1बी वीजा, टैरिफ, प्रवासन नीति और बाजार पहुंच जैसे मुद्दों पर अमेरिका ने कई बार भारत पर दबाव बनाने का प्रयास किया। किंतु भारत ने इन चुनौतियों के सामने झुकने के बजाय अपनी रणनीतिक स्वायत्तता और विविधीकरण की नीति को और मजबूत किया। यही वह परिवर्तन है जिसने दुनिया को दिखाया कि नया भारत साझेदारी करता है, लेकिन किसी एक देश पर निर्भर नहीं रहता।

पिछले एक दशक में भारत की विदेश नीति का सबसे बड़ा आधार रणनीतिक स्वायत्तता बनकर उभरा है। भारत अब महाशक्तियों के बीच संतुलन बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखते हुए निर्णय लेता है। रूस-यूक्रेन युद्ध इसका प्रमुख उदाहरण है। पश्चिमी देशों के दबाव के बावजूद भारत ने रूस से तेल खरीद जारी रखी और अपनी ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित की। इस कदम ने स्पष्ट कर दिया कि भारत अब अपने हितों के आधार पर निर्णय लेने वाला स्वतंत्र शक्ति केंद्र बन चुका है।

ट्रंप प्रशासन की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति के कारण भारतीय आईटी पेशेवरों और उद्योग जगत में चिंता बढ़ी। एच-1बी वीजा नियमों को सख्त करने और व्यापारिक मामलों में दबाव बढ़ाने जैसे कदम भारत के लिए चुनौती थे। लेकिन भारत ने इनका उत्तर टकराव से नहीं, बल्कि दीर्घकालिक रणनीति से दिया। भारत ने यह समझ लिया कि किसी एक देश या आपूर्ति स्रोत पर अत्यधिक निर्भरता भविष्य में आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा कर सकती है। इसलिए उसने विविधीकरण को अपनी नीति का प्रमुख आधार बनाया।

ऊर्जा क्षेत्र में भारत ने व्यापक बदलाव किए। पहले जहां तेल आपूर्ति के लिए सीमित स्रोतों पर निर्भरता थी, वहीं अब भारत ने विभिन्न देशों के साथ ऊर्जा सहयोग बढ़ाकर अपनी स्थिति मजबूत की है। इसका परिणाम यह हुआ कि रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया में तनाव और वैश्विक ऊर्जा संकट जैसी परिस्थितियों के बावजूद भारत की ऊर्जा सुरक्षा प्रभावित नहीं हुई। रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार और वैकल्पिक आपूर्ति स्रोतों ने इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वास्थ्य क्षेत्र में भी भारत ने आत्मनिर्भरता और विविधीकरण दोनों को महत्व दिया। कोविड महामारी ने यह स्पष्ट कर दिया कि चिकित्सा उपकरणों और स्वास्थ्य आपूर्ति के लिए किसी एक देश पर निर्भरता खतरनाक हो सकती है। इसी कारण भारत ने विभिन्न देशों के साथ सहयोग बढ़ाने के साथ-साथ घरेलू उत्पादन क्षमता को मजबूत करने पर जोर दिया। 'मेक इन इंडिया' के तहत मेडिकल उपकरणों के निर्माण को प्रोत्साहन दिया गया और स्वास्थ्य क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए।

फार्मास्यूटिकल क्षेत्र में भारत पहले से ही विश्व की प्रमुख दवा उत्पादक शक्ति है, लेकिन सक्रिय औषधीय सामग्री (एपीआई) के लिए बाहरी निर्भरता एक चुनौती थी। इसे कम करने के लिए भारत ने घरेलू उत्पादन को बढ़ावा दिया और नई साझेदारियों का विस्तार किया। इससे न केवल आयात पर निर्भरता कम हुई, बल्कि वैश्विक दवा उद्योग में भारत की स्थिति और मजबूत हुई।


तकनीक और सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भी भारत ने दूरदर्शी नीति अपनाई है। वैश्विक स्तर पर चिप्स और इलेक्ट्रॉनिक्स की बढ़ती मांग को देखते हुए भारत ने प्रमुख तकनीकी देशों के साथ सहयोग बढ़ाया है। देश में स्थापित हो रही सेमीकंडक्टर परियोजनाएं इस बात का संकेत हैं कि भारत भविष्य की तकनीकी अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की तैयारी कर रहा है। इसका उद्देश्य केवल आयात कम करना नहीं, बल्कि भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करना भी है।

रक्षा क्षेत्र में भारत की नीति संतुलन और स्वायत्तता का उत्कृष्ट उदाहरण है। अमेरिका के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाने के साथ-साथ भारत ने रूस, फ्रांस, इजरायल और अन्य देशों के साथ भी अपने संबंध बनाए रखे हैं। इस बहुआयामी रणनीति ने भारत को किसी एक शक्ति केंद्र पर अत्यधिक निर्भर होने से बचाया है और उसकी सामरिक क्षमता को मजबूत किया है। खाद्य सुरक्षा, उर्वरक और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में भी भारत ने विविधीकरण को प्राथमिकता दी है। भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक लिथियम, कोबाल्ट और अन्य महत्वपूर्ण खनिजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न देशों के साथ रणनीतिक सहयोग विकसित किया गया है। इससे भारत की औद्योगिक और तकनीकी जरूरतों को दीर्घकालिक आधार मिला है।

व्यापार और निवेश के क्षेत्र में भी भारत ने नए अवसरों का विस्तार किया है। विभिन्न देशों और क्षेत्रों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों, निवेश सहयोग और सप्लाई चेन साझेदारियों के माध्यम से भारत ने अपने आर्थिक विकल्पों को व्यापक बनाया है। भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा जैसी पहलें इसी सोच का हिस्सा हैं, जिनका उद्देश्य भारत को वैश्विक व्यापार और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क का महत्वपूर्ण केंद्र बनाना है।

## दैनिक पंचांग

24 जून 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 06.57 बजे से |
| चंद्र | तुला में | सिंह | 09.13 बजे से |
| मंगल | वृष में | कन्या | 11.25 बजे से |
| बुध | मिथुन में | तुला | 13.36 बजे से |
| गुरु | कर्क में | वृश्चिक | 15.51 ब.से |
| शुक्र | कर्क में | धनु | 18.07 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 20.12 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 21.58 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 23.31 बजे से |
| राहुकाल | | मेष | 01.02 बजे से |
| 12.00 से 1.30 | | वृष | 02.42 बजे से |
| बजे तक | | मिथुन | 04.40 बजे से |

**बुधवार** 2026 वर्ष का 175 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** दशमी 18.13 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** चित्रा 13.59 बजे को समाप्त।
**योग** परिघ 10.23 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 05.23 बजे तदनन्तर गर 18.13 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 8.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 25'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872750
**जूलियन दिन** 2461215.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** मोहर्रम **तारीख** 08
**विशेष** रानी दुर्गावती बलिदान दिवस, महर्षि गालव अवतरण दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### साहिबगंज सदर में भी खुल सकता है, पेंशन फजीर्वाड़ा का राज

**साहिबगंज:** जिले के बोरियो व बरहेट प्रखंड में पेंशन फजीर्वाड़ा मामला सामने आने के बाद साहिबगंज सदर प्रखंड के बिचौलिया में हड़कंप मचा है। लोगों का मानना है कि अगर साहिबगंज सदर प्रखंड सह अंचल में जांच हो तो पेंशन फजीर्वाड़ा के कई मामले खुल सकता है। ऐसा इसलिए कि बोरियो के ऑपरेटर करीब पांच वर्ष से अधिक समय से यहां साहिबगंज अंचल कार्यालय में पदस्थापित थे। उनका तबादला करीब 2023 में बोरियो हुआ है। जानकारी के अनुसार सदर में ग्रामीण व शहरी मिलकर 16 हजार से अधिक लाभुक है। जांच होने पर ही पता चलेगा कि इसमें कितना सही है और कितना फर्जी तरीके से पेंशन का लाभ लाभुकों को दिया जा रहा है। हलांकि यहां अबतक ऐसा एक भी मामला सामने नहीं आने का दावा किया गया है। दरअसल बोरियो व बरहेट में पेंशन फजीर्वाड़ा मामला सामने आने के बाद अब समाजिक कार्यकताओं की संदेह साहिबगंज सदर अंचल सह प्रखंड कार्यालय पर है। एक समाजिक कार्यकर्ता ने बताया कि अगर यहां भी जांच किया जाए तो ऐसा मामला सामने आ सकता है। संदेह जताते हुए कहा कि यहां भोले भाले लाभुको से पेंशन के लिए पैसा वसुला गया है। आए दिन बिचौलिया यहां प्रखंड सह अंचल कार्यालय का चक्कर काटते देखा जाता है। इधर बोरियो व बरहेट प्रखंड में मामले सामने आने के बाद यहां प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभी लोग सतर्क है। इधर सीओ सह बीडीओ बासुकीनाथ टुडू ने बताया कि यहां सोशल ऑडिट किया गया है। हालांकि यहां अबतक ऐसा एक भी मामला सामने नहीं है। जांच होने पर देखा जाएगा।

### आकाशीय बिजली गिरने से 35 वर्षीय युवक की मौत

**साहिबगंज:** जिले के बरहरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार को भीषण गर्मी में अचानक से भारी बारिश से लोगों को तो राहत मिली,परंतु इस बारिश के बीच अचानक कड़कड़ाहट की गूंज से साथ आकाशीय बिजली गिरी और एक परिवार झटके में बिखर गया। मिली जानकारी के अनुसार बरहरवा प्रखंड के सतगाछी पंचायत के मलिन गाँव में अचानक आकाशीय बिजली गिरने से 35 वर्षीय अर्जुन साहा की मौके पर मौत हो गई। इस खबर से परिवारजनों के साथ साथ पूरे गाँव में मातम से छा गया। मृतक अर्जुन साहा अपने पीछे पत्नी और 5 वर्ष के पुत्र को पीछे छोड़ गए है इस घटना से परिजनों में दु:खो का पहाड़ टूट पड़ा है।

### आम के पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक

**साहिबगंज:** जिले के राधानगर थाना क्षेत्र के खट्टीटोला में मंगलवार के सुबह एक युवक का शव आम के पेड़ पर लटका मिला। ग्रामीणों ने देखा की गांव के ही हबीब शेख (24) का शव आम के पेड़ से फंदे पर लटका हुआ है। इसके बाद ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी। सूचना पाकर ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। उधर, परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। घटना की सूचना मिलने पर राधानगर थाना के एएसआई सुबोधन मरांडी व शशीकांत यादव दल-बल के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने बताया कि प्रथम दृष्टया से मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। परिजनों ने अब तक आवेदन नहीं दिया। आवेदन के आधार पर पुलिस हर एंगल पर कार्रवाई करेगी। जहां 15 दिन पहले पिता ने भी की थी आत्महत्या। युवक का शव आम पेड़ पर लटका मिलने के बाद जितनी मुंह उतनी बातें ग्रामीण कर रहे हैं। ज्ञात हो की 15 दिन पहले युवक के पिता नुर मोहम्मद 45 वर्ष ने जहर खाकर आत्महत्या किया था।

## मुहर्रम को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर पाकुड़ प्रशासन पूरी तरह सतर्क

# उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने की सहयोग और सतर्कता की अपील

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़:** ज़िले के समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में आगामी मुहर्रम पर्व के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न मुहर्रम कमेटियों, अखाड़ा समितियों, शांति समिति के सदस्यों, प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ पर्व के दौरान शांति, सुरक्षा, जनसुविधाओं एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में विभिन्न मुहर्रम कमेटियों एवं अखाड़ा समितियों के प्रतिनिधियों ने साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, जुलूस के निर्धारित मार्ग एवं समय, प्रकाश व्यवस्था, एंबुलेंस सुविधा सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर अपने सुझाव रखे तथा आपसी भाईचारे एवं सांप्रदायिक




सौहार्द के साथ पर्व मनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। वहीं उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि मुहर्रम कमेटियों एवं अखाड़ा समितियों द्वारा दिए गए सुझावों पर गंभीरता से विचार करते हुए प्रशासन द्वारा बेहतर से बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सजग एवं प्रतिबद्ध है। उपायुक्त ने कहा कि सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को मुहर्रम के दौरान पूरी चौकसी बरतने, संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारी एवं पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने तथा असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने ताजिया की ऊंचाई का पूर्व सत्यापन सुनिश्चित करने, विद्युत आपूर्ति से संबंधित सुरक्षा मानकों का पालन करने तथा समिति स्तर पर स्वयंसेवकों की नियुक्ति कर उन्हें पहचान पत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जुलूस केवल निर्धारित मार्गों पर ही निकाले जाएंगे तथा प्रत्येक थाना क्षेत्र के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए जाएंगे। उन्होंने सभी लोगों से शांतिपूर्वक एवं अनुशासित तरीके से मुहर्रम पर्व मनाने की अपील की। साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि मुहर्रम के दिन जिले की सभी शराब दुकानें बंद रहेंगी।

### मुहर्रम को लेकर पाकुड़ पुलिस की मॉक ड्रिल सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा

**पाकुड़:** मुहर्रम पर्व-2026 के दौरान जिले में शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पाकुड़ पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर मंगलवार को जिले में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों तथा जवानों को मॉक ड्रिल कराकर सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस बलों को किसी भी आपात स्थिति से निपटने, भीड़ नियंत्रण, त्वरित कार्रवाई तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के तौर-तरीकों का प्रशिक्षण दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिया कि ड्यूटी के दौरान आम लोगों के साथ शालीन व्यवहार रखें तथा बिना वरीय अधिकारियों के आदेश के बल प्रयोग न करें। किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को देने और बिना अनुमति ड्यूटी स्थल नहीं छोड़ने का भी निर्देश दिया गया।

## राजमहल अंचल कार्यालय परिसर में मिलीं एक्सपायरी सरकारी दवाइयां

### स्वास्थ्य व्यवस्था पर उठे सवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज:** जिले के राजमहल प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में एक पेड़ के नीचे भारी मात्रा में एक्सपायरी सरकारी दवाइयां मिलने से लोगों में चर्चा का विषय बन गया है। एक ओर जहां सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में दवाइयों की कमी तथा स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव की शिकायतें लगातार सामने आती रहती हैं, वहीं दूसरी ओर गर्भवती महिलाओं और मरीजों को वितरित की जाने वाली दवाइयां एक्सपायर होकर खुले में फेंकी जा रही हैं। मिली जानकारी के अनुसार फेंकी गई दवाइयों में आयरन एंड फोलिक एसिड टैबलेट्स आईपी शामिल हैं। यह दवा मुख्य रूप से गर्भवती महिलाओं तथा एनीमिया से पीड़ित मरीजों को दी जाती है। शरीर में आयरन, फोलिक एसिड और खून की कमी को दूर करने के लिए सरकार द्वारा इसे निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। दवा के पत्तों पर झारखंड सरकार का लोगो भी अंकित है, जिससे स्पष्ट है कि यह सरकारी आपूर्ति की दवा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि इतनी बड़ी मात्रा में एक्सपायरी दवाइयां कार्यालय परिसर तक कैसे पहुंचीं और इन्हें यहां किसने फेंका। मामले की जानकारी फैलते ही पूरे प्रखंड कार्यालय में इसकी चर्चा शुरू हो गई। स्थानीय लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की है।

## स्कूल बसों की होगी विशेष जांच, विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़:** ज़िले की उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति, दुर्घटना संभावित स्थलों (ब्लैक स्पॉट) पर सुरक्षा उपायों की प्रगति, सड़क सुरक्षा से संबंधित पूर्व निदेशों के अनुपालन तथा विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी ने जानकारी दी कि मई माह में जिले में कुल 09 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें 07 लोगों की मृत्यु हुई तथा 04 लोग घायल हुए। वहीं जनवरी से मई 2026 तक कुल 34 सड़क दुर्घटनाओं में 27 लोगों की मृत्यु तथा 17 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इन आंकड़ों पर उपायुक्त ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सभी संबंधित विभागों को संवेदनशीलता, जवाबदेही एवं समन्वय के साथ कार्य करना होगा। उपायुक्त ने जिले के चिन्हित दुर्घटना संभावित स्थलों पर सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी अंचलाधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यों को ऐसे स्थानों की पहचान करने को कहा, जहां अंधे मोड़, कम दृश्यता अथवा दुर्घटना की संभावना अधिक रहती है। ऐसे स्थानों पर सोलर ब्लिंकर, स्ट्रीट लाइट, रोड सिगनेज, कॉन्वेक्स मिरर तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरण स्थापित करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जिले के सभी विद्यालयों से समन्वय स्थापित कर यह सुनिश्चित करें कि स्कूल बसों एवं विद्यार्थियों के परिवहन में उपयोग होने वाले सभी वाहनों के दस्तावेज अद्यतन एवं वैध हों। मोटरयान निरीक्षक को सभी स्कूल बसों एवं संबंधित वाहनों का भौतिक निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों की जांच करने का निर्देश दिया गया। आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए उपायुक्त ने संबंधित विभागों को सड़कों की मरम्मत एवं रखरखाव कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए तथा निर्माण के बाद भी नियमित रखरखाव एवं सुरक्षा उपायों की निगरानी सुनिश्चित की जाए।

## अनुकंपा नियुक्ति से तीन परिवारों को मिली नई उम्मीद, उपायुक्त ने सौंपे नियुक्ति पत्र



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़:** ज़िले के समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने अनुकंपा नियुक्ति समिति की अनुशंसा के आधार पर मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। यह नियुक्तियां अनुकंपा समिति द्वारा दिनांक 30 मई 2026 को की गई अनुशंसा के आलोक में प्रदान की गईं। इस अवसर पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने तीन अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समाहरणालय, पाकुड़ में अल्फ्रेड सोरेन को निम्नवर्गीय लिपिक, शिक्षा विभाग में जीशान अहमद को लिपिक तथा समाहरणालय, पाकुड़ में सालफि आलम को अनुसेवक पद पर नियुक्त किया गया। नियुक्ति पत्र वितरण के दौरान उपायुक्त ने कहा कि अनुकंपा नियुक्ति केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि कठिन परिस्थितियों से गुजर रहे परिवारों को संबल प्रदान करने की एक महत्वपूर्ण व्यवस्था है। उन्होंने नव नियुक्त कर्मियों को ईमानदारी, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संदेश दिया। उपायुक्त ने कहा कि सरकारी सेवा समाज एवं राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने सभी नव नियुक्त कर्मियों से अपेक्षा व्यक्त किया कि वे अपने कार्यों के माध्यम से विभाग एवं जिला प्रशासन की गरिमा को और अधिक सुदृढ़ करेंगे।

## दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन घायल, दो रेफर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज:** जिले के राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत तीनपहाड़-राजमहल मुख्य मार्ग पर कर्बला के पास बीते रात लगभग 10:00 बजे अनियंत्रित होकर बाइक से गिरकर दो युवक घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार बेगम पुरा निवासी विष्णु चौधरी (32) और जितेंद्र उरांव (30) तीनपहाड़ की ओर से बाइक से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान आंधी तूफान के कारण सड़क किनारे बांस के छड़ से कुछ बांस सड़क पर गिर पड़ा हुआ था। अंधेरा में नहीं दिखाई देने के कारण अनियंत्रित होकर दोनों सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। दोनों को परिजनों की मदद से इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी में मौजूद डॉक्टर नाजिश अहमद ने प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए विष्णु चौधरी को रेफर कर दिया। वहीं दूसरी ओर फुलवरिया के पास फोर लेन मुख्य मार्ग पर सोमवार को देर रात लगभग 10.15 बजे बेंगडुबी निवासी अंसार शेख (20) उधवा की तरफ से अपने घर लौट रहा था तभी सड़क पर डस्ट गिरा हुआ था अंधेरा के कारण नहीं देख पाया और अनियंत्रित होकर बाइक लेकर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजनों की मदद से इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी में मौजूद डॉक्टर नाजिश अहमद ने प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति में बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। दोनों मामलों की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दिया गया था।

## बरहरवा रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ की बड़ी कार्रवाई : भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ बेगूसराय के दो तस्कर गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज:** बरहरवा रेलवे सुरक्षा बल ने मंगलवार (23 जून 2026) को बरहरवा रेलवे स्टेशन के वेटिंग हॉल के पास से दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर उनके पास से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद की है। यह कार्रवाई आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार को मिली एक गुप्त सूचना के आधार पर की गई। सूचना के तुरंत बाद इंस्पेक्टर संजीव कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें एएसआई जे.के. दुबे, कांस्टेबल मृत्युंजय कुमार, अनिल कुमार साह, अजय कुमार और अमित धर चौधरी शामिल थे।



टीम ने वेटिंग हॉल के पास चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध व्यवहार कर रहे दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर उनके ट्रॉली, पिट्ठू और प्लास्टिक बैग से कुल 47.160 लीटर (262 पाउच) विदेशी शराब बरामद हुई, जिसका अनुमानित मूल्य 36,540/रुपए आंका गया है। पकड़े गए दोनों आरोपी बिहार के बेगूसराय जिले के रहने वाले परशुराम राय उम्र 30 वर्ष पिता स्व. आनंदी राय, निवासी राजौरा,थाना मुफ्फसिल, जिला बेगूसराय (बिहार), के पास में एक पिट्ठू बैग और प्लास्टिक झोले से 'ऑफिसर्स चॉइस एलीट व्हिस्की' (180 मि.ली.) के कुल 86 पाउच, मात्रा 15.480 लीटर, मूल्य 12,040/रुपए, विकेश ठाकुर उम्र 39 वर्ष, पिता अरुण ठाकुर, निवासी खम्हार, थाना मुफ्फसिल, जिला बेगूसराय (बिहार), के पास में दो ट्रेकर कंपनी के ट्रॉली बैगों से ऑफिसर्स चॉइस एलीट व्हिस्की' (180 मि.ली.) के कुल 176 पाउच, मात्रा 31.680 लीटर, मूल्यः 24,500/रुपए व्यावसायिक उद्देश्य से हो रही थी तस्करी, उत्पाद विभाग को सौंपे गए आरोपी से पूछताछ के दौरान आरोपी ने शराब से संबंधित कोई भी वैध कागजात या संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके। बरामद शराब की मात्रा व्यावसायिक प्रकृति की होने के कारण यह स्पष्ट है कि आरोपी रेलवे के माध्यम से अवैध रूप से शराब की तस्करी कर रहे थे। आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार द्वारा प्लेटफार्म संख्या 01 स्थित वेटिंग हॉल के निकट गवाहों की उपस्थिति में जब्ती सूची तैयार कर शराब और बैगों को विधिवत जब्त किया गया। कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद, आरपीएफ ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों, जब्त शराब और दस्तावेजों के साथ आगे की कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग के उपनिरीक्षक दीपक कश्यप को सुपुर्द कर दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### अमड़ापाड़ा बाजार में पुलिस ने चलाया नशा मुक्ति जागरूकता अभियान




**अमड़ापाड़ा:** मंगलवार को पाकुड़ जिले के अमड़ापाड़ा प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार क्षेत्र में पुलिस द्वारा नशे के कुप्रभावों और एनडीपीएस एक्ट के तहत दंड के प्रावधानों को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने दुकानदारों, युवाओं और राहगीरों को इकट्ठा कर नशे से होने वाले सामाजिक, शारीरिक और आर्थिक नुकसान के बारे में विस्तार से बताया। पुलिस ने साफ शब्दों में कहा कि नशे का कारोबार और सेवन दोनों ही गैर-कानूनी हैं। पुलिस टीम ने बताया कि नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस ) एक्ट 1985 के तहत नशीले पर्दाथों की तस्करी, भंडारण और सेवन करने पर कड़ी सजा का प्रावधान है। छोटी मात्रा में पकड़े जाने पर 1 साल तक की सजा और जुमार्ना, जबकि व्यावसायिक मात्रा में पकड़े जाने पर 10 से 20 साल तक की कैद और 1 से 2 लाख रुपये तक का जुमार्ना हो सकता है। वहीं थाना प्रभारी अनुप रोशन भेंगरा ने विशेष रूप से युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहें और अपने दोस्तों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा, ीनशा न केवल एक व्यक्ति को बर्बाद करता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज को अंधकार में धकेल देता है। अगर कहीं भी नशे का कारोबार दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

### मुफ्फसिल थाना पुलिस ने चलाया नशामुक्ति अभियान, लोगों ने ली नशा न करने की शपथ



**साहिबगंज:** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में नशीले पदार्थों के बढ़ते दुरुपयोग को रोकने के लिए मुफ्फसिल थाना पुलिस ने मंगलवार को जनजागरूकता अभियान चलाया। थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडेय के नेतृत्व में सदर प्रखंड के छोटी कोदरजन्ना स्थित बड़ी इमामबाड़ा के पास यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के दौरान थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडेय ने स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को बर्बाद करता है बल्कि पूरे परिवार और समाज को भी खोखला कर देता है। उन्होंने युवाओं से अपील की है कि वे किसी भी तरह के मादक पदार्थ, शराब, गांजा, अफीम या नशीली दवाओं से दूर रहें और दूसरों को भी इसके दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करें। इस मौके पर पुलिस ने उपस्थित महिलाओं, पुरुषों और युवाओं को नशे के खिलाफ शपथ दिलाई। सभी लोगों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे न तो खुद किसी भी प्रकार का नशीला पदार्थ का सेवन करेंगे और न ही अपने आसपास इसे बिकने या इस्तेमाल होने देंगे। साथ ही नशे के कारोबार की सूचना तुरंत पुलिस को देने का वादा भी किया। थाना प्रभारी ने बताया कि जिले को नशामुक्त बनाने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। आम लोगों के सहयोग से ही मादक पदार्थों की तस्करी और सेवन पर पूरी तरह से रोक लगाई जा सकती है।उन्होंने कहा कि अगर कहीं भी नशे का अवैध कारोबार होता दिखे तो तुरंत मुफ्फसिल थाना या डायल 112 पर सूचना दें, सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### विद्यालयों में शुरू हुआ विशेष आधार अपडेशन अभियान, 185 विद्यार्थियों का हुआ अपडेट



**साहिबगंज:** विद्यार्थियों को आधार से संबंधित सेवाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराने तथा विभिन्न शैक्षणिक एवं सरकारी योजनाओं में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन, साहेबगंज द्वारा दिनांक 22 जून 2026 से 03 अगस्त 2026 तक जिले के सभी विद्यालयों में विशेष आधार अपडेशन एवं बायोमेट्रिक अपडेट शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।अभियान के अंतर्गत आज जिले के सभी प्रखंडों में चयनित 14 विद्यालयों में आधार अपडेशन कैंप का सफल आयोजन किया गया। इन शिविरों के माध्यम से विद्यार्थियों के आधार में आवश्यक संशोधन, बायोमेट्रिक अद्यतन एवं अन्य आधार संबंधी कार्य किए गए। अभियान के अंतर्गत आज कूल 185 छात्र-छात्राओं के आधार से संबंधित कार्यों का सफल निष्पादन किया गया। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी पात्र विद्यार्थियों का आधार अद्यतन समयबद्ध एवं सुगमता से पूर्ण हो, जिससे उन्हें शिक्षा, छात्रवृत्ति एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से प्राप्त हो सके। यह विशेष अभियान जिले के विद्यार्थियों के डिजिटल सशक्तिकरण एवं समावेशी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर बड़ी कार्रवाई ट्रेन से 34 बोतल अवैध विदेशी शराब जब्त

**साहिबगंज:** सीआईबी/मालदा की एक टीम ने आरपीएफ/ पोस्ट/ साहिबगंज की सहायता से साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर सुबह 07:00 बजे से अवांछनीय गतिविधियों और प्रतिबंधित वस्तुओं के परिवहन के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया। प्लेटफॉर्म संख्या 02/03 पर गहन जांच और निगरानी के दौरान, टीम ने ट्रेन संख्या 63431 यूपी (एसबीजी-जेएमपी मेमू) के जीएस कोच की बैठने वाली कुर्सी के नीचे दो प्लास्टिक की बोरियां लावारिस हालत में पड़ी देखीं। परिस्थितियों को संदिग्ध पाते हुए, बोरियों की गहन जांच की गई और उनमें विदेशी शराब की बोतलें पाई गईं। सत्यापन करने पर, एक बोरी में मैजिक मोमेंट्स रीमिक्स की 06 बोतलें (प्रत्येक 750 मिली) और मैजिक मोमेंट्स रीमिक्स की 11 बोतलें (प्रत्येक 375 मिली) पाई गईं, जबकि दूसरी बोरी में भी समान मात्रा और ब्रांड की बोतलें थीं। इस प्रकार, 17.250 लीटर मात्रा और 18,860/- रुपये मूल्य की कुल 34 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई। उसके उपरांत टीम द्वारा यात्रियों और आसपास के लोगों से पूछताछ करके बरामद संपत्ति के मालिक या दावेदार का पता लगाने का प्रयास किया गया, लेकिन बोरियों और उनकी सामग्री का दावा करने के लिए कोई आगे नहीं आया। शराब को अवैध रूप से रेलवे परिसर के माध्यम से ले जाया जा रहा था और पकड़े जाने से बचने के लिए इसे छोड़ दिया गया था। बरामद शराब को सीआईबी/मालदा के एएसआई/रवि शंकर यादव द्वारा साहिबगंज रेलवे स्टेशन के एफओबी, बीएचडब्ल्यू छोर के पास प्लेटफॉर्म संख्या 03 पर उपलब्ध गवाहों की उपस्थिति में सुबह 07:58 बजे से 08:30 बजे के बीच उचित जब्ती सूची के तहत लावारिस संपत्ति के रूप में जब्त किया गया।

## एक नजर

### अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर प्रतियोगिताओं का आयोजन

**खूंटी :** पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद और युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार अंतर्गत खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखंड के निदेशानुसार जिला खेल विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर मंगलवार को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मैराथन, साइकिलिंग, हॉकी और तीरंदाजी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उपायुक्त मो जावेद हुसैन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया और उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार प्रकाश मुख्य रूप से उपस्थित थे। सभी अतिथियों पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। जिला खेल पदाधिकारी राजेश कुमार चौधरी ने स्वागत भाषण के माध्यम से प्रतियोगिता के उद्देश्य थौर विभिन्न खेल गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। मौके पर उपायुक्त मो जावेद हुसैन ने कहा कि खूंटी जिले के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। वर्तमान समय में खिलाड़ियों की मेहनत और सुनियोजित तैयारी के साथ-साथ तकनीक का बेहतर उपयोग भी आवश्यक है, जिससे उनके प्रदर्शन को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। उपायुक्त ने कहा कि जिले में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी मौजूद हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में जिले के अधिकाधिक खिलाड़ियों का चयन ओलंपिक में होगा और वे अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से देश के लिए स्वर्ण पदक जीतकर भारत का गौरव बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि भविष्य में खूंटी जिला स्पोर्ट्स हब के साथ-साथ ओलंपिक हब के रूप में भी अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करेगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 12 खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

### बीएलओ और पर्यवेक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**खूंटी :** विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2026 के तहत मंगलवार को प्रखंड सभागार में बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) और पर्यवेक्षकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित, अद्यतन एवं समावेशी बनाना था। कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (एईआरओ) स्मिता नगेशिया ने पुनरीक्षण कार्य की विस्तृत जानकारी दी। मौके पर अधिकारियों ने बताया कि घर-घर सर्वेक्षण कर नए मतदाताओं का नाम जोड़ना, मृत और स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाना एवं मतदाता विवरण में आवश्यक सुधार करना अभियान की प्रमुख प्राथमिकताएं हैं। एसडीओ दीपेश कुमारी ने कहा कि बीएलओ लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने फॉर्म-6,7 एवं 8 भरने की प्रक्रिया के साथ गरुड़ ऐप और बीएलओ ऐप के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी। वहीं एईआरओ स्मीता नगेशिया ने सभी प्रविष्टियों को समय पर और सही तरीके से ऑनलाइन अपलोड करने का निर्देश दिया। प्रशिक्षण में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं के नामांकन, महिला मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने और दिव्यांग मतदाताओं की मैपिंग पर विशेष जोर दिया गया। बताया गया कि 30 जून से 29 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का गणना प्रपत्र दो प्रतियो में देंगे। कार्यक्रम में सभी बीएलओ, पर्यवेक्षक एवं निर्वाचन शाखा के कर्मी उपस्थित थे।

## विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 हेतु बीएलओ एवं सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण संपन्न

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची अत्यंत आवश्यक : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के अंतर्गत दूसरे दिन की प्रथम पाली में 36-बोकारो (ग्रामीण) एवं 37-चंदनकियारी (अ.जा.) विधानसभा क्षेत्र के चास प्रखंड अंतर्गत कार्यरत सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपायुक्त अजय नाथ झा, अनुमंडल पदाधिकारी चास सुश्री प्रांजल ढांढा तथा भूमि सुधार उप समाहर्ता चास उपस्थित रहे।



उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नए मतदाताओं का नाम जोड़ने, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने तथा त्रुटियों के सुधार पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। प्रशिक्षण में प्रखंड विकास पदाधिकारी चास प्रदीप कुमार एवं अंचल अधिकारी चास सेवाराम ने निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप मतदाता सत्यापन, प्रपत्र भरने, घर-घर सर्वेक्षण एवं अभिलेख संधारण की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान कर उन्हें निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से कार्य निष्पादन हेतु प्रेरित किया गया।

### प्रत्यायुक्त विधान समिति की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा

**बोकारो :** सर्किट हाउस बोकारो के सभागार में झारखंड विधानसभा की प्रत्यायुक्त विधान समिति की बैठक माननीय अध्यक्ष सरयू राय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर वन प्रमंडल पदाधिकारी संदीप शिंदे, अपर समाहर्ता सुनील चंद्र, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार सहित सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक की शुरूआत में माननीय अध्यक्ष सरयू राय ने समिति की प्रासंगिकता एवं महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इसके उद्देश्यों से उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया। इसके बाद उन्होंने एक-एक कर सभी विभागों के कार्यों और उपलब्धियों की समीक्षा की। उन्होंने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005, सेवा की गारंटी अधिनियम तथा शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत आम नागरिकों को प्राप्त अधिकारों की जानकारी लेते हुए इनसे संबंधित कार्यों की प्रगति पर चर्चा की।

## वेस्ट टू वेल्थ मॉडल में बीएसएल की बड़ी उपलब्धि, अपशिष्ट से बढ़ाया राजस्व



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बीएसएल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में "वेस्ट टू वेल्थ" पहल के तहत उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करते हुए सर्कुलर इकोनॉमी और सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। संयंत्र ने संसाधनों के कुशल उपयोग, अपशिष्ट न्यूनीकरण तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कई नवाचारपूर्ण पहलें सफलतापूर्वक लागू की हैं।

बीएसएल ने पहली बार बेसिक ऑक्सीजन फर्नेस स्लज का सिंटर प्लांट में उपयोग कर लौह अयस्क फाइन्स की खपत कम की है। वहीं डीकैंटर टार स्लज के पुनर्चक्रण से उत्पादन लागत में कमी और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन नियंत्रण में मदद मिली है। अपशिष्ट लाइमस्टोन फाइन्स के उपयोग से सिंटर उत्पादन क्षमता बढ़ी है तथा फ्लक्स खरीद पर होने वाला खर्च भी घटा है। संयंत्र ने ब्लास्ट फर्नेस स्लैग का ग्रेनुलेशन कर सीमेंट उद्योग को बड़े पैमाने पर आपूर्ति की, जिससे क्लिंकर की खपत और कार्बन उत्सर्जन में कमी आई। इसके अलावा प्रोसेस्ड एलडी स्लैग का उपयोग सिंटर निर्माण, इस्पात उत्पादन, रेलवे बैलास्ट तथा सड़क निर्माण में किया गया। मिल स्केल, फ्ल्यू डस्ट, ईएसपी डस्ट, कोक ब्रीज और फेरस स्लज जैसे उपोत्पादों का पुनर्चक्रण कर उन्हें मूल्यवान सेकेंडरी कच्चे माल में बदला गया।

## युवा उद्यमी वैल्यूएशन के साथ-साथ वास्तविक मूल्य सृजन पर दें ध्यान : अनिल अग्रवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने युवा उद्यमियों को व्यवसाय निर्माण के मूल उद्देश्य को याद रखने की सलाह देते हुए कहा है कि किसी भी स्टार्टअप की वास्तविक सफलता केवल उसकी वैल्यूएशन से नहीं, बल्कि उसके द्वारा समाज, ग्राहकों और हितधारकों के लिए सृजित किए गए वास्तविक मूल्य से तय होती है।

अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किए गए एक संदेश में अनिल अग्रवाल ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी स्टार्टअप इकोसिस्टम में वैल्यूएशन महत्वपूर्ण है और यह किसी उद्यम के लिए ऑक्सीजन की तरह है, लेकिन उद्यमियों को यह नहीं भूलना चाहिए कि उन्होंने अपनी यात्रा केवल निवेश




जुटाने या अगली फंडिंग राउंड तक पहुंचने के लिए शुरू नहीं की थी।

उन्होंने कहा कि अधिकांश उद्यमी किसी समस्या का समाधान खोजने, बाजार में मौजूद किसी कमी को दूर करने और लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से अपनी उद्यमशीलता की शुरूआत करते हैं। हालांकि, समय के साथ व्यवसाय बढ़ने पर अक्सर ध्यान केवल वैल्यूएशन, विकास की गति और अगले माइलस्टोन तक सीमित होकर रह जाता है। अनिल अग्रवाल ने कहा कि दीर्घकालिक सफलता उन संस्थानों को मिलती है जो भरोसेमंद उत्पाद विकसित करते हैं, मजबूत टीमों का निर्माण करते हैं और ऐसे समाधान प्रदान करते हैं जो लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाते हैं। उन्होंने कहा कि बड़े परिवर्तन और स्थायी उपलब्धियां केवल आंकड़ों के पीछे भागने से नहीं, बल्कि मजबूत और सार्थक व्यवसाय खड़ा करने से हासिल होती हैं।

युवा उद्यमियों से अपील करते हुए उन्होंने आगे कहा कि वे सोच-समझकर निर्णय लें, जिम्मेदारी के साथ पूंजी जुटाएं और अपने मूल उद्देश्य को कभी न भूलें। उनके मुताबिक वैल्यूएशन महत्वपूर्ण है, लेकिन उसे व्यवसाय के वास्तविक लक्ष्य और उद्देश्य पर हावी नहीं होने देना चाहिए।

## झुमरी तिलैया में विधिक जागरूकता शिविर में स्थायी लोक अदालत की दी गई जानकारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा के तत्वावधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष रमाकांत मिश्रा के मार्गदर्शन में मंगलवार को झारखंड विधि महाविद्यालय, झुमरी तिलैया में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आम लोगों को स्थायी लोक अदालत, कानूनी अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता तथा विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी देना था।

मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने स्थायी लोक अदालत की कार्यप्रणाली पर विस्तार से प्रकाश




डालते हुए बताया कि इसमें बैंक, डाकघर, बीमा, बिजली, पानी और स्वच्छता जैसी जनोपयोगी सेवाओं से जुड़े मामलों की सुनवाई निःशुल्क की जाती है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विकास रॉय ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकार का प्रयास समाज के हर वर्ग को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और जरूरतमंदों को समय पर कानूनी सहायता उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर स्थायी लोक अदालत की सदस्य ममता सिंह और अनुपमा ने भी विद्यार्थियों को कानूनी जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान गर्मी से बचाव के लिए ओआरएस का वितरण किया गया तथा पम्पलेट भी बांटे गए।

इस मौके पर महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## गंगा दशहरा एवं गायत्री जयंती पर हुआ 12 घंटे का सामूहिक जप एवं हवन-यज्ञ



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** गंगा दशहरा एवं गायत्री जयंती के पावन अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार, डोमचांच गायत्री चेतना केंद्र सहित सपही एवं भेलवाटांड में श्रद्धा और भक्ति के साथ विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रातः से 12 घंटे का सामूहिक गायत्री महामंत्र जप किया गया, वहीं संध्या बेला में सामूहिक आरती, गायत्री चालीसा एवं दीप महायज्ञ का आयोजन हुआ। आगामी कार्यक्रम में वैदिक विधि-विधान से हवन-यज्ञ एवं संस्कार संपन्न किए जाएंगे। कार्यक्रम में गंगा दशहरा और गायत्री जयंती के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि यह पर्व आत्मशुद्धि, सद्विचार और लोकमंगल की भावना को मजबूत करने का संदेश देता है। वक्ताओं ने कहा कि गायत्री मंत्र ज्ञान, विवेक और सद्बुद्धि का स्रोत है। इस अवसर पर गायत्री परिवार के कार्यकताओं ने नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण और संस्कार संवर्धन का संकल्प भी लिया।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान राष्ट्र की एकता और अखंडता का प्रतीक : कमलेश कुमार सिंह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** भारतीय जनता पार्टी के जपला स्थित कार्यालय में मंगलवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि एवं स्मरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके राष्ट्रवादी विचारों, राजनीतिक योगदान और राष्ट्र की एकता के लिए किए गए संघर्ष को याद किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने भारत



की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि ह्लएक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगेह्व का उनका उद्घोष आज भी देशवासियों को राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी का बलिदान भारत की अखंडता और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है तथा उनका जीवन प्रत्येक राष्ट्रभक्त के लिए प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा। उन्होंने युवाओं से उनके आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

भाजपा के वरिष्ठ नेता रामप्रवेश सिंह ने इस मौके पर कहा कि डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए जो संघर्ष किया, वह भारतीय इतिहास में सदैव स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा। उनके विचार और आदर्श आज भी करोड़ों लोगों को राष्ट्र निर्माण और जनसेवा के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

वहीं युवा नेता सूर्या सोनल सिंह ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया। उनका जीवन यह संदेश देता है कि देश की एकता और अखंडता के प्रश्न पर किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश डॉ. मुखर्जी के सपनों के अनुरूप एक सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाएं और नीतियां राष्ट्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### ओपन नेशनल रोलर स्पीड स्केटिंग चैंपियनशिप में आयुष ने जीता दो मेडल



**बोकारो :** 12वीं रैंकिंग ओपन नेशनल स्पीड स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन रांची में रोलर स्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 17 से 21 जून तक किया गया। डीपीएस का 12 वीं कक्षा का छात्र आयुष ओम दास ने प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 1000 मीटर रिंक रेस में झारखंड से दूसरा स्थान के साथ रजत पदक जीतने में सफल रहा। महाराष्ट्र को प्रथम स्थान व मध्य प्रदेश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि 500 मीटर रिंक रेस में तीसरा स्थान के साथ कांस्य पदक जीता। आयुष के पिता जीवन दास बोकारो स्टील प्लांट में डीजीएम के पद पर कार्यरत हैं व माता सुभाश्री दास सरकारी महिला पॉलिटेक्निक, बोकारो में लेक्चरर है। आयुष ने राष्ट्रीय स्तर की स्केटिंग प्रतियोगिता में दो पदक जीतने पर इसका श्रेय अपने माता-पिता, कोच और झारखंड सरकार को दिया।

### प्रेमी की रिहाई की मांग पर मोबाइल टावर पर चढ़ी युवती, हंगामा





**बोकारो :** गोमिया थाना क्षेत्र के ढेंढे गांव में मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब ललपनिया पंचायत के तिलैया गांव निवासी सोनी कुमारी मोबाइल टावर पर चढ़ गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची तथा युवती को सुरक्षित नीचे उतारने के प्रयास में जुट गई। समाचार लिखे जाने तक वह टावर से नीचे नहीं उतरी थी। जानकारी के अनुसार, सोनी कुमारी का कहना है कि जब तक उसके प्रेमी को जेल से रिहा नहीं किया जाएगा, वह टावर से नीचे नहीं उतरेगी। बताया जाता है कि चार दिन पहले ललपनिया थाना प्रभारी जय प्रकाश एक्का उसे रांची से बरामद कर लाए थे। इसी मामले में उसका प्रेमी फिलहाल जेल में बंद है। पुलिस, प्रशासन और परिजन लगातार उसे समझाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन वह अपनी मांग पर अड़ी हुई है। एहतियात के तौर पर सुरक्षा घेरा बनाया गया है। टावर के नीचे ग्रामीणों की भीड़ जुटी हुई है। प्रशासन ने लोगों से अफवाहों से बचने और शांति बनाए रखने की अपील की है।

### झारखंड की नदियों और पर्यावरणीय संकट पर राज्यपाल से मिला प्रतिनिधिमंडल, सौंपा ज्ञापन



**बोकारो :** स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान के चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को महासचिव शशि भूषण ओझा 'मुकुल' के नेतृत्व में झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से लोकभवन में मुलाकात कर राज्य की गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं और नदियों की दुर्दशा से संबंधित विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बोकारो की गरगा नदी और सिंगारी जोरिया में बढ़ते प्रदूषण, चास नगर निगम एवं बोकारो इस्पात संयंत्र की कॉलोनियों से निकलने वाले गंदे पानी के सीधे प्रवाह तथा नदी संरक्षण के लिए जल शोधन संयंत्र स्थापित करने की मांग उठाई गई। प्रतिनिधिमंडल ने दामोदर, स्वर्णरेखा, बराकर समेत अन्य नदियों में बढ़ते प्रदूषण पर भी चिंता जताई। साथ ही धनबाद-फुसरो क्षेत्र में भूगर्भीय कोयला आग से उत्पन्न पर्यावरणीय संकट तथा बोकारो के आईटीआई मोड़ के पास लंबे समय से हो रहे कचरा डंपिंग की समस्या को भी प्रमुखता से उठाया गया। राज्यपाल ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक कार्रवाई के लिए उचित स्तर पर विचार करने का आश्वासन दिया।

### चार माह पूर्व हुई थी शादी, विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**जयनगर :** जयनगर थाना क्षेत्र के लतबेधवा गांव में एक विवाहिता द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान 23 वर्षीय संजना कुमारी, पति अमर सिंह, के रूप में हुई है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार संजना की शादी करीब चार माह पूर्व मरकच्चो प्रखंड के पश्चिमी मोहल्ला निवासी अमर सिंह के साथ धूमधाम से हुई थी। शादी के बाद सब कुछ सामान्य चल रहा था। करीब पांच दिन पूर्व वह अपने मायके लतबेधवा आई हुई थी। मृतका के पिता बसंत सिंह ने बताया कि सोमवार रात संजना उनके साथ जयनगर में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने गई थी। रात करीब 11 बजे सभी लोग वापस घर लौटे। घर आने के बाद संजना की अपने पति से फोन पर बातचीत भी हुई थी, जिसके बाद वह अपने कमरे में सोने चली गई। मंगलवार सुबह उसकी मां घर की साफ-सफाई कर रही थीं। जब वह संजना के कमरे के पास पहुंचीं और दरवाजा खटखटाया तो अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। संदेह होने पर परिजनों ने उसके मोबाइल पर कई बार कॉल किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद घर के पीछे से खिड़की में झांककर देखा गया तो संजना कमरे में लगे पंखे से फंदे के सहारे लटकी हुई मिली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने दरवाजा तोड़कर कमरे में प्रवेश किया तथा तत्काल जयनगर पुलिस को सूचना दी। साथ ही मृतका के ससुराल पक्ष को भी घटना की जानकारी दी गई, जिसके बाद वे भी मौके पर पहुंचे। सूचना पर पहुंची जयनगर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मृतका का मोबाइल भी अपने कब्जे में लिया है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है। फिलहाल आत्महत्या के पीछे के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।

## संक्षिप्त डायरी

### बिहार में गाड़ी मालिकों से वसूले गए 1 करोड़ 24 लाख रुपये, 819 शातिर अपराधी भी गिरफ्तार

**पटना (एजेंसी)** बिहार में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया. इस दौरान 819 वांटेड अपराधियों को गिरफ्तार किया गया. इसके साथ ही गाड़ी मालिकों से 1 करोड़ 24 लाख रुपये का जुमार्ना भी वसूला गया.पटना से मनोज कुमार की रिपोर्ट : बिहार में कानून-व्यवस्था को दुरुस्त करने और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें सफलता मिली. राज्यभर में चलाए गए इस व्यापक अभियान के दौरान कुल 86 हजार 308 गाड़ियों की जांच की गई. इस चेकिंग के दौरान पुलिस को अपराधियों की धर पकड़ में कामयाबी हासिल हुई है. विशेष चेकिंग अभियान 16 मई से 20 जून तक राज्य के सभी प्रमुख चौराहों, हाईवे और संवेदनशील रूटों पर चलाया गया था. अपराधियों और वारंटियों पर पुलिस का शिकंजा पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक, इस सघन चेकिंग अभियान के दौरान विभिन्न जिलों से कुल 819 वांटेड अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है. ये ऐसे शातिर अपराधी हैं, जो लंबे समय से पुलिस की आंखों में धूल झोंककर फरार चल रहे थे. इसके अलावा, न्यायालय की ओर से जारी गैर-जमानती वारंट के आधार पर 375 वारंटियों को भी दबोचा गया है. बड़े पैमाने पर की गई जब्ती इस एक महीने से अधिक समय तक चले अभियान के दौरान पुलिस ने संदिग्ध पाए गए 91 गाड़ियों को जब्त कर लिया है. इसके साथ ही, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले और बिना उचित डॉक्यूमेंट्स के चलने वाले 8,604 गाड़ियों का चालान किया गया. इस पूरी कार्रवाई के तहत पुलिस ने गाड़ी मालिकों से कुल 1 करोड़ 24 लाख रुपये का जुमार्ना वसूला है. अवैध हथियारों और भारी मात्रा में नशे की खेप बरामद सुरक्षा के लिहाज से इस अभियान की सबसे बड़ी कामयाबी अवैध हथियारों और नशीले पदार्थों की बरामदगी रही. चेकिंग के दौरान गाड़ियों से 16 अवैध हथियार और 49 जिंदा कारतूस बरामद किए गए. इससे किसी बड़ी आपराधिक घटना को समय रहते टाल दिया गया. इसके साथ ही, सूबे में नशा तस्करों के नेटवर्क को ध्वस्त करते हुए पुलिस ने भारी मात्रा में गांजा और अन्य प्रतिबंधित मादक पदार्थ जब्त किए हैं.

### भरत तिवारी के परिजनों को मिला प्रशांत किशोर का भरोसा, 24 जून को मुलाकात करने जायेंगे बिलौटी गांव

**पटना (एजेंसी)** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर (बुधवार) 24 जून को भोजपुर के बिलौटी गांव जायेंगे. वे पुलिस एनकाउंटर में मारे गए भरत तिवारी के परिजनों से मुलाकात करेंगे. उन्होंने परिजनों को हर मदद का भरोसा दिया है. जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर 24 जून को भोजपुर जाएंगे. बिलौटी गांव में वो भरत तिवारी के परिवार से मुलाकात करेंगे. मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार को भरत तिवारी के परिजनों और मित्रों ने बिहटा स्थित बिहार नव-निर्माण आश्रम में प्रशांत किशोर से मुलाकात की थी. इस दौरान परिजनों ने प्रशांत किशोर के सामने अपनी बात रखते हुए न्याय दिलाने की गुहार लगाई. साथ ही, उन्होंने प्रशांत किशोर से 24 जून को इस मुद्दे पर होने वाली महापंचायत में शामिल होने का विशेष आग्रह किया था. ऐसे में अब 24 जून को प्रशांत किशोर पीड़ित परिजनों से मिलेंगे. परिजनों को ढङ ने दिया मदद का भरोसा परिजनों की मांग और आग्रह पर प्रशांत किशोर ने उन्हें इस लड़ाई में हर संभव मदद करने का पूरा भरोसा दिया है. तय कार्यक्रम के अनुसार, प्रशांत किशोर बुधवार 24 जून को सुबह 11 बजे भोजपुर के शाहपुर प्रखंड अंतर्गत बिलौटी गांव पहुंचेंगे. वहां वे पीड़ित परिवार से मिलकर सांत्वना देंगे और आगे की रणनीति पर चर्चा करेंगे. इस दौरे को लेकर स्थानीय जन सुराज कार्यकताओं और ग्रामीणों की ओर से तैयारी पूरी कर ली गई है. 24 जून को बिलौटी में होनी है महापंचायत भरत तिवारी को न्याय दिलाने की मांग लगातार तेज होती जा रही है. इसे लेकर बिलौटी गांव में 24 जून को एक बड़ी महापंचायत आयोजित की जाएगी. इस महापंचायत में बिहार और यूपी से 10 हजार से ज्यादा लोगों के जुटने की संभावना जताई जा रही है. इसमें 36 बिरादरियों के लोगों के साथ-साथ समाज के प्रबुद्ध वर्ग को शामिल होने का आह्वान किया गया है. आयोजन को लेकर इलाके में चर्चा तेज हो गई है और इसे एक अहम सामाजिक पहल के रूप में देखा जा रहा है.

### बिहार में बेखौफ अपराधी: हाजीपुर में ज्वेलरी दुकान से 25 लाख के गहने लूटकर चार बदमाश फरार, जांच में जुटी पुलिस

**पटना (एजेंसी)** वैशाली के बेलसर थाना क्षेत्र में चार हथियारबंद बदमाशों ने स्वर्ण व्यवसायी से पिस्टल की नोक पर करीब 25 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण लूट लिए. एफएसएल टीम ने जांच शुरू की, पुलिस छापेमारी में जुटी है. (विनय पटेल) वैशाली जिले के बेलसर थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात बेखौफ अपराधियों ने एक स्वर्ण व्यवसायी को पिस्टल की नोक पर बंधक बनाकर करीब 25 लाख रुपये से अधिक मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण लूट लिए. घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है. पुलिस ने मामला दर्ज कर अपराधियों की तलाश शुरू कर दी है. घर लौट रहे स्वर्ण व्यवसायी को बनाया निशाना जानकारी के अनुसार, बेलसर थाना क्षेत्र के जारंग रामपुर गांव निवासी स्वर्ण व्यवसायी राजकिशोर कुमार सोमवार रात करीब नौ बजे लालगंज बाजार स्थित अपनी ज्वेलरी दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे. जैसे ही वह जारंग गांव स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय के पास पहुंचे, झाड़ियों में पहले से घात लगाए बैठे चार हथियारबंद बदमाशों ने उनकी बाइक रोक ली. पिस्टल तानकर लूटे सोने-चांदी के आभूषण पीड़ित व्यवसायी ने बताया कि अपराधियों ने पिस्टल तानकर जान से मारने की धमकी दी और बाइक की चाबी निकालकर डिक्की खोल दी. बदमाश डिक्की में रखा करीब 200 ग्राम सोने के आभूषण, डेढ़ किलोग्राम चांदी के पायल सहित अन्य जेवरात से भरा बैग लूट ले गए. इसके अलावा जेब में रखे कुछ आभूषण भी छीन लिए. दो बाइक से फरार हुए बदमाश लूटपाट के बाद अपराधियों ने व्यवसायी को पीछे मुड़कर नहीं देखने की धमकी दी और दो बाइक पर सवार होकर फरार हो गए. घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी. एफएसएल टीम ने की जांच, पुलिस की छापेमारी जारी सूचना मिलते ही बेलसर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की. मंगलवार को एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए. प्रभारी थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि पुलिस वैज्ञानिक और मानवीय सूचना के आधार पर अपराधियों की पहचान कर रही है. उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा.

### लाखों की डील, फर्जी स्कॉलर और बायोमेट्रिक में सेंध, ऐसे चलता है सॉल्वर गैंग का पूरा खेल

**पटना (एजेंसी)** मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी में सफलता पाने के लिए जहां लाखों छात्र वर्षों तक कठिन परिश्रम करते हैं, वहीं कुछ लोग अवैध रास्तों से इस व्यवस्था को चुनौती देने में जुटे हैं. लखीसराय जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों से नौ फर्जी परीक्षार्थियों की गिरफ्तारी के बाद सॉल्वर गैंग के संगठित नेटवर्क की चर्चा तेज हो गयी है. शुरूआती जांच और विशेषज्ञों की मानें तो इस पूरे खेल में बायोमेट्रिक सत्यापन, फर्जी पहचान और मोटी रकम के लेनदेन की अहम भूमिका होती है. लखीसराय से राजीव मुरारी सिन्हा/राजेश कुमार की रिपोर्ट डॉक्टर बनने का सपना देखने वाले लाखों छात्रों के बीच एक ऐसा काला कारोबार भी सक्रिय है, जो मेहनत नहीं बल्कि पैसे के दम पर मेडिकल कॉलेज का रास्ता खोजता है.

# नालंदा से फिर जुड़ रहे Re-Nee3 परीक्षा फजीवाड़ा के तार, पावापुरी मेडिकल कॉलेज का छात्र है सरगना

**पटना (एजेंसी)** नीट 2026 रद्द होने से पहले नालंदा से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था. अब फिर री नीट एक्जाम में पावापुरी मेडिकल कॉलेज के छात्र रवि उर्फ रविशंकर उर्फ सम्राट का नाम सामने आया है. 3 मई को पेपर लीक होने के कारण नीट 2026 की परीक्षा रद्द कर दी गयी थी. इससे पहले नालंदा से तीन लोगों अवधेश कुमार, पंकज कुमार और अमन कुमार को गिरफ्तार किया गया था. इस मामले में पावापुरी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस सेकंड ईयर का छात्र उज्ज्वल उर्फ राजा बाबू का नाम आया था. इसके बाद फिर अब री नीट एक्जाम में पावापुरी मेडिकल कॉलेज के छात्र रवि उर्फ रविशंकर उर्फ सम्राट का नाम सामने आया है. लखीसराय में री नीट परीक्षा के दौरान गड़बड़ी करते पकड़े गये छात्र ने इसका खुलासा किया. इसकी जांच पुलिस कर रही है. पावापुरी मेडिकल कॉलेज फिर चर्चा में नालंदा जिले का पावापुरी मेडिकल कॉलेज एक बार




फिर चर्चा में है. नीट परीक्षा में सेंध लगानेवाले गिरोह का सरगना मेडिकल कॉलेज का छात्र रवि उर्फ रविशंकर उर्फ सम्राट बताया जा रहा है. इसका खुलासा री-नीट एक्जाम के दौरान लखीसराय में बायोमैट्रिक व्यवस्था में सेंध लगा कर गड़बड़ी करते पकड़े गये छात्र मंजीत कुमार ने किया. 2026 में पेपर लीक मामले में पावापुरी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के सेकेंड इयर के छात्र उज्ज्वल उर्फ राजा बाबू का नाम आया था. हालांकि, परीक्षा रद्द कर दी गयी थी. इस मामले की जांच कर रही सीबीआई ने उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी भी की थी. पावापुरी मेडिकल कॉलेज का छात्र कर रहा है फजीर्वाड़े का संचालन. पावापुरी मेडिकल कॉलेज के छात्र रवि ने लाखों रुपये में की थी डील लखीसराय के कवैया थाना क्षेत्र स्थित हसनपुर उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र पर रविवार को दो छात्रों को नीट परीक्षा में गड़बड़ी करते पकड़ा गया था. पूछताछ में उसने अपना नाम मंतोष कुमार बताया. वह मधेपुरा का रहने वाला है और न्यू जलपाईगुड़ी गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस चौथे वर्ष का छात्र है. जांच में सामने आया कि वह नालंदा निवासी संजीत कुमार की जगह परीक्षा देने पहुंचा था. पूछताछ में मंतोष कुमार ने कई खुलासे किये. उसने बताया कि पूरे फजीर्वाड़े का संचालन पावापुरी मेडिकल कॉलेज के छात्र रवि उर्फ रविशंकर उर्फ सम्राट कर रहा है. संजीत कुमार को परीक्षा में पास कराने के लिए लाखों रुपये का सौदा तय हुआ था. मेडिकल छात्र बना ह्यस्कॉलरह्न, मोटी रकम पर हुआ था सौदा अन्य अभ्यर्थी की जगह परीक्षा दे रहे युवक विवेक कुमार को गिरफ्तार किया गया था. वह एएन मगध मेडिकल कॉलेज का चौथे वर्ष का एमबीबीएस छात्र है. विवेक कुमार प्रभात अमन नामक अभ्यर्थी की जगह परीक्षा दे रहा था. पूछताछ के दौरान उसने अपने सहयोगी अर्पित राज का नाम बताया, जो परीक्षा केंद्र के बाहर उसका इंतजार कर रहा था. लखीसराय में कैसे पकड़ा गया फजीर्वाड़ा लखीसराय जिले के 4 केंद्रों पर 21 जून 2026 को नीट पुनर्परीक्षा आयोजित की गई थी. परीक्षा के दौरान मूल परीक्षार्थियों के स्थान पर फर्जी/स्कॉलर परीक्षार्थियों के बैठने की सूचना मिलने पर अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया. इस टीम द्वारा परीक्षा केंद्रों पर की गई गहन जांच-पड़ताल के बाद के आर के कॉलेज, केंद्रीय विद्यालय एवं उच्च विद्यालय, हसनपुर से गिरफ्तारियां की गईं. इस गिरोह के अपराध करने का तरीका बेहद शातिर था, जिसमें वास्तविक अभ्यर्थी के स्थान पर डमी अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश कराया जाता था. इस काम में परीक्षा केंद्र पर तैनात बायोमेट्रिक कर्मियों की सीधी संलिप्तता और सहयोग था.

## पटना में फर्जी माइनिंग ऑफिसर बनकर की लाखों की ठगी, जब्त ट्रक छुड़वाने का दिया झांसा

**पटना (एजेंसी)** में साइबर ठगों ने माइनिंग ऑफिसर बनकर महिला से 7.75 लाख रुपये ठग लिए. जब्त ट्रक छुड़वाने के नाम पर हुई बड़ी साइबर ठगी. पटना से नितिश सिंह की रिपोर्ट पटना साइबर अपराधियों ने खुद को खनन विभाग का अधिकारी बताकर एक महिला से 7.75 लाख रुपये की ठगी कर ली. ठगों ने पंचमहला थाना में जब्त ट्रक को छुड़वाने का झांसा देकर इस वारदात को अंजाम दिया. पीड़िता चुनचुन देवी ने मामले की शिकायत साइबर थाने में दर्ज कराई है. ट्रक जब्ती के बाद शुरू हुआ ठगी का खेल चुनचुन देवी ने पुलिस को बताया कि उनका 12 चक्का ट्रक अवैध खनन के आरोप में 12 अप्रैल 2026 को जब्त किया गया था. इस मामले में पंचमहला थाना में केस भी दर्ज किया गया था और ट्रक मालिक पर 8.79 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया



था. खुद को माइनिंग ऑफिसर बताकर किया संपर्क ट्रक जब्त होने के कुछ दिनों बाद एक अज्ञात नंबर से कॉल आया. कॉल करने वाले व्यक्ति ने अपना परिचय खनन विभाग के माइनिंग ऑफिसर गोविंद कुमार के रूप में दिया. उसने दावा किया कि वह जुमार्ना प्रक्रिया पूरी कराकर ट्रक को जल्द रिलीज करवा देगा. किस्तों में जमा कराए गए लाखों रुपये जब चुनचुन देवी ने एकमुश्त जुमार्ना राशि देने में असमर्थता जताई, तब कथित अधिकारी ने उन्हें किस्तों में भुगतान करने की सलाह दी. भरोसा दिलाते हुए उसने कहा कि पैसे जमा होते ही ट्रक छोड़ दिया जाएगा. इसके बाद पीड़िता से यूपीआई के माध्यम से राकेश कुमार और हिमांशु रंजन नामक व्यक्तियों के खातों में कुल 7.75 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए गए. ट्रक रिलीज का झांसा देकर मांगे और पैसे आरोपी ने बाद में फिर संपर्क कर कहा कि शेष राशि जमा करने पर 1 मई तक ट्रक रिलीज हो जाएगा. साथ ही उसने पीड़िता से सादे कागज पर हस्ताक्षर कर उसकी फोटो व्हाट्सएप पर भेजने को भी कहा. इसी बात पर चुनचुन देवी को संदेह हुआ. खनन कार्यालय पहुंचने पर खुला फजीर्वाड़े का राज शक होने पर चुनचुन देवी सीधे खनन विभाग के कार्यालय पहुंच गईं. वहां उन्होंने संबंधित नंबर पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन फोन नहीं लगा. इसके बाद कार्यालय के कर्मियों से बातचीत में पता चला कि वास्तविक माइनिंग ऑफिसर गोविंद कुमार ने ऐसी किसी प्रक्रिया या मांग से इनकार कर दिया. साइबर थाने में दर्ज कराया मामला ठगी का एहसास होने के बाद पीड़िता ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई. पुलिस मामले की जांच कर रही है और संबंधित बैंक खातों एवं मोबाइल नंबरों की जानकारी जुटाई जा रही है. अंदरूनी जानकारी लीक होने की आशंका चुनचुन देवी ने आशंका जताई है कि खनन विभाग या उससे जुड़े किसी व्यक्ति ने उनकी ट्रक जब्ती और जुमार्ने की जानकारी ठगों तक पहुंचाई हो सकती है. इसी जानकारी के आधार पर अपराधियों ने उन्हें निशाना बनाया और लाखों रुपये की ठगी को अंजाम दिया.

## पटना में फर्जी माइनिंग ऑफिसर बनकर की लाखों की ठगी, जब्त ट्रक छुड़वाने का दिया झांसा

**पटना (एजेंसी)** पटना में साइबर ठगों ने माइनिंग ऑफिसर बनकर महिला से 7.75 लाख रुपये ठग लिए. जब्त ट्रक छुड़वाने के नाम पर हुई बड़ी साइबर ठगी. पटना से नितिश सिंह की रिपोर्ट पटना साइबर अपराधियों ने खुद को खनन विभाग का अधिकारी बताकर एक महिला से 7.75 लाख रुपये की ठगी कर ली. ठगों ने पंचमहला थाना में जब्त ट्रक को छुड़वाने का झांसा देकर इस वारदात को अंजाम दिया. पीड़िता चुनचुन देवी ने मामले की शिकायत साइबर थाने में दर्ज कराई है. ट्रक जब्ती के बाद शुरू हुआ ठगी का खेल चुनचुन देवी ने पुलिस को बताया कि उनका 12 चक्का ट्रक अवैध खनन के आरोप में 12 अप्रैल 2026 को जब्त किया गया था. इस मामले में पंचमहला थाना में केस भी दर्ज किया गया था और ट्रक मालिक पर 8.79 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया था. खुद को माइनिंग ऑफिसर बताकर किया संपर्क ट्रक जब्त होने के कुछ दिनों



बाद एक अज्ञात नंबर से कॉल आया. कॉल करने वाले व्यक्ति ने अपना परिचय खनन विभाग के माइनिंग ऑफिसर गोविंद कुमार के रूप में दिया. उसने दावा किया कि वह जुमार्ना प्रक्रिया पूरी कराकर ट्रक को जल्द रिलीज करवा देगा. किस्तों में जमा कराए गए लाखों रुपये जब चुनचुन देवी ने एकमुश्त जुमार्ना राशि देने में असमर्थता जताई, तब कथित अधिकारी ने उन्हें किस्तों में भुगतान करने की सलाह दी. भरोसा दिलाते हुए उसने कहा कि पैसे जमा होते ही ट्रक छोड़ दिया जाएगा. इसके बाद पीड़िता से यूपीआई के माध्यम से राकेश कुमार और हिमांशु रंजन नामक व्यक्तियों के खातों में कुल 7.75 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए गए. ट्रक रिलीज का झांसा देकर मांगे और पैसे आरोपी ने बाद में फिर संपर्क कर कहा कि शेष राशि जमा करने पर 1 मई तक ट्रक रिलीज हो जाएगा. साथ ही उसने पीड़िता से सादे कागज पर हस्ताक्षर कर उसकी फोटो व्हाट्सएप पर भेजने को भी कहा. इसी बात पर चुनचुन देवी को संदेह हुआ.

## औरंगाबाद में प्रभात खबर का प्रतिभा सम्मान समारोह, 800 मेधावी छात्र-छात्राएं किए गए सम्मानित

**पटना (एजेंसी)** औरंगाबाद के नगर भवन में आज प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. मैट्रिक और इंटर के 800 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में शिक्षा विशेषज्ञ भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन दिया गया. (सुजीत कुमार सिंह) औरंगाबाद जिले के मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान के लिए आज नगर भवन में भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं भी शामिल हुए. शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को मिला सम्मान आयोजन समिति के अनुसार समारोह में उन छात्र-छात्राओं को सम्मान पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने-अपने बोर्ड की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है. कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करना और उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए प्रेरित करना है. रजिस्ट्रेशन कराने वाले विद्यार्थियों को ही मिला प्रवेश आयोजन समिति ने बताया कि कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया गया था. कुल 800 मेधावी विद्यार्थियों के लिए सीटें निर्धारित की गई थी. बिना रजिस्ट्रेशन के किसी भी छात्र-छात्रा को कार्यक्रम स्थल में प्रवेश नहीं दिया गया. विद्यार्थियों के लिए क्यूआर कोड के माध्यम से रजिस्ट्रेशन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई थी.



विशेषज्ञ करेंगे करियर का मार्गदर्शन प्रतिभा सम्मान समारोह में शिक्षा जगत से जुड़े विशेषज्ञ और गणमान्य अतिथि भी मौजूद रहें. वे विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं और करियर से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन दिए. आयोजन समिति का मानना है कि इस तरह के कार्यक्रम छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना भी विकसित करते हैं. हेल्पलाइन नंबर पर मिली जानकारी रजिस्ट्रेशन और कार्यक्रम से जुड़ी अन्य जानकारी के लिए आयोजन समिति ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया था. विद्यार्थी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए हेल्पलाइन पर संपर्क कर सकते हैं या क्यूआर कोड स्कैन कर रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं.

## बिहार में अगले 7 दिन भारी! IMD की चेतावनी, इन जिलों में अत्यधिक बारिश का अलर्ट


**पटना (एजेंसी)** बिहार में मानसून सक्रिय हो गया है. क्टऊ पटना ने अगले सात दिनों के लिए कई जिलों में भारी बारिश, वज्रपात और तेज हवा का अलर्ट जारी किया है. 28 जून को अररिया और किशनगंज में अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी दी गई है. बिहार में दक्षिण-पश्चिम मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है और अब इसका असर राज्य के अधिकांश हिस्सों में दिखने लगा है. मौसम विज्ञान केंद्र पटना की ओर से जारी ताजा स्टेट वेदर बुलेटिन के मुताबिक अगले सात दिनों के दौरान बिहार के कई जिलों में गरज-तड़क, वज्रपात, तेज हवा और भारी बारिश की संभावना है. खासकर सीमांचल, मिथिलांचल और उत्तर बिहार के जिलों के लिए मौसम विभाग ने विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी है. मौसम विभाग के अनुसार मानसून की उत्तरी सीमा गया और मुजफ्फरपुर होते हुए आगे बढ़ रही है. अगले 48 घंटे में बिहार के और हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं. राज्य के ऊपर कई मौसमी सिस्टम सक्रिय हैं, जिसके कारण बारिश की गतिविधियां लगातार बनी रहेंगी. 22 जून को अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, सुपौल, मधुबनी, भागलपुर और बांका में भारी बारिश के साथ 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने और वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है. वहीं मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा, वैशाली, सीतामढ़ी, शिवहर, सहरसा और खगड़िया समेत कई जिलों में भी मेघगर्जन और तेज हवा चलने की संभावना है. मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर और दरभंगा में कैसा रहेगा मौसम

उत्तर मध्य बिहार के जिलों मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी, सीतामढ़ी, शिवहर और वैशाली में अगले कई दिनों तक रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना जताई गई है. 28 जून को इन इलाकों में अनेक स्थानों पर बारिश होने का अनुमान है. यानी सप्ताह के अंत तक बारिश की गतिविधियां और बढ़ सकती हैं. 25 जून से फिर बढ़ेगी बारिश की गतिविधि मौसम विभाग के अनुसार 25 जून को पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण और गोपालगंज में भारी बारिश के साथ 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है. इसके अलावा सारण, सीवान और उत्तर बिहार के अन्य जिलों में भी वज्रपात और तेज हवा का खतरा रहेगा. 26 और 27 जून को भी समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, वैशाली, मधुबनी, सीतामढ़ी और शिवहर समेत कई जिलों में मेघगर्जन और तेज हवा की संभावना बनी रहेगी. 28 जून को सीमांचल में अत्यधिक भारी बारिश का अलर्ट सप्ताह का सबसे बड़ा मौसम अलर्ट 28 जून के लिए जारी किया गया है. मौसम विभाग ने अररिया और किशनगंज में अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी दी है. इसके अलावा कटिहार, पूर्णिया, सुपौल, मधुबनी, सीतामढ़ी, शिवहर और दोनों चंपारण जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई गई है. मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले 24 घंटे के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है. इसके बाद हल्की बढ़ोतरी होगी. उत्तर बिहार के अधिकांश जिलों में सप्ताह के अंत



तक अधिकतम तापमान 32 से 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है,

जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी. लोगों के लिए मौसम विभाग की सलाह मौसम विभाग ने लोगों को खराब मौसम के दौरान खुले मैदान, पेड़ और बिजली के खंभों से दूर रहने की सलाह दी है. भारी बारिश के दौरान निचले इलाकों में जलजमाव और नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी की आशंका जताई गई है. किसानों और आम लोगों से मौसम की ताजा जानकारी पर लगातार नजर रखने को कहा गया है.



# मनोविज्ञान की फील्ड में बना सकते हैं करियर

मनोविज्ञान का क्षेत्र है, जिसमें प्रत्येक आयुवर्ग के लोग विशेषज्ञता हासिल कर अपना करियर बना सकते हैं। इसमें मानव मन और व्यवहार का अध्ययन किया जाता है। मसलन, मस्तिष्क तनाव में कैसे काम करता है, यह कैसे भाषा सीखता है, तथ्यों को कैसे याद रखता है या किसी भी तरह की मानसिक बीमारी इसके काम करने के तरीके को कैसे प्रभावित कर सकती है। इस सेक्टर में विशेषज्ञता और रुचियों के आधार पर मनोविज्ञान डिग्री धारकों के लिए कई अलग-अलग विकल्प उपलब्ध हैं, जो कि इस प्रकार हैं-

- मनोविज्ञानी
- मनोचिकित्सक
- समाज सेवक
- काउंसलर
- शैक्षिक मनोवैज्ञानिक
- मानव संसाधन प्रबंधक
- अध्यापक
- अनुसंधान भूमिकाएं
- मीडिया भूमिकाएं
- मनोविज्ञान में करियर

मनोविज्ञान का कोर्स करने के बाद छात्र पब्लिक और प्राइवेट हेल्थ केयर, एजुकेशन, मेंटल हेल्थ स्पोर्ट्स, सोशल वर्क, थेरेपी एंड काउंसलिंग जैसे कई सेक्टर में करियर बना सकते हैं। यहां पर वे सलाहकार, अनुसंधान-आधारित, उपचार-आधारित या चिकित्सीय की भूमिका निभा सकते हैं। इसके अलावा मीडिया और अन्य रचनात्मक फील्ड में नौकरियों सहित मनोविज्ञान स्नातकों के लिए कई ऑप्शन भी हैं।

## चार्टर्ड मनोवैज्ञानिक

एक चार्टर्ड मनोवैज्ञानिक के तौर पर आप व्यावसायिक मनोविज्ञान, शैक्षिक मनोविज्ञान, खेल और मानसिक स्वास्थ्य जैसे कई क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल कर सकते हैं। यहां आप सभी पृष्ठभूमि के लोगों, रोगियों और क्लाइंट के साथ काम कर सकते हैं। इसके अंतर्गत आप कुछ मनोवैज्ञानिक मुद्दों पर बेहतर ढंग से समझने और सलाह देने के लिए आप व्यवहार, विचारों और भावनाओं का विश्लेषण कर सकते हैं। हालांकि यदि आप मनोचिकित्सक बनना चाहते हैं तो इसके लिए आपको मेडिकल डिग्री हासिल करने की आवश्यकता होगी।

## मनोचिकित्सक

एक मनोचिकित्सक के तौर आपको व्यक्तियों, जोड़ों, समूहों या परिवारों के साथ काम करता होगा। जिससे आप अपने क्लाइंट्स को भावनात्मक और रिश्ते से संबंधित मुद्दों, तनाव और यहां तक कि व्यसन सहित मनोवैज्ञानिक परेशानियों को दूर करने में मदद कर सके। इनमें संज्ञानात्मक व्यवहार विधियां, मनोविश्लेषणात्मक और मनोगतिक चिकित्सा, साथ ही कला चिकित्सा, नाटक चिकित्सा, ह्यूमनिस्टिक और एकीकृत मनोचिकित्सा, सम्मोहन-मनोचिकित्सा और अनुभवात्मक चिकित्सा शामिल हैं।

## समाज सेवक

एक सामाजिक कार्यकर्ता के तौर पर आपको ऐसे लोगों की स्थितियों में सुधार लाने के लिए काम करना होगा, जो अपने जीवन में कठिन दौर से गुजर रहे हैं। ये कोई भी हो सकते हैं जैसे बच्चों या बुजुर्गों का या ऐसा ही अन्य कोई ग्रुप, विकलांग लोगों और अपराध और दुर्व्यवहार के शिकार लोगों सहित अन्य कई। सामाजिक कार्यकर्ता स्कूलों, घरों, अस्पतालों या अन्य सार्वजनिक एजेंसियों के भीतर काम कर सकते हैं।

## काउंसलर

एक काउंसलर लोगों को उनके जीवन, भावनाओं और अनुभवों के साथ बेहतर तरीके से सामंजस्य बिठाने में मदद करता है। यहां पर क्लाइंट की बातों को ध्यान से सुनना एक काउंसलर के लिए सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होता है। एक काउंसलर में सुनने, सहानुभूति देने, सम्मान और धैर्य प्रदान करने की क्षमता साथ विश्लेषण करने की क्षमता होनी जरूरी है, ताकि क्लाइंट को उनकी स्थिति से बेहतर तरीके से निपटने में सक्षम बनाया जा सके। एक काउंसलर अक्सर विवाह और परिवार, स्वास्थ्य, दुर्व्यवहार, पुनर्वास, शिक्षा, दुख, मानसिक स्वास्थ्य, करियर मार्गदर्शन और बाल रोग सहित अनेक क्षेत्र शामिल हैं।

## शिक्षा में मनोविज्ञान करियर

मनोविज्ञान कोर्स के बाद आप शिक्षा के क्षेत्र में भी जा सकते हैं। यहां आप शिक्षा के साथ-साथ शैक्षिक चिकित्सा, शैक्षिक मनोविज्ञान और शिक्षा के भीतर सामाजिक कार्य, मनोविज्ञान स्नातक प्राथमिक, माध्यमिक या कॉलेज, यूनिवर्सिटी स्तर की शिक्षा में काम कर रहे शिक्षकों के रूप में कार्य कर सकते हैं। इसके अलावा जेल के अंदर के युवा अपराधियों को ठीक करने के लिए काम कर सकते हैं। वहीं महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में करियर में प्रवेश करने के लिए आपको मास्टर / पीएचडी योग्यता की आवश्यकता होगी। उच्च शिक्षा के अंतर्गत आप शिक्षण या रिसर्च दोनों ही क्षेत्र में करियर बना सकते हैं।

## रिसर्च में करियर

मनोविज्ञान के तौर पर आप रिसर्च एजेंसियों, पब्लिक और प्राइवेट ऑर्गनाइजेशन या विश्वविद्यालयों में रिसर्च कर सकते हैं। सभी क्षेत्रों के भीतर रिसर्च करियर और भी व्यापक हैं, इसमें सरकारी नीति विकास या उद्योग के लिए काम कर सकते हैं। आप एक चैरिटी या अन्य गैर-लाभकारी संगठन के लिए भी काम कर सकते हैं जो भाषण बाधाओं, मस्तिष्क क्षति, बाल विकास या मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य पर कानूनी और अवैध दवाओं के प्रभाव जैसी चुनौतियों को हल करने के लिए रिसर्च कर रहे हैं।

## मीडिया और विज्ञापन करियर

मनोविज्ञान डिग्री होल्डरों के लिए मीडिया में भी विविध करियर हैं। मनोविज्ञान स्नातक मानव व्यवहार को लेकर कंपनी के लिए कई महत्वपूर्ण बातें बता सकते हैं। साथ ही समस्याओं का विश्लेषण करने, ध्यान से सुनने, प्रतिक्रिया देने और सहानुभूति और कारण के साथ कार्य करने की क्षमता प्रदान कर सकते हैं। इस वजह से, प्रबंधन, उत्पादन, शेड्यूलिंग और लेखन सहित सभी विभागों के भीतर मनोविज्ञान स्नातकों की मांग होती है।

## मानव संसाधन और संचार करियर

मनोविज्ञान की डिग्री के साथ ह्यूमन रिसोर्स और कम्युनिकेशन करियर भी एक अच्छा विकल्प है। पब्लिक और प्राइवेट दोनों क्षेत्रों में उपलब्ध इन भूमिकाओं में कर्मचारी संतुष्टि, व्यावसायिक विकास, प्रशिक्षण, भर्ती, पीआर, पेरोल और आंतरिक संचार जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

**इंटरनेशनल रिलेशन में पीएचडी करना चाहते है तो मास्टर्स में न्यूनतम 55% अंक आवश्यक है। इसके अलावा इंटरनेशनल रिलेशन से संबंधित विषयों में पोस्ट ग्रेजुएशन या एम. फिल की डिग्री होनी चाहिए।**



# इंटरनेशनल रिलेशन में पीएचडी करना चाहते हैं क्या है प्रवेश प्रक्रिया

अगर आप भी इंटरनेशनल रिलेशन में पीएचडी करना चाहते है तो मास्टर्स में न्यूनतम 55% अंक आवश्यक है। इसके अलावा इंटरनेशनल रिलेशन से संबंधित विषयों में पोस्ट ग्रेजुएशन या एम. फिल की डिग्री होनी चाहिए। यह 3-5 साल का कोर्स होता है। इसमें अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, अंतर्राष्ट्रीय संबन्ध, और विभिन्न देशों के बीच सम्बन्ध के कारकों और पहलुओं का अध्ययन और विश्लेषण किया जाता है। अगर आप भी इंटरनेशनल स्टडीज में पीएचडी करके राजनयिक के तौर पर काम करना चाहते है तो आइये जानते है इसमें नामांकन के लिए क्या योग्यताएं होनी चाहिये।

## योग्यता

- संबंधित विषय में एम फिल की डिग्री या पोस्ट ग्रेजुएशन होना चाहिए।
- उम्मीदवार के पास मास्टर डिग्री में न्यूनतम 55% अंक होना आवश्यक है।
- विश्वविद्यालयों द्वारा भी परीक्षाएं आयोजित कराई जाती है।
- आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 5% अंकों की छूट दी जाती है।
- यूजीसी-नेट जैसी राष्ट्रीय परीक्षाओं भी आयोजित की जाती हैं।
- प्रवेश परीक्षा के बाद साक्षात्कार होता है अगर आपने उसमें अच्छा स्कोर किया तो आपको स्कॉलरशिप भी मिल सकती है।

## रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया

पीएचडी इन इंटरनेशनल स्टडीज के लिए भारत के टॉप कॉलेजों द्वारा अपनाई जाने वाली एडमिशन प्रोसेस इस प्रकार है

- ऑफिशयल वेबसाइट पर जाएं।
- ऑफिशयल वेबसाइट पर जाने के बाद आवेदन फॉर्म भरें।
- फार्म को ध्यान से भरें नहीं तो आपका फार्म रिजेक्ट हो सकता है
- सभी दस्तावेज जो भी मांगे गए है उनको अपलोड करिये।
- ऑनलाइन फॉर्म की फीस जमा करें।
- फार्म को सबमिट करें।

## प्रवेश परीक्षा

अगर आप किसी अच्छी यूनिवर्सिटी में प्रवेश लेना चाहते है तो प्रवेश परीक्षा में अच्छा स्कोर करना पड़ेगा। रजिस्ट्रेशन के बाद एडमिट कार्ड जारी किये जाते है। जिनमे परीक्षा की सारी जानकारी होती है। प्रवेश प्रक्रिया सीएसआईआर यूजीसी नेट, एसआईयू पीईटी, एमिटी यूनिवर्सिटी पीईटी जैसे एंट्रेंस एग्जाम पर निर्भर करती है।

## प्रवेश प्रक्रिया

परीक्षा परिणाम के लिए आप वेबसाइट से जानकारी प्राप्त कर सकते है, प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है। साक्षात्कार में सफल होने के बाद डॉक्टरेट स्तर पर इंटरनेशनल स्टडीज का अध्ययन करने के लिए एडमिशन दिया जाता है।

## पीएचडी इन इंटरनेशनल स्टडीज- सिलेबस

- एडवांस्ड थ्योरी ऑफ इंटरनेशनल रिलेशन
- एडवांस्ड रिसर्च मेथड
- फेमिनिस्ट इंटरनेशनल रिलेशन
- थिसिस
- शांति और संघर्ष अध्ययन

## देश के कुछ टॉप कॉलेज

- झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय
- सिम्बायोसिस लॉ स्कूल, पुणे
- लाजपत राय लॉ कॉलेज
- शिव नादर विश्वविद्यालय
- गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय
- रॉयल ग्लोबल यूनिवर्सिटी
- एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा
- कलिंग विश्वविद्यालय
- पंजाब विश्वविद्यालय
- पी.पी. सवानी विश्वविद्यालय
- यूएनओएम, मद्रास विश्वविद्यालय
- गुरु नानक देव विश्वविद्यालय



**क्रिएटिव राइटिंग सिर्फ शौक ही नहीं, करियर भी बन सकता है। इसी के साथ जुड़ा हुआ है एक और करियर, जो है ट्रांसलेटर यानी अनुवादक का। इसके लिए तो अनेक संस्थानों में काफी स्कोप रहता है।**

# करियर भी बना सकता है क्रिएटिव राइटिंग का शौक

## कहां है मांग?

रेलवे, बैंक, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों (पीएसयू) आदि में अनुवादकों की अच्छी डिमांड रहती है। आप चाहें, तो फीलांसर के तौर पर भी काम कर सकते हैं। वहीं इंटरप्रेटर के रूप में खुद को तैयार करके आप विभिन्न देशों के दूतावासों तथा विदेशी कंपनियों में जॉब पा सकते हैं। यह एक दिलचस्प जॉब है, जिसमें हर दिन कुछ नया सीखने को मिलता है। अभ्यास बहुत जरूरी लेखक बनने का हुनर कई लोगों में जन्मजात होता है मगर इस हुनर को मांजना बहुत जरूरी है। हर लिखने वाला प्रभावशाली नहीं होता। अगर आप भी बतौर क्रिएटिव राइटर करियर बनाना चाहते हैं, तो सरल, सहज और प्रभावी लिखने का अभ्यास करते रहें। पुराने क्लासिक्स से लेकर नए, प्रमुख लेखकों की किताबें तथा पत्र-पत्रिकाओं मे छपने वाले उनके कॉलम जरूर पढ़ते रहें। आप जितना ज्यादा पढ़ेंगे, उतना ही आपका लेखन निखरेगा। यहां ध्यान रखने वाली बात यह है कि आप सीखें सबसे लेकिन लिखते समय अपनी मौलिक पहचान जरूर बनाए रखें। आपके लेखन में किसी अन्य लेखक की नकल या प्रभाव नहीं दिखना चाहिए।

## कहां से पढ़ें?

यदि आप करियर के तौर पर क्रिएटिव राइटिंग या ट्रांसलेशन को अपनाना चाहते हैं, तो बेहतर होगा कि आप इसके लिए बाकायदा कोर्स कर लें। क्रिएटिव राइटिंग का कोर्स इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय तथा अन्य प्रमुख विश्वविद्यालयों से किया जा सकता है। वहीं ट्रांसलेटर या इंटरप्रेटर बनने के लिए आपको केंद्रीय हिंदी संस्थान या किसी अन्य आधिकारिक संस्थान से अनुवाद का कोर्स करना होगा।



**अगर आप सक्सेसफुल करियर बनाना चाहते हैं, तो आपके अंदर बेहतर कम्युनिकेशन स्किल का होना बेहद जरूरी है। क्योंकि एक अच्छी कम्युनिकेशन स्किल से आप अपने करियर को उच्च स्तर तक ले जा सकते हैं। कम्युनिकेशन स्किल आपकी पर्सनेलिटी का ही हिस्सा है, इसलिए अपनी पर्सनालिटी को इंप्रूव करने के लिए आपको अपनी कम्यूनिकेशन स्किल भी बेहतर करनी होगी।**



# पर्सनालिटी को इंप्रूव करने के लिए जरूरी है कम्युनिकेशन स्किल

कम्युनिकेशन स्किल बातचीत करना की एक कला है। ये बिल्कुल भी जरूरी नही है कि हर इंसान को बात करने की कला या सही तरीका आता हो। कम्युनिकेशन स्किल का डिग्री और पढ़ाई-लिखाई से भी कुछ लेना देना नहीं है, क्योंकि ये जरूरी नही है कि हर पढ़े-लिखे और डिग्रीधारी शख्स की कम्युनिकेशन स्किल अच्छी ही हो। लेकिन कुछ बातों का ध्यान रखकर इसमें सुधार जरूर किया जा सकता है।

## बॉडी लैंग्वेज सही रखें

यह एक तरह का नॉन-वर्बल कम्युनिकेशन होता है, जिसमें आप बिना कुछ बोले बॉडी के हाव-भाव से सब कुछ कह देते हैं। बॉडी लैंग्वेज को देखकर आप सामने वाले पर्सन के बारे में सब कुछ समझ जाते हैं, तो अगर आप अपनी कम्युनिकेशन स्किल्स को बढ़ाना चाहते हैं तो आपको अपनी बॉडी लैंग्वेज को सही रखना जरूरी है। अपनी बॉडी लैंग्वेज के द्वारा आप सामने वाले को अपनी बात आसानी से समझा सकते हैं, लोगों से बात करते समय या मीटिंग्स में जेब में हाथ डालकर या हाथों को फोल्ड करने नहीं रखना चाहिए है आपको सामने वाले को अपनी बात समझाने के लिए अपनी बॉडी लैंग्वेज का सही तरह से यूज करना चाहिए।

## दूसरों की बातें ध्यान से सुनें

अगर आप अपनी कम्युनिकेशन स्किल्स को इंप्रूव करना चाहते हैं तो आपको कोई दूसरों भी बात को भी बहुत ही ध्यान से सुनना होगा। इससे आप उसकी बातों को अच्छे से समझ सकेंगे। शुरुआत में बात करते समय आपसे कुछ गलतियां भी हो सकती हैं, लेकिन जब आप डेली प्रैक्टिस करते रहेंगे तो गलतियां कम होंगी और आप सही से कम्युनिकेशन कर सकेंगे। इसीलिए किसी भी बात को अच्छे से सुनिए फिर बोलना सीखिए।

## सामने वाले को समझें

अगर आप किसी से कम्युनिकेशन कर रहे है, तो आपको उसकी बातों को अच्छे से समझने के साथ उसे भी समझना होगा कि वो आपसे क्या कहना चाहता है। तभी आप उसके साथ कम्युनिकेशन कर पाएंगे। इसलिए पहले सामने वाले पर्सन की बातों को अच्छे से समझें कि वो क्या कहना चाहता है, कैसा एक्सप्रेशन दे रहा है और उसको अच्छे से समझने के बाद आप अपना जवाब दें।

## सही शब्दों का प्रयोग करें

किसी से बात करते समय आपको सही शब्दों का यूज करना चाहिए। इसके लिए डेली नये शब्दों को सीखें और उन्हें लोगों से बात करते समय यूज करें। स्टार्टिंग में आपको लोगों से बात करते समय अपनी आवाज को स्लो रखना है और सही शब्दों को बोलना है, बहुत बार ऐसा होता है कि जल्दी-जल्दी में लोग कम्युनिकेशन करते समय गलत शब्दों का प्रयोग कर जाते हैं, आपको धीरे बोलना है और अपने शब्दों को स्पष्ट बोलना है। जिससे सामने वाला व्यक्ति आपकी बात को अच्छे से समझ सके।



## रोज प्रैक्टिस करें

अगर आप दिल से अपनी कम्युनिकेशन स्किल को इम्प्रूव करना चाहते हैं, तो आपको डेली प्रैक्टिस करनी होगी। आपको डेली कम्युनिकेशन के कुछ वर्ड्स याद करने होंगे और इन याद किये गये वर्ड्स को हफ्ते में 2 बार दोहराना होगा। क्योंकि अगर आप एक बार पढ़ने के बाद इन्हें दोबारा देखेंगे नहीं तो भूल जायेंगे। रोज थोड़ा टाइम अपनी कम्युनिकेशन पर दीजिए, डेली कुछ नये वर्ड्स सीखिए। इससे आपकी कम्युनिकेशन स्किल बेहतर होगी।

## प्वॉइंट टू प्वॉइंट बात करें

चाहे आपका फ्रेंड हो या कोई अन्य व्यक्ति, किसी से भी बात करते समय ध्यान रखें कि आपको प्वॉइंट टू प्वॉइंट बात करना है। किसी से बात करना होता है तो आपको बिना डरे खुल कर बात करना चाहिए। अगर आप इधर उधर की बात करेंगे तो जिस प्वाइंट पर आप बात करना चाहते हैं, उसपर नहीं कर पाएंगे। साथ ही सामने वाला व्यक्ति भी कंफ्यूज रहेगा।

## आई कांटेक्ट रखें

यह ध्यान रखें कि आप जब भी किसी से बात करें तो सामने वाले से आई कांटेक्ट बनाये रखें। इससे हमारी सिंसेरिटी और इंटरेस्ट दिखाई देता है और साथ ही हमारे इमोशन्स भी साफ-साफ दिखाई देते हैं। ये हमारी कम्युनिकेशन स्किल्स को भी इफेक्टिव बनती है। वहीं ऐसे बात करते समय आपका कॉन्फिडेंस भी बढ़ता है।

## कॉफिडेंट रहें

किसी से बात करते समय कॉफिडेंट रहना जरूरी होता है। यह तभी हो पाएगा जब आप निडर होंगे, श्योर होंगे और जब आप बाहर की आवाजों पर डिपेंडेंट नहीं होंगे। इसीलिए स्टार्टिंग में जब भी आप किसी से बात करें, तो अपनी गलतियों से डरे नहीं, क्योंकि गलतियां होना एक नार्मल बात है, लेकिन जब धीरे-धीरे आप बोलना सीख लेंगे, आपकी कम्युनिकेशन स्किल्स अच्छी हो जाएगी तो आप पूरे कॉन्फिडेंस के साथ किसी भी फंक्शन में, पार्टी में, मीटिंग्स में या कहीं पर भी बोल सकेंगे।

# भारतीय क्रिकेट टीम आयरलैंड और इंग्लैंड के व्हाइट-बॉल टूर के लिए रवाना, सूर्यवंशी के डेब्यू पर रहेगी नजर



**चेन्नई (एजेंसी)।** श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली भारतीय टीम 26 जून से शुरू होने वाली व्हाइट-बॉल सीरीज के लिए चेन्नई इंटरनेशनल एयरपोर्ट से आयरलैंड और इंग्लैंड के लिए रवाना हो गई है। 'मेन इन ब्लू' को आयरलैंड के खिलाफ दो टी20आई और उसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी20आई और तीन ODI खेलने हैं, जो 26 जून से शुरू होंगे।

इस साल की शुरुआत में टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद आयरलैंड में होने वाले टी20आई मैच भारत के लिए पहली सीरीज होगी। भारत 26 और 28 जून को डबलिन में दो टी20आई खेलेगा। टी20आई टीम की कमान श्रेयस के हाथों में होने से भारत के लिए सबसे छोटे फॉर्मेट में एक नए अध्याय की शुरुआत हो रही है, खासकर इसलिए क्योंकि 2028 में लॉस एंजिल्स ओलंपिक और ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में अगला मेन्स टी20 वर्ल्ड कप होने वाला है।

इस टूरिंग टीम की सबसे खास बात युवा बैटिंग सेंसेशन वैभव सूर्यवंशी हैं, जो 15 साल और 71 दिन की उम्र में भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के लिए चुने जाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने और उन्होंने सचिन तेंदुलकर का 36 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। इस सीजन में इंडियन प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन के बाद अनकैप्ड तेज गेंदबाज प्रिंस यादव को भी पहली बार सीनियर झ20 टीम में बुलाया गया है।

शुरुआत में सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को टीम में चुना गया था, लेकिन बाद में उनकी जगह प्रसिद्ध कृष्णा को शामिल किया गया। मार्च में मेनिस्कस टियर सर्जरी के बाद रिहैब से गुजर रहे सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर हर्षित राणा भी टीम में वापस आ गए हैं, साथ ही लेग-स्पिनर रवि बिश्नोई भी।

आयरलैंड टूर के बाद यही टीम दक्षिण-पश्चिम की ओर एक छोटा टूर करेगी और 1 से 11 जुलाई के बीच इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20आई सीरीज खेलेगी, जिसके बाद 14 से 19 जुलाई तक तीन वनडे खेले जाएंगे। वनडे टीम की कप्तानी शुभमन गिल करेंगे, जबकि श्रेयस उनके डिप्टी होंगे। तीन मैचों की वनडे सीरीज में स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की वापसी होगी, जो IPL 2026 के दौरान लगी हैमस्ट्रिंग चोट के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ हाल ही में हुई वनडे सीरीज में नहीं खेल पाए थे। हालांकि BCCI ने कहा है कि उनका खेलना फिटनेस क्लीयरेंस पर निर्भर करेगा।

# चिरंत विश्वनाथ जापान के मोटेगी में रेस जीतने वाले पहले भारतीय बने





**मुम्बई (एजेंसी)।** भारत के युवा रेसर चिरंत विश्वनाथ ने जापान के मोटेगी रेसट्रैक में जीत के साथ ही एक नया रिकार्ड अपने नाम किया है। इसी के साथ ही वह इस ट्रैक पर जीत हासिल करने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। यह उपलब्धि उन्होंने एफआईएम एशिया रोड रेसिंग चैंपियनशिप के तीसरे दौर के दौरान टीवीएस एशिया वन-मेक चैंपियनशिप कैटेगरी में दर्ज की है।

चिरंत ने टीवीएस अपाचे आरआर 310 से रेस-1 में शानदार प्रदर्शन कर सफलता हासिल की है। आधिकारिक अभ्यास सत्र में सबसे तेज़ लैप्स दर्ज करने के बाद, उन्होंने क्वालिफाइंग में चौथा स्थान हासिल किया। रेस की शुरुआत में ही उन्होंने बढ़त हासिल कर थी। आठ लैप की इस रोमांचक रेस के पांचवें लैप में एक अन्य राइडर से हुई टक्कर के कारण वह पांचवें स्थान पर खिसक गए पर चिरंत ने हार नहीं मानते हुए तेजी से वापसी करते हुए अंतिम लैप में तीन प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ कर अपनी पहली चैंपियनशिप जीती।

रेस-1 की इस आसाधारण जीत के बाद, चिरंत ने रेस-2 में भी अपनी गति बनाए रखी। वह अंतिम लैप तक वह दूसरे स्थान पर थे पर इस बार भी एक टक्कर के कारण वह चौथे स्थान पर खिसक गये। रेस-1 में मिली जीत और रेस-2 में चौथे स्थान पर रहने के कारण चिरंत को चैंपियनशिप स्टैंडिंग में चौथा स्थान हासिल करने में मदद मिली है।

# विराट ने इंग्लैंड दौरे के लिए फिटनेस टेस्ट पास किया



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली फिटनेस टेस्ट में पास हो गये हैं। ऐसे में अब विराट का इंग्लैंड दौरे में एकदिवसीय सीरीज खेलने का रास्ता साफ हो गया है। विराट को टीम में शामिल किया गया था पर उनके खेलने का फैसला फिटनेस जांच पर आधारित था। प्राप्त जानकारी के अनुसार विराट को बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' (सीओई) में फिटनेस जांच में सफल करार दिया गया है। इससे अब विराट एकदिवसीय सीरीज खेल सकेंगे। अब उनका लक्ष्य इस सीरीज में बेहतर प्रदर्शन कर साल 2027 में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप के लिए अपनी दावेदारी पेश करना रहेगा।

वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2026) के फाइनल मुकाबले के दौरान ही चोटिल हो गए थे। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए खेलते हुए उनकी हैमस्ट्रिंग खिंचाव आ गय था। जिससे वह काफी समय तक खेल से दूर रहे थे। इसी चोट के कारण वह हाल ही में घरेलू मैदान पर अफगानिस्तान के खिलाफ खेली गई एकदिवसीय सीरीज से भी बाहर थे। विराट के फिट होने से उनके प्रशंसकों को भी राहत मिली है। अब प्रशंसकों को लंबे इंतजार के बाद विराट को खेलते हुए देखने का अवसर मिलेगा। उन्होंने अंतिम बार चैम्पियंस ट्रॉफी में खेला था।

### एकदिवसीय सीरीज के लिए भारतीय टीम

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, नीतीश कुमार रेड्डी, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, गुरनूर बरार।

# हार्दिक पांड्या मुंबई इंडियंस छोड़ने की तैयारी में, इन दो टीमों से मिला ऑफर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हार्दिक पांड्या मुंबई इंडियंस छोड़ने की तैयारी में हैं और पांच बार की IPL चैंपियन टीम को उनके संभावित ट्रेड के लिए कम से कम दो प्रस्ताव मिले हैं जिसमें एक शाहरुख खान की को-ओन्ड कोलकाता नाइट राइडर्स से और दूसरा राजस्थान रॉयल्स है।

इस मामले की जानकारी रखने वाले IPL के एक सूत्र ने नाम न बताने की शर्त पर PTI को बताया कि KKR के टॉप मैनेजमेंट और मुंबई इंडियंस के मालिकों के बीच खिलाड़ियों के अदला-बदली (स्वैप) को लेकर कई बार बातचीत हुई है। मुंबई इंडियंस में पांड्या की वापसी का सफर उतार-चढ़ाव भरा रहा है और उनकी कप्तानी में टीम सिर्फ एक बार प्ले-ऑफ में जगह बना पाई है।

सूत्र के मुताबिक, 'अजिंक्य रहाणे KKR के लिए हमेशा से एक कामचलाऊ व्यवस्था थे और इस सीजन के बाद उन्हें रिलीज किया जाना तय था। KKR के बड़े अधिकारियों ने पिछले सीजन के आखिर में MI के मालिकों से संपर्क किया था, लेकिन चूंकि रिलायंस की सालाना AGM (आम बैठक) होने वाली थी, इसलिए उस समय IPL ट्रेड उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता नहीं थी।'

सूत्र ने बताया, 'हालांकि, पता चला है कि KKR ने फिर से MI के बड़े अधिकारियों से संपर्क किया है और इस बारे में कुछ दौर की बातचीत भी हुई है।' यह तय है कि अगर पांड्या पूरी तरह से कैश डील या ट्रेड-ऑफ के जरिए KKR में जाते हैं तो उन्हें कप्तानी मिल सकती है क्योंकि इस समय रिंकू सिंह एक सही विकल्प नहीं लग रहे हैं। हालांकि जब पूछा गया कि क्या MI स्टार भारतीय ऑलराउंडर के लिए पूरी तरह से कैश डील चाहती है या ट्रेड-ऑफ, तो सूत्र ने इसकी पुष्टि नहीं की।

IPL ट्रांसफर नियम साफ तौर पर कहते हैं कि कोई खिलाड़ी ट्रेड के संबंध में किसी दूसरी फ्रेंचाइजी के साथ व्यक्तिगत रूप से कोई बातचीत नहीं कर सकता है। नियम के अनुसार बातचीत केवल फ्रेंचाइजी-टू-फ्रेंचाइजी ही हो सकती है, लेकिन यह भी कहा गया है कि खिलाड़ी की सहमति के बिना ट्रेड नहीं हो सकता। अगर खिलाड़ी सहमति नहीं देता है, तो उसे वापस ऑक्शन पूल में भेजना होगा।

MI को मिला दूसरा ऑफर यशस्वी जायसवाल और पांड्या के बीच ट्रेड-ऑफ का बताया जा रहा है, लेकिन यह पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता कि बातचीत किसी एडवांस स्टेज तक पहुंची है या नहीं। हालांकि रॉयल्स असम के स्टार रियान पराग को लंबे समय के कप्तान के तौर पर देख रहे हैं, इसलिए पांड्या के लिए लीडरशिप रोल पाना मुश्किल होगा। अगर पांड्या का ट्रांसफर होता है, तो राजस्थान रॉयल्स की तुलना मेंचयक्र इस समय कहीं ज्यादा बेहतर विकल्प लग रहा है।

# अल्जीरिया को 12 साल में पहली बार विश्व कप में मिली जीत, जोर्डन नॉकआउट की दौड़ से बाहर



सांता क्लारा । दूसरे हॉफ में पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल करके अल्जीरिया ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जोर्डन को 2-1 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट चरण में पहुंचने की उम्मीदें पुख्ता कर लीं। दूसरे हाफ में स्थानापत्र खिलाड़ी नादिर बेनबुआली ने 69वें मिनट में हेडर लगाया जबकि अमीने गोरी ने 82वें मिनट में विजयी गोल दागा। विश्व कप में 2014 के बाद अल्जीरिया की यह पहली जीत है। जोर्डन के लिए पहले हाफ में निजार अल राशदान ने गोल दागा था। अल्जीरिया को पहले मैच में अर्जेंटीना ने 3-0 से हराया था लेकिन दूसरे मैच में ऑस्ट्रिया को हराकर उसने ग्रुप जे में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। जोर्डन लगातार दूसरी हार के साथ नॉकआउट की दौड़ से बाहर हो गया है। उसे पहले मैच में आस्ट्रिया ने 3-1 से हराया था।

# नितीश आयरलैंड दौरे से बाहर हुए, सूर्यांश को मिल सकता है अवसर



मुम्बई । भारतीय टीम को आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले ही करारा झटका लगा है। युवा ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी मांसपेशिया में खिंचाव के कारण आयरलैंड दौरे से बाहर हो गये हैं। नितीश के बाएं पैर की जांघ की मांसपेशियों (क्वाड्रिसेप्स) में चोट आई है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में भी उनका खेलना संदिग्ध है। नितीश ने अफगानिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया था। अनुभवी ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या के बाहर होने से उम्मीद जतायी जा रही थी कि नितीश उनकी कमी पूरी कर देंगे पर अब वह भी बाहर हो गये हैं। जिससे भारतीय टीम की मुश्किलें बढ़ गयी हैं।

अब देखना है कि चयनसमिति किस खिलाड़ी को नितीश की जगह पर अवसर देती है। भारतीय टीम का आयरलैंड दौरान 26 जून से शुरू हो रहा है। इस सीरीज का पहला मुकाबला 26 जून को है, जबकि दूसरा मैच 28 जून को खेला जाएगा। आयरलैंड दौरे के बाद टीम इंडिया इंग्लैंड रवाना होगी, जहां उसे टी20 के साथ ही एकदिवसीय सीरीज भी खेलनी है। अटकलें हैं कि अब आक्रामक ऑलराउंडर सूर्यांश शेडगे को भारतीय टीम में शामिल किया जा सकता हैं हालांकि, बीसीसीआई ने अभी आधिकारिक घोषणा नहीं की है। सूर्यांश हाल में भारत ए टीम के साथ ही श्रीलंका दौरे पर भी गये थे। श्रीलंका ए के खिलाफ सुपर ओवर वाले मैच में सूर्यांश ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 72 रन बनाए थे। वह इंडियन प्रीमियर लीग में अय्यर की कप्तानी वाली पंजाब किंग्स के लिए खेलते हैं। पिछले सत्र में शेडगे ने पंजाब की तरफ से 7 मैच में खेलते हुए 158 रन बनाए थे। गेंदबाजी का उन्हें अवसर नहीं मिला था।घरेलू क्रिकेट में सूर्यांश मुंबई इंडियंस की ओर से खेलते हैं।

# मेसी, एम्बापे और हालैंड के बीच 'गोल्डन' बूट की टक्कर



**फिलाडेल्फिया(एजेंसी)।** लियोनेल मेसी, किलियन एम्बापे और एर्लिंग हालैंड तीनों ने दो-दो गोल किए जिससे वर्ल्ड कप गोल्डन बूट की दौड़ फुटबॉल के तीन सबसे बड़े सितारों के बीच मुकाबले में बदल गई। अपने 39वें जन्मदिन से दो दिन पहले, मेसी ने डलास स्टेडियम में ऑस्ट्रिया के खिलाफ अर्जेंटीना की 2-0 की जीत में दोनों गोल किए, जिससे उनके करियर के वर्ल्ड कप गोल की संख्या रिकॉर्ड 18 हो गई।

अर्जेंटीना के कप्तान अब दो मैचों में पांच गोल के साथ टूर्नामेंट में सबसे ज़्यादा गोल करने वालों की सूची में सबसे आगे हैं। कुछ घंटों बाद फिलाडेल्फिया में, एम्बापे ने भी ऐसा ही किया और दो गोल किए, जिससे फ्रांस ने इराक को 3-0 से हराया, जबकि हाफटाइम के दौरान लगभग दो घंटे तक तूफान के कारण खेल रुका रहा। अपना 100वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे फ्रांस के कप्तान ने तीन टूर्नामेंटों में कुल 16 वर्ल्ड कप गोल कर लिए हैं और पूर्व रिकॉर्ड-धारक मिरोस्लाव क्लोज की बराबरी कर ली है।

न्यूयॉर्क-न्यू जर्सी स्टेडियम में हालैंड ने दो गोल किए और नॉर्वे ने सेनेगल को 3-2 से हराकर राउंड ऑफ 32 में जगह पक्की की। अपने पहले वर्ल्ड कप में खेल रहे 25 वर्षीय खिलाड़ी के नाम अब दो मैचों में चार गोल हैं; वे गोल्डन बूट की दौड़ में एम्बापे के बराबर और मेसी से एक गोल पीछे हैं। हालांकि, इराक पर फ्रांस की जीत के बाद एम्बापे ने मेसी के साथ तुलना को ज़्यादा महत्व नहीं दिया। एम्बापे ने कहा, 'लियो हमेशा गोल करते हैं और हमेशा करते रहेंगे। इसलिए मैं यह नहीं देख रहा कि वह क्या कर रहे हैं। मैं बस अपनी टीम की मदद करने पर ध्यान दे रहा हूं।' फ्रांस के कोच डिडिएर डेसचैम्प्स ने कहा कि उनके कप्तान के पास रिकॉर्ड बुक में नया इतिहास रचने का पूरा मौका है। एम्बापे के पूर्व रिकॉर्ड-धारक मिरोस्लाव क्लोज के 16 वर्ल्ड कप गोल के रिकॉर्ड की बराबरी करने के बाद डेसचैम्प्स ने कहा, 'रिकॉर्ड तोड़े जाने के लिए ही होते हैं।' हालैंड इस दौड़ में एक असली दावेदार के तौर पर उभरे हैं। नॉर्वे ने आखिरी बार 1998 में वर्ल्ड कप में हिस्सा लिया था, जो हालैंड के जन्म से दो साल पहले की बात है, इसलिए यह इस स्ट्राइकर का पहला वर्ल्ड कप अभियान है। अभी और भी मैच खेले जाने बाकी हैं, इसलिए गोल्डन बूट की लड़ाई अभी भी खुली हुई है, जिसमें मेसी, एम्बापे और हालैंड तीनों ही दौड़ में शामिल हैं।

# टीम इंडिया की जर्सी देखकर भावुक हुए वैभव



मुम्बई । 15 साल के उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी भारतीय टीम की जर्सी देखकर भावुक हो गये। वैभव को आयरलैंड दौरे के लिए भारतीय टी20 टीम में शामिल किया गया है। बीसीसीआई ने टीम के मंगलवार को आयरलैंड दौरे के लिए रवाना होने से पहले का एक वीडियो जारी किया है। इसमें वैभव को राष्ट्रीय टीम की जर्सी प्राप्त करते हुए देखा गया। इसे देखकर वह खुशी से उछल पड़े और उनके आंसू निकल गये। वैभव अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करते 3 नंबर की जर्सी पहनकर मैदान पर उतरेंगे। किट बॉक्स खोलते ही वैभव ने सबसे पहले अपनी जर्सी देखी। इस पल को बयां करते हुए उनकी आंखें भर आईं और उन्होंने कहा, 'मेरे पास इसके बारे में बताने के लिए शब्द नहीं हैं। जिस चीज के लिए मैंने बचपन से बल्ला थामा था, आज मेरा वो सपना पूरा हुआ। आज सब कुछ सच हो गया। टी-शर्ट देखते ही मैं इतना खुश हो गया कि मेरे लिए ये सपने का सच होने जैसा था। मैं उस समय प्रतिक्रिया भी नहीं दे पा रहा था।' यह दृश्य बताता है कि एक खिलाड़ी के लिए देश का प्रतिनिधित्व करने का क्या महत्व होता है, और कैसे यह पल कई वर्ष की कड़ी मेहनत और समर्पण का फल होता है। आयरलैंड के खिलाफ भारतीय टीम दो टी20 मैच खेलेगी। इसमें वैभव पहली बार भारतीय टीम की ओर से खेलते हुए दिखेंगे। यह उनके करियर का एक बड़ा पड़ाव है। बीसीसीआई ने वैभव की कम उम्र को देखते हुए उनके माता-पिता को भी इस दौरे पर उनके साथ जाने की अनुमति दी है। उनके पिता पहले ही आयरलैंड पहुंच गये हैं। भारत और आयरलैंड के बीच पहला टी20 मैच 26 जून को खेला जाएगा, जबकि दूसरा मुकाबला 28 जून को होगा। यह सीरीज युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी क्षमता साबित करने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगी।

# मिताली का सुझाव: हरमनप्रीत नंबर चार पर, जेमिमा नंबर पांच पर खेलें



**मैनचेस्टर (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज ने टीम के बल्लेबाजी क्रम में बदलाव का सुझाव दिया है। मिताली का मानना है कि कप्तान हरमनप्रीत कौर को नंबर चार पर बल्लेबाजी करनी चाहिए, जबकि जेमिमा रोड्रिग्स को नंबर पांच पर उतारा जाना चाहिए। मिताली ने ये बात दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली हार को देखते हुए कही है। इससे सेमीफाइनल में पहुंचने की भारतीय टीम की उम्मीदों को झटका लगा है, क्योंकि अब उन्हें अपने शेष सभी मैच जीतने होंगे।

मिताली ने कहा कि अब भारतीय टीक को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए ऑस्ट्रेलिया को हराने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यह मैच भारत के जीतने लायक था, लेकिन अब आगे का रास्ता मुश्किल है। बल्लेबाजी क्रम पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा, हमने हरमनप्रीत को नंबर 5 पर इतनी देर से बल्लेबाजी करते हुए बहुत कम देखा है। इसलिए, शायद वह नंबर चार पर और जेमिमा नंबर पांच पर आ सकती हैं।

उन्होंने जेमिमा को नंबर पांच पर भेजने को लेकर कहा, जेमिमा पहले भी नंबर पांच पर खेल चुकी हैं और वहां उन्होंने काफी रन बनाए हैं। जब वह बल्लेबाजी के लिए आएंगी, तो संभावना है कि उन्हें स्पिनरों का सामना करना पड़े, जो उनकी ताकत है। वह अपने पैरों का इस्तेमाल कर सकती हैं और स्कूप और स्वीप शॉट अच्छे से खेलती हैं। मिताली का मानना है कि इस बदलाव से जेमिमा का आत्मविश्वास बढ़ सकता है, वह लय में वापस आ सकती हैं और वह मोमेंटम दोबारा हासिल कर सकती हैं, खासकर अगर हरमनप्रीत उनसे पहले बल्लेबाजी करें।

मिताली ने बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरानी की अनुशासित गेंदबाजी को इस मैच में भारत के लिए सबसे सकारात्मक पहलू बताया। चरानी ने एक ही ओवर में दो विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका को दबाव में ला दिय था। और बाद में एक और महत्वपूर्ण विकेट हासिल कर अपना शानदार स्पेल समाप्त किया। पूर्व कप्तान ने चरानी की तारीफ करते हुए कहा, श्री चरानी जल्दी सीखने वाली खिलाड़ी हैं। उन्होंने इंग्लिश कंडीशंस में डेब्यू किया था, इसलिए उन्हें वहां के हालात की अच्छी जानकारी है। उन्होंने बताया कि पिच से ज्यादा टर्न न मिलने के बावजूद, चरानी ने लगातार स्टंप्स पर अटैक किया, पेस और लेंथ में बदलाव किए, और अपनी पसंद के हिसाब से फील्ड सेट की। चरानी के दो बड़े विकेट ने भारत को खेल में वापस ला दिया था, और दूसरे स्पेल में भी उनकी लाइन बहुत सटीक थी।

# सैमसन ने धोनी की तुलना फेडरर और विराट की अल्कारेज से की



मुम्बई । भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन पर आजकल विंबलडन टेनिस का रंग चढ़ा हुआ है। इसी को देखते हुए सैमसन ने भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की प्रशंसा करते हुए उनकी तुलना स्विटजरलैंड के महान टेनिस स्टार रोजर फेडरर से की है। सैमसन ने जहां धोनी की तुलना टेनिस के महान खिलाड़ी रोजर फेडरर से जबकि विराट कोहली के आक्रामक अंदाज की तुलना स्पेन के कार्लोस अल्कारेज से की है। सैमसन ने कहा, क्रिकेट के रोजर फेडरर धोनी ही हो सकते हैं। जिस प्रकार से फेडरर शांत अंदाज में खेलते हैं। उसी प्रकार से धोनी भी अपने काम को बहुत शांत और संयमित तरीके से करते हैं। वहीं दूसरी ओर अल्कारेज बहुत आक्रामक अंदाज में खेलते हैं। जिस प्राकर से विराट कोहली खेलते हैं। इसलिए संजू ने विराट की तुलना अल्कारेज से की है। सैमसन टी20 विश्वकप में भारतीय टीम की जीत के बाद से ही छाये हुए हैं। उन्होंने इसके बाद आईपीएल में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया था। अब उनकी नजरें इंग्लैंड दौरे पर हैं। सैमसन ने टी20 महिला विश्वकप में भारतीय टीम के अच्छे प्रदर्शन की भी तारीफ की है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से महिला टीम ने एकदिवसीय विश्वकप जीता उसी प्रकार वह टी20 खिताब भी जीतेगी।

# मेसी के शानदार प्रदर्शन से अर्जेंटीना ने ऑस्ट्रिया को 2-0 से हराकर नॉकआउट में जगह बनायी




**डलास (एजेंसी)।** कप्तान लियोनल मेसी के शानदार प्रदर्शन से मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना ने ऑस्ट्रिया को 2-0 से हराकर लगातार छठी बार विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट चरण में प्रवेश किया है। इस धमाकेदार जीत के दौरान ही मेसी ने विश्व कप इतिहास में सबसे अधिक गोल करने का नया रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है।

मेसी ने हाफ-टाइम से ठीक पहले गोल करने के साथ ही ही अपना 17वां गोल कर जर्मनी के दिग्गज मिरोस्लाव क्लोस को पीछे छोड़ा। इसके साथ ही, वह जस्ट फोंटेन और जाइरजिन्हो के बाद लगातार 6 विश्व कप मैचों में गोल करने वाले दुनिया के तीसरे खिलाड़ी भी बन गए है।

दूसरे हाफ में ऑस्ट्रिया ने बराबरी के लिए काफी प्रयास किये पर अर्जेंटीना के डिफेंडरों ने उसे कोई अवसर नहीं दिया। मैच के अंतिम क्षणों में मेसी ने एक और गोल कर टूर्नामेंट का अपना 5वां और विश्व कप करियर का 18वां गोल दागा।

इस मैच में सिर्फ मेसी के साथ ही अर्जेंटीना की पूरी टीम का प्रदर्शन अच्छा रहा। ऑस्ट्रिया ने मेसी को घेरने की मजबूत रणनीति बनाई थी, लेकिन टीम ने एकजुट होकर इसका सामना किया। क्रिस्टियन रोमेरो ने घुटने की समस्या के कारण मैदान छोड़ने से पहले डिफेंस को मजबूती दी, जिसके बाद निकोलस ओटामेंडी ने कमान संभाली। रोड्रिगो डी पॉल, एलेक्सिस मैक एलिस्टर और एंज़ो फर्नांडीज ने मिडफील्ड को पूरी तरह नियंत्रित रखा, जिससे अर्जेंटीना की लय बनी रही। दो मैचों में दो जीत और 6 अंकों के साथ ही अर्जेंटीना का मनोबल बढ़ा हुआ है और टीम अब 27 जून को ग्रुप जे के अपने अंतिम मैच में जॉर्डन से मुकाबले के लिए उतरेगी।

# हमने तमिल लोगों के दिलों में जगह बनाने कितना संघर्ष किया...अब यहां पर हैं

## -तमिलनाडु के सीएम विजय ने विधानसभा में आलोचकों को दिया करारा जवाब



**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री जोसेफ विजय ने उन आलोचकों को करारा जवाब दिया है जिन्होंने उनकी तमिलगा वेट्री कझगम (टीवीके) को एक्टर की पार्टी कहा है। मंगलवार सुबह विधानसभा में दिए भाषण में उन्होंने अप्रैल-मई के चुनावों में टीवीके की सफलता की ओर इशारा करते हुए आलोचकों को याद दिलाया कि उनकी पार्टी कितनी सफल रही है। अपने दमदार भाषण में उन्होंने कई मुद्दों पर बात की। केंद्र सरकार का गैर-हिंदी भाषी राज्यों पर हिंदी थोपना और नीट को खत्म करने की मांग। उन्होंने टीवीके की राजनीतिक ताकत और अपनी प्रशासनिक समझ पर शक करने वालों और आलोचना करने वालों को आड़े हाथों लिया।

विजय ने विधानसभा को याद दिलाया कि उनकी पार्टी ने साजिशों और पाबंदियों का सामना किया है और न तो पार्टी और न ही उनका खुद का इरादा कभी खत्म होने का है। उन्होंने कहा कि हमें आसानी से सत्ता नहीं मिली। सिर्फ हम ही जानते हैं कि तमिल लोगों के दिलों में जगह बनाने के लिए हमने कितना संघर्ष किया। कुछ लोग ऐसा दिखावा करते हैं जैसे वे समझते नहीं हैं और हमारी आलोचना करते हैं, कहते हैं वह तो बस एक एक्टर की पार्टी है।

सीएम विजय ने कहा कि हम ऐसी आलोचनाओं की परवाह नहीं करते। हमारी राजनीति साफ़-सुथरी है। हमें 35 फीसदी वोट मिले। कुछ लोग कहते हैं कि हम बहुत आसानी से सत्ता में आ गए... लेकिन हमने साजिशों और पाबंदियों का सामना किया। हमने हर चीज़ का सामना किया...और आज हम यहां पर हैं। अभी लंबा सफ़र तय करना है। नीट जो देश में मेडिकल कोर्स में एडमिशन के लिए एक ही क्वालिफाइंग परीक्षा है इस पर चल रहे विवाद पर विजय ने कहा कि यह सिस्टम असमानता पैदा करता है और उन्होंने इसे खत्म करने की मांग की।

पिछले कुछ सालों में नीट परीक्षा विवादों का केंद्र रही है, जिसमें परीक्षा के दबाव के कारण छात्रों की आत्महत्या से लेकर प्रश्न पत्रों के लीक होने तक की घटनाएं शामिल हैं, जिन्होंने देश में चिकित्सा शिक्षा की विश्वसनीयता को धूमिल किया है। तमिलनाडु ने बार-बार परीक्षा रद्द करने और 12वीं कक्षा के अंकों के आधार पर सीटें आवंटित करने की मांग की है और हिंदी को थोपने के मुद्दे पर दक्षिणी राज्य में एक संवेदनशील मुद्दा है और जिस पर अतीत में हिंसक दंगे भी हुए हैं। नए सीएम विजय ने जोर देकर कहा कि मौजूदा दो-भाषा नीति, यानी तमिल और अंग्रेजी पर्याप्त है।

## ढोल-नगाड़ों के साथ खुले बाबा महाकाल के कपाट, त्रिशूल, त्रिपुण्ड से हुआ श्रृंगार



उज्जैन (एजेंसी)। श्री महाकालेश्वर मंदिर में मंगलवार को बाबा महाकाल की भस्म आरती की गई। इस दौरान बाबा महाकाल के दरबार में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। भक्तों ने देर रात से ही लाइन में लगकर बाबा महाकाल के दर्शन किए। मंगलवार तड़के भगवान वीरभद्र की आज्ञा लेने के बाद ढोल-नगाड़ों के साथ बाबा महाकाल के कपाट खोले गए। महाकाल मंदिर के पट खुलने के साथ ही मंत्रोच्चार के बीच भगवान महाकाल का जलाभिषेक कर दूध, दही, घी, शक्कर और फलों के रस से बने पंचामृत से अभिषेक किया गया। भगवान महाकाल का रजत चंद्र, त्रिशूल, त्रिपुण्ड और ड्रायफ्रूट से राजा स्वरूप में श्रृंगार किया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल की भस्म आरती के दर्शन किए। पहले महाकाल को शमशान की राख अर्पित की जाती थी लेकिन अब विशेष रूप से कपिला गाय के गोबर और औषधीय जड़ी-बूटियों से तैयार भस्म का इस्तेमाल होता है। भस्म आरती के दौरान पुरुषों के लिए पारंपरिक धोती-सोला और महिलाओं के लिए साड़ी पहनना जरुरी है। बाबा महाकाल की आरती देखने बड़ी हस्तियां भी आती हैं। इस दौरान मंदिर के आसपास व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़े पैमाने पर पुलिसकर्मियों की तैनाती रहती है।

## 10 साल की मासूम से रेप, हत्या

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में गुब्बारे बेचने वाली 10 साल की बच्ची की रेप के बाद हत्या कर दी गई। सोमवार की सुबह फुटपाथ पर सो रही बच्ची का टैक्सी ड्राइवर ने किडनैप किया था। इसके बाद उसने उसका रेप किया और हत्या कर लाश महरौली के जंगलों में फेंक दी थी। सोमवार की सुबह करीब 6 बजे परिवार ने पीसीआर कॉल के जरिए महरौली थाने में बच्ची की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और ह्यूमन इंटेलिजेंस की मदद से चार घंटे में ही बबलू नाम के टैक्सी ड्राइवर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर बच्ची का शव बरामद कर लिया है। शव पोस्टमॉर्टम के लिए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

## ममता बनर्जी की शिकायत पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने दिया आदेश

### -भवानीपुर के ईवीएम-वीवीपैट सुरक्षित रखे जाएं, जरूरत पडऩे पर जांच होगी

कोलकाता (एजेंसी)। कलकत्ता हाईकोर्ट ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की भवानीपुर विधानसभा सीट के रिजल्ट में गड़बड़ी के आरोपों पर सुनवाई की। कोर्ट ने मतगणना से जुड़े सभी अहम साक्ष्य सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि ईवीएम-वीवीपैट, सीसीटीवी फुटेज और अन्य संबंधित रिकॉर्ड संरक्षित रखे जाएं। जरूरत पडऩे पर उनकी जांच होगी। जस्टिस गौरांग कांत ने मतगणना केंद्र रहे शेखावाटी मेमोरियल स्कूल के अंदर और बाहर लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज सुरक्षित रखने का भी आदेश दिया। अदालत ने मामले में सभी संबंधित पक्षों को शामिल करने के निर्देश भी दिए हैं। इसके तहत मुख्यमंत्री शुभेंदु उनके सलाहकार सुभ्रत गुप्ता और सुनील अग्रवाल को पक्षकार बनाने का आदेश दिया गया है। भवानीपुर सीट पर शुभेंदु अधिकारी ने पूर्व सीएम ममता बनर्जी को 15,105 वोटों से हराया था।

## ईरान जंग में इजराइल-अमेरिका से ज्यादा भारतीय मरे

### -अमेरिका के 13, इजराइल के 24 तो भारत के 25 लोग मारे गए

नई दिल्ली (एजेंसी)। ईरान युद्ध में इजराइल और अमेरिका से ज्यादा भारतीय नागरिक मारे जा चुके हैं। वो भी तब, जब भारत इस जंग में किसी भी तरह से शामिल नहीं है। सोमवार (22 जून) को कतर के रास लाफान पर हमले में 12 भारतीयों की मौत हो गई, जिसके बाद युद्ध की चपेट में आने से मरने वाले भारतीयों की संख्या 25 पर पहुंच गई है। वहीं इस युद्ध में अमेरिका के 13 तो इजराइल के 24 नागरिक मारे गए हैं। युद्ध में इजराइल के हमले से सबसे ज्यादा लेबनान के 4 हजार और ईरान के 3600 लोग मारे गए हैं। 28 फरवरी को जंग की शुरुआत हुई थी। इस जंग में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई से लेकर इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख मोहम्मद पाकपूर और ईरान सर्वोच्च सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारिजानी तक की हत्या हो चुकी है। कतर के रास लाफान के अलावा भारत के 6 नागरिक होर्मुज में मारे गए। इनमें 3 नागरिकों की मौत अमेरिकी हमले में हो गई। भारत ने इसको लेकर अमेरिका के खिलाफ कड़ी नाराजगी जाहिर की थी। खुद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री को फोन कर इस पर प्रतिरोध जताया था। इसके अलावा कतर में ही पिछले दिनों एक हमले में एक भारतीय की मौत हो गई थी। एक भारतीय की मौत कुवैत में ईरान के हमले के दौरान हो गई थी। यूएई में भी भारतीय मारे जा चुके हैं। यानी कुल मिलाकर ईरान जंग में अब तक 25 भारतीयों की मौत हो चुकी है।



## अलका याग्निक समेत 65 हस्तियों को राष्ट्रपति मुर्मू ने किया अलंकृत

### -शिबू सोरेन को मरणोपरांत पद्म भूषण, ममूटी और विजय अमृतराज भी हुए सम्मानित



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित 'सिविल इन्वेस्टिचर सेरेमनी-2' में वर्ष 2026 के लिए 65 विशिष्ट हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किए। सम्मानित होने वालों में झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक और पूर्व केंद्रीय मंत्री शिबू सोरेन, प्रसिद्ध गायिका अलका याग्निक, अभिनेता ममूटी और पूर्व टेनिस खिलाड़ी विजय अमृतराज प्रमुख रहे।

राष्ट्रपति भवन के भव्य दरबार हॉल में आयोजित समारोह में उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई केंद्रीय मंत्री और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली हस्तियों को देश के प्रतिष्ठित नागरिक सम्मानों से नवाजा गया। इस दूसरे नागरिक सम्मान समारोह में राष्ट्रपति ने कुल 65 पद्म पुरस्कार प्रदान किए, जिनमें दो पद्म विभूषण, सात पद्म भूषण और 56 पद्म श्री शामिल हैं। इससे पहले मई में आयोजित पहले समारोह में भी 65 लोगों को पद्म सम्मान दिए गए थे।

पूर्व केंद्रीय मंत्री और झारखंड के वरिष्ठ आदिवासी नेता शिबू सोरेन को मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। उनकी पत्नी रूपी सोरेन ने राष्ट्रपति से यह सम्मान ग्रहण किया। वहीं, लोकप्रिय पार्श्व गायिका अलका याग्निक को भी उनके संगीत क्षेत्र में योगदान के लिए पद्म सम्मान प्रदान किया गया।

राष्ट्रपति मुर्मू ने पी. नारायणन और सेवानिवृत्त न्यायाधीश के. टी. थॉमस को क्रमशः साहित्य एवं शिक्षा तथा जनसेवा के क्षेत्र में पद्म विभूषण से सम्मानित किया। इसके अलावा पश्चिम बंगाल के प्रोफेसर महेंद्र नाथ रॉय को विज्ञान एवं इंजीनियरिंग के क्षेत्र में पद्मश्री प्रदान किया गया।

समारोह की एक विशेषता यह भी रही कि विदेशी नागरिकों को भी उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अमेरिका के चिकित्सक डॉ. दत्तात्रेयुडु नोरी को पद्म भूषण दिया गया, जबकि रूस की ल्यूडमिला खोखलोवा को साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित किया गया। जॉर्जिया के व्लादिमीर मेस्तविरीश्विली को मरणोपरांत खेल क्षेत्र में पद्मश्री प्रदान किया गया।

देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल पद्म पुरस्कार कला, साहित्य, विज्ञान, चिकित्सा, शिक्षा, खेल, समाज सेवा और जनसेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान के लिए दिए जाते हैं। इन पुरस्कारों की घोषणा प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की जाती है।

# महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ी हलचल, एकनाथ शिंदे की विपक्ष को चेतावनी- 'अभी और भी झटके लगेंगे'



**मुंबई(एजेंसी)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शिवसेना (उबाठा) के लोकसभा सांसदों के टूटने के बाद विधानसभा में दिखी फूट को लेकर मंगलवार को मखौल उड़ाते हुए कहा कि विपक्षी सदस्य 'जोर का झटका' लगने की वजह से अपना 'मानसिक संतुलन' खो बैठे हैं और उन्हें 'और भी झटके' लगने वाले हैं। विधानसभा में आदित्य ठाकरे नीत शिवसेना (उबाठा) और अन्य विपक्षी दलों के विधायकों ने मंत्रियों द्वारा दूसरे विभागों से जुड़े सवालों का जवाब दिये जाने पर आपत्ति जताई और सदन से बहिर्गमन किया, जिसके बाद शिंदे की यह तीखी प्रतिक्रिया आई है।


विपक्ष ने मॉनसून सत्र के दौरान विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर द्वारा कुछ विभागों की जिम्मेदारी कुछ मंत्रियों को सौंपने पर आपत्ति जताई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के सदस्य जयंत पाटिल ने विधानसभा अध्यक्ष से फैसला वापस लेने की मांग की, जबकि आदित्य ठाकरे ने कहा कि सदन में उठाए गए मुद्दों का जवाब केवल संबंधित विभाग के राज्य मंत्री ही दे सकते हैं। कांग्रेस के नितिन राउत (कांग्रेस) ने कहा कि ऐसी व्यवस्था पहले कभी नहीं देखी गई थी। शिंदे ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि विपक्ष के पास अब कोई मुद्दा नहीं बचा है और वह कार्यवाही में रचनात्मक रूप से भाग लेने के बजाय उसमें बाधा डाल रहा है।

उप मुख्यमंत्री और शिवसेना अध्यक्ष शिंदे ने कहा, ''सवालों के जवाब देने और 'ध्यानाकर्षण प्रस्तावों'' के लिए मंत्रियों को नियुक्त करने से यह सुनिश्चित हुआ कि सदस्यों को ज्यादा जानकारी मिले। सदन में मौजूद रहना और सदस्यों के सवालों का जवाब देना सरकार की सामूहिक जिम्मेदारी है।'' उन्होंने कहा,'' मैं खुद सदन में आता हूं और मुख्यमंत्री भी खुद आकर जवाब देते हैं। इसलिए, यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।''

शिवसेना नेता ने विरोध कर रहे सदस्यों पर तंज कसते हुए कहा, ''जो भी जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूरा किया जाना चाहिए। आप बस कुछ भी बोलते नहीं रह सकते, बेकार की बातें करके सदन का समय बर्बाद नहीं कर सकते।'' विपक्षी खेमे की खाली कुर्सियों की ओर इशारा करते हुए शिंदे ने कहा कि उन्हें (विपक्ष को) पता नहीं है कि उनके साथ क्या हो रहा है। उन्होंने संभवतः शिवसेना (उबाठा) के छह बागी सांसदों के बुधवार को पाला बदलकर शिवसेना में शामिल होने का संदर्भ देते हुए कहा, ''कल उन्हें ज़ोर का झटका लगा। उनका मानसिक संतुलन बिगड़ गया है और उन्हें आगे और भी झटके लगने वाले हैं।

## चार राज्यों में वांटेड कुख्यात सतपाल उर्फ सत्तू यूपी के मुजफ्फरनगर में ढेर

मुजफ्फरनगर (एजेंसी)। देश के चार राज्यों में वांटेड कुख्यात सतपाल उर्फ सत्तू उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में एनकाउंटर में मारा गया। पुलिस अब उसके माफिया डॉन छोटा राजन गैंग से ताल्लुकात होने की जांच में जुटी है। सत्तू को चार राज्यों पंजाब, यूपी, चंडीगढ़ और दिल्ली पुलिस तलाश कर रही थी। यूपी के मुजफ्फरनगर में कुख्यात बदमाश सतपाल उर्फ सत्तू के साथ सोमवार देर रात सिविल लाइन थाना पुलिस और एसओजी टीम की मुठभेड़ हो गई, इसी दौरान वो मारा गया। पहले पुलिस को सूचना मिली थी कि 19 जून को एक नाबालिग युवती का अपहरण कर ले जाने वाला बदमाश क्षेत्र में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। इसी को लेकर पुलिस सघन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान रुड़की रोड पर बामनहेड़ी में जब संदिग्ध वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस ने उसकी कार को रुकने का इशारा किया। इसी दौरान खुद को घिरता देख कार सवार बदमाश ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया। इस पर पुलिस ने घेराबंदी करते हुए जब आत्मरक्षा में ज़वाबी फायरिंग की। इसी पुलिस मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से वो घायल हो गया। इस मुठभेड़ में इस बदमाश की गोली से एक सब इंस्पेक्टर अजय गौड़ और सिपाही अंकित भी घायल हो गए। इसके बाद पुलिस ने घायल बदमाश और दोनों पुलिस कर्मियों को उपचार के लिए तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से घायल बदमाश की हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टर ने उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। इसमें इलाज के दौरान घायल हुए बदमाश सतपाल उर्फ सत्तू ने मंगलवार दोपहर डेढ़ बजे दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार, मृतक बदमाश सतपाल उर्फ सत्तू चंडीगढ़ का रहने वाला था। उस पर मुजफ्फरनगर पुलिस ने भी उस पर घोषित कर रखा था। इस शातिर बदमाश सतपाल उर्फ सत्तू की गिरफ्तारी के लिए मुजफ्फरनगर एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने 10 टीमों को लगाया था। इस दौरान 1000 सीसीटीवी कैमरे खंगालने के बाद ये जानकारी जुटाई थी कि ये शातिर बदमाश एक बड़ा क्रिमिनल है, जो पूर्व में 15 साल जेल में बिता चुका है और फरवरी 2026 में ये शातिर लुधियाना जेल से फरार हुआ था।




नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशंनस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**